खबरों के 50 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें : jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

सतना, सोमवार 31 मार्च 2025 | वर्ष –40 | अंक –34 पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.



द्वितीय दिवस मां ब्रम्हचारिणी



ईद मुबारक


■ मोदी की नागपुर यात्रा .. ■ क्या तमिलनाडु में ... 04
■ अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के ग्रीनलैण्ड दौरे पर... ■ क्या 12 साल तक राष्ट्रपति रह सकते हैं ट्रंप ... 09
■ उड़द दाल की खेती कैसे करें ? ■ कैसे की जाती है बैगन की खेती ?... 11
■ स्टार्क के पंजे से... ■ मुंबई इंडिया की .. 10


### आईपीएल में आज

मुंबई विरूद्ध कोलकाता
गोहाटी
7.30 बजे से

### दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है : राज्यपाल

# उपलब्धियां विद्यार्थियों के ज्ञान और विद्या के साथ उनका उत्तरदायित्व भी बढ़ाती हैं : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ।



स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई।

### मुख्यमंत्री को दी गई डी-लिट की मानद उपाधि

राज्यपाल ने कहा कि दीक्षान्त समारोह में कहा कि दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है। जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज उज्जैन का गौरव दिवस भी है। विक्रम विश्व विद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य के

### विक्रम विश्वविद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जाना जाएगा

नाम से जाना जाएगा। माधव विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में शीघ्र ही विशाल सभागार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई है, वे अपनी प्रतिभा का उपयोग अभीष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए करें। समाज-सेवा और राष्ट्र की सेवा करें। भविष्य कि अपार संभावनाएं आपका इंतजार कर रही हैं। हमारे शोधार्थी विश्व पटल पर अपने शहर, राज्य और देश का नाम लेकर जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जयिनी के >>शेष पृष्ठ 2 पर

# आरएसएस अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट : मोदी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इसके स्वयंसेवकों को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। ये अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को हमारे राष्ट्र की चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि जहां भी सेवा कार्य किया जा रहा है, वहां स्वयंसेवक हैं।

आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ये दिन बहुत विशेष है। आज से नवरात्रि का पवित्र पर्व शुरू हो रहा है। देश के अलग अलग कोनों में आज गुड़ी पड़वा, उगादी और नवरेह त्योहार भी मनाया जा रहा है। आज भगवान झूलेलाल जी और गुरु अंगद देव जी का अवतरण दिवस भी है। ये हमारे प्रेरणापुंज परम पूज्यनीय डॉ साहब की जयंती का भी अवसर है। इसी साल



### संघ मुख्यालय पहुंचकर हेडगेवार-गोलवलकर को दी श्रद्धांजलि

आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्मृति मंदिर का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी ने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने यहां आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए।

### सार संक्षेप

## मणिपुर, नगालैंड व अरुणाचल में अफस्पा बढ़ाया गया

### अगले 6 महीनों के लिए प्रभावी रहेगा

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को मणिपुर के पूरे क्षेत्र में लागू कर दिया है, हालांकि 13 पुलिस थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तीरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा को अगले छह महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं नगालैंड में भी अफस्पा का विस्तार किया गया है। इसे आठ जिलों और राज्य के अन्य पांच जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया है। यह विस्तार अगले छह महीनों के लिए प्रभावी रहेगा।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पांच जिलों के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर में 1 अप्रैल 2025 से अगले छह माह तक, यदि इस घोषणा को इससे पहले वापस न लिया जाए, 'अशांत क्षेत्र' के रूप में घोषित किया जाता था।

**इन इलाकों में अफस्पा लागू नहीं होगा–** मणिपुर के जिन पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में अफस्पा लागू नहीं किया गया है। उनमें इंफाल, लाम्फाल, सिटी, सिंगजामी, पाटसोई, वांगोई, पोरोम्पट, हिंगांग, इरिलबुंग, थौबल, बिष्णुपु, नाम्बोल और काकचिंग शामिल हैं।

## म्यांमार में भूकंप के बाद मृतकों की संख्या 1,700 हुई

**यांगून।** म्यांमार में आए भूकंप में लगभग 1,700 लोग मारे गए, 3,400 घायल हुए तथा 300 लोग लापता हैं। देश की राज्य प्रशासन परिषद ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने शनिवार को म्यांमार सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुये कहा कि म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके बंगलादेश, भारत, लाओस, चीन और थाईलैंड में महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने दिन में पहले बताया कि भूकंप से भूमिगत तेल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### विराट कलाम

**चूहा-सुनती हो**-यातायात पुलिस ने सागर में बैलगाड़ी का ई चालान काट दिया है।
**चुहिया- हां प्रिये**-चालान काटना भी शासन की कमाई का एक जरिया बन गया है। फिर टारगेट पूरा करने के लिये गाड़ी हो या बैलगाड़ी। चालान तो कटना ही हैं।

# प्रदेश की बिजली दरों में बढ़ोतरी, आयोग ने 3.46 प्रतिशत वृद्धि को दी मंजूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में गर्मी के मौसम में आम जनता को बिजली का बड़ा झटका लगा है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। हालांकि, स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को दिन में बिजली खपत पर 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी।

राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नया टैरिफ ऑर्डर जारी किया है, जो जल्द ही लागू होगा। बिजली कंपनी ने 7.52 फीसदी की बढ़ोतरी की मांग की थी, लेकिन आयोग ने केवल 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। नए दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। इसके अलावा, सभी लो प्रेशर और हाई प्रेशर मौसम वाले उपभोक्ताओं के लिए राहत देते हुए न्यूनतम प्रभार को समाप्त कर दिया गया है। नई बिजली दरें अप्रैल से लागू हो जाएंगी, और मई महीने से उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई



दरों के साथ बिल मिलेगा। 50 यूनिट तक बिजली जलाने वाले उपभोक्ताओं को 18 पैसे प्रति यूनिट ज्यादा चुकाने होंगे, वहीं 150 यूनिट तक खपत करने पर 26 पैसे प्रति यूनिट महंगी बिजली का बिल आएगा।

**37 लाख कृषि उपभोक्ताओं को मिल रहा है सब्सिडी का लाभ–** नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर >>शेष पृष्ठ 2 पर

### 100 रुपये पर 24 रुपये बढ़ेंगे दाम

*घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये तक बढ़ाये गये हैं, परंतु इन उपभोक्ताओं को अटल ग्रह ज्योति योजना के तहत पहले की तरह मात्र 100 रुपये का ही भुगतान करना है. बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में भुगतान की जाएगी. गैर घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य सभी निम्न-दाब उपभोक्ता श्रेणी की न्यूनतम दर बिलिंग (टैरिफ मिनिमम बिलिंग) पहले ही समाप्त की जा चुकी है.*

### स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को 20 फीसदी की छूट

*स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को दिन के समय बिजली की खपत पर 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी, और इन उपभोक्ताओं को मीटरिंग प्रभार भी नहीं देना होगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है, लेकिन अटल गृह ज्योति योजना के तहत उन्हें पहले की तरह 100 रुपये ही चुकाने होंगे। बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार सब्सिडी के रूप में भुगतान करेगी।*

### 'गांधी के बहाने' पुस्तक पर चर्चा में वक्ताओं ने कहा-

# गांधी के विचारों को भुलाया नहीं जा सकता

**भोपाल, देशबन्धु।** महात्मा गांधी ने भारतीय मूल्यों के साथ-साथ विश्व की हर विचाारधारा से मानवीय मूल्यों को आत्मसात कर उन्हे अपना विचार दिया था। उनके विचार इतने प्रासांगिक है कि उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन आज गांधीजी के बारे जो भ्रम फैलाया जा रहा है , उसकी सच्चाई जानने के लिए पराग मांदले द्वारा लिखी गई पुस्तक गांधी के बहाने काफ़ी उपयोगी होगी। यह विचार गांधी के विचारों को जानने और समझमने वाले प्रबुद्धजनों ने व्यक्त किए। मौका था युवा कथाकार पराग मांदले की पुस्तक पर चर्चा का।

प्रख्यात पत्रकार, लेखक व चिंतक मायाराम सुरजन की 102 वीं जंयती के अवसर पर आयोजित पुस्तक चर्चा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान, इलाहबाद विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो. संतोष भदौरिया थे, जबकि अध्यक्षता समाज चिंतक एवं पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक सुश्री अनुराधा शंकर ने की। इस अवसर पर वक्ता के रुप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं अध्यक्ष सर्वोदय मंडल संतोष कुमार द्विवेदी व लेखक तथा गांधीवादी विचारक अरुण डनायक उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्ष सुश्री अनुराधा शंकर ने कहा कि जिस प्रकार बुद्ध के विचारों को समाप्त नहीं किया जा सका, उसी तरह गांधी के विचारों को भी नहीं भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज भी गांधी के विचार न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर व्याप्त है। उन्होंने कहा कि गांधी के कार्य समाज को दिशा देकर उन्नति की और ले जाने वाले थे। इसका एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि गांधीजी ने चरखे के



माध्यम से महिलाओं को स्वतंत्र और आर्थिक रुप से सक्षम बनाया था। चूंकि महिलाओं द्वारा काता जाने वाला सूत वे ही खादी केन्द्रों तक लेकर जाती थी और उसका भुगतान उन्हें ही मिलता था। उन्होंने श्री मांदले द्वारा लिखी पुस्तक को उपयोगी बातते हुए कहा कि इसके द्वारा युवाओं तक गांधी के विचार पहुचेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संतोष भदौरिया ने कहा कि गांधी आचरण की राजनीति करते थे। अर्थात वे जो कहते थे, वहीं करते थे। वे स्वदेशी और स्वराज्य की बात करते थे तो अपने जीवन में भी उसका पालन करते थे। लेकिन आज गांधी जी को खलनायक बनाने की जो कोशिशें को रही है, ऐसे में श्री मांदले की पुस्तक 'गांधी के बहाने' उन कोशिशों को नाकाम करने में सहायक होगी।

वरिष्ठ लेखक एवं गांधी विचारक अरुण डनायक ने कहा कि गांधी पर बोलना और >>शेष पृष्ठ 2 पर

# कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे, 1 मृत, 8 घायल

### कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास हादसा हुआ

**भुवनेश्वर, (एजेंसियां)।** ओडिशा में कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि आठ यात्री घायल हुए हैं। ट्रेन के पटरी से उतरने के मामले में जिलाधिकारी (डीएम) दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा, 'घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, 8 लोग घायल हैं। जिन घायलों को रेफर करने की जरूरत थी और उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**बेंगलुरु से असम जा रही थी ट्रेन–** ट्रेन संख्या 12251 बेंगलुरु से असम के गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जा रही थी। दुर्घटना के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है।

**तीन ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया–** इस हादसे के बाद नीलाचल एक्सप्रेस, धौली एक्सप्रेस, पुरुलिया एक्सप्रेस का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी रहा। मेडिकल टीम, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड कर्मचारी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे रहे। रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं ताकि प्रभावित यात्रियों को



किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त हो सकें। भुवनेश्वर के लिए **हेल्पलाइन नंबर 8455885999** और कटक के लिए **हेल्पलाइन नंबर 8991124238** उपलब्ध हैं।

## हिमाचल में गाड़ियों पर गिरा पेड़, छह की मौत

हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में नव संवत के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिर गया। पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं।







### अंधेरगर्दी — ऐसे चल रही यातायात पुलिस की कार्रवाई

# बैलगाड़ी का कटा ई-चालान!

**सागर, देशबन्धु।** सागर जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर लोग हैरान हैं। यहां एक बैलगाड़ी का ई-चालान काट दिया गया और मजे की बात यह है कि यह चालान किसी गाड़ी मालिक के पास पहुंच गया। अब लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर बैलगाड़ी का नंबर कहां से आया और उसका पता कैसे ढूंढा गया? पुलिस के जवाब ने तो सभी को चौंका दिया। सागर जिले में कलेक्टर के आदेश पर स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम द्वारा रोजाना 1000 से अधिक ई-चालान किए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया में कई गलतियां हो रही हैं, जिससे आम जनता परेशान हो रही है। इसी लापरवाही का शिकार हुआ यह मामला, जिसमें एक बैलगाड़ी का चालान काट दिया गया। यह चालान मथुरा प्रसाद पटेल के नाम पर भेजा गया था। जब उन्हें अदालत से नोटिस मिला तो उनके होश उड़ गए।

**बैलगाड़ी का नंबर और पता कैसे मिला?**

चालान में अपराध के कॉलम में '2 बैलगाड़ी चालक' लिखा गया था। सवाल यह उठता है कि बैलगाड़ी पर नंबर प्लेट कहां लगी थी और उसका पता किस तरह से ट्रेस किया गया? मजे की बात यह है कि सागर शहर में एक भी बैलगाड़ी नहीं है,



फिर भी यह चालान जारी कर दिया गया। अब लोग सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं।

**चालान कटने के वक्त मालिक था कुंभ स्नान पर**

मथुरा प्रसाद पटेल का कहना है कि जिस तारीख को चालान काटा गया, उस समय वे अपने परिवार के साथ कुंभ स्नान के लिए गए हुए थे। जब उन्होंने इस मामले में शिकायत की, तो उन्हें कहा गया कि चालान निरस्त कर दिया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद उन्हें लगातार जुर्माना भरने के फोन आ रहे हैं।

# एक अप्रैल से संपदा 2.0 पर ही होगी ई रजिस्ट्री

- **कल से बंद हो जायेगा 1.0 ई-रजिस्ट्री पोर्टल संपदा**
- **खसरा नंबर डालते ही मिल जाता है भूमि का रिकार्ड**

**रीवा देशबन्धु।** प्रदेश शासन के आई जी पंजीयन के आदेशानुसार नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ, 1 अप्रैल से ई-रजिस्ट्री पोर्टल संपदा 1.0 बंद कर दिया जायेगा। अब संपदा 2.0 में ही ई-रजिस्ट्री होगी। लहाजा अब संपत्तियों की रजिस्ट्री और दस्तावेजों का पंजीयन संपदा 2.0 पोर्टल के माध्यम से ही होगा। इसका फायदा यह है कि खसरा नंबर डालते ही भूमि का सारा रिकार्ड मिल जाता है।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 में संपदा 2.0 का परीक्षण प्रदेश के चार जिलों में शुरू हुआ था। करीब 6 माह तक चले परीक्षण के बाद इसे 10 अक्टूबर 2024 को प्रदेशभर में लागू कर दिया गया था। अभी तक यह दोनों पोर्टल चल रहे थे। लेकिन 1 अप्रैल 2025 से संपदा 1.0 को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। यानी 1 अप्रैल से प्रापर्टी की रजिस्ट्री और दस्तावेजों का पंजीयन संपदा 2.0 के माध्यम से ही किया जायेगा।

***इसलिये किया गया बंद***

पुराने पोर्टल में जमीन की रजिस्ट्री के लिए खसरा, भू-अधिकार, ऋण पुस्तिका, पुरानी रजिस्ट्री, निकाय की रसीद और विभाग की सर्टिफाइड कॉपी स्कैन करके अपलोड करनी होती थी। सर्च रिपोर्ट निकालने में नक्शा नहीं होने पर नजीरी नक्शा बनवाना पड़ता था। तीन एंगल से फोटो लगानी होती थी, जिसमें एंगल ठीक न होने पर लोकेशन बदलने की आशंका रहती थी। रजिस्ट्री की हार्ड कॉपी मिलने में भी देरी होती थी। यही वजह है कि अब इसे बंद कर संपदा 2.0 को लागू किया जा रहा है।




### संपदा 2.0 में यह है खास

-**खसरा** नंबर डालते ही संपत्ति का पूरा रिकॉर्ड स्वतः उपलब्ध हो जाता है, जिससे सर्च रिपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ती।

-**मोबाइल** ऐप से ली गई जियो टैग्ड तस्वीरें लोकेशन की सटीकता सुनिश्चित करती हैं।

-**रजिस्ट्री** की कॉपी पीडीएफ में तुरंत ई-मेल, वॉट्सएप पर भेजी जाती है।

-20+**विभागों** के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटीग्रेशन से सभी संपत्तियों के लिए यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर और यूनिक आईडी जनरेट की गई है।

***नये पोर्टल की रफ्तारी धीमी***

संपदा 2.0 अक्टूबर 2024 से प्रदेश के सभी जिलों में चल रहा है। बताया गया है कि इसकी रफ्तार काफी धीमी है, जिसकी वजह से रजिस्ट्री होने में समय लगता है। जानकार बताते हैं कि सर्वर में लोड बढ़ने के कारण यह स्थिति निर्मित है। हालांकि आने वाले समय में व्यवस्था बेहतर हो जायेगी।

## नितेश दाहिया बने प्रखंड मंत्री



**रीवा।** विश्व हिंदू परिषद की एक दिवसीय जिला बैठक रीवा में 27 मार्च 2025 को संपन्न हुई। यह बैठक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यों की समीक्षा और भावी योजनाओं पर चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक थी। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उमेश माधव मिश्रा प्रांत मंत्री जी का मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं को मिला, लाल बहादुर सिंह जी क्षेत्रीय अधिकारी,मनीष मिश्रा विभाग मंत्री, अवधेश सिंह विभाग संगठन मंत्री। सुनील सिंह जिला अध्यक्ष। दिव्यांशु गौतम जिला मंत्री की उपस्थित में बैठक संपन्न हुई एवं संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत स्वरूप चर्चाएं हुई, वही संगठन के कार्यों को गति देने हेतु कुछ नवीन घोषणाएं भी की गई जिनमें से नितेश कुमार दाहिया को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री सिरमौर बनाया गया, वही अवनीश सिंह को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष सिरमौर की जिम्मेदारी सौंप गई।

*जिले भर में मनाया गया विक्रम संवत नववर्ष*

# पचमठा धाम में ध्वज वंदन के साथ नववर्ष के प्रथम दिवस का हुआ स्वागत

**रीवा देशबन्धु।** विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिवस जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया। पचमठा धाम रीवा में विक्रम नववर्ष के प्रथम दिवस पर ध्वज वंदन किया गया तथा मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाटिका का मंचन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि यह दिन सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का दिवस है। इस गौरवपूर्ण दिन को हम सबको पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाते हुए अपनी प्राचीन संस्कृति व विरासत से जुड़ना होगा। हमारी पुरातन काल की वेधशाला की गणना आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति भी से भी आगे है। विक्रम संवत की शुरूआत 57 ई.पूर्व हुई थी। यह भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण काल गणना तंत्र बन गया। जो आज भी प्रचलित है। इसी के आधार पर हमारे धार्मिक व सामाजिक अनुष्ठान किए जाते हैं।

सांसद मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्य प्रारंभ हुए हैं। योग और आयुर्वेद को संपूर्ण विश्व में मान्यता मिली है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ध्वजा लहरा रही है। कार्यक्रम में नाट्यदल द्वारा अनुष्ठानिक रीति से ध्वज वंदन किया गया। ब्राम्हध्वज प्रमुख मंदिरों व शासकीय भवनों में स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के संस्कृति सलाहकार एवं निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ श्रीराम तिवारी के विक्रम संवत शुरू होने के इतिहास से संबंधित जानकारी का वाचन किया गया। नाट्य दल के सदस्यों का इस अवसर पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवड़े, पार्षद मुन्ना खान, पूर्व पार्षद सतीश सिंह, नाट्यदल के निदेशक विपुल सिंह, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, संयुक्त संचालक शिक्षा केपी तिवारी, डीईओ सुदामालाल गुप्ता, प्राचार्य वरूणेन्द्र प्रताप सिंह, अरूण मिश्रा, सहायक संचालक राजेश मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में संभ्रांतजन व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने किया।

## सार-समाचार

### उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं




**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद का पर्व त्याग, सेवा और भाईचारे का प्रतीक है। यह त्योहार हमें समाज में एकता और सौहार्द्र को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उपवास और इबादत के इस पवित्र महीने के बाद ईद का त्योहार सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाए, ऐसी कामना है।

### गाथा श्रीराम मंदिर की कार्यक्रम हुआ स्थगित, अब होगा तीन को

**रीवा देशबन्धु।** नगर की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक संस्था माँ सेवा समिति द्वारा 03 अप्रैल 2025(गुरूवार) को सांयकाल 6.00 बजे से स्थानीय पद्मधर पार्क रीवा में गाथा श्रीराम मंदिर की कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था आयोजन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी थीं, आमंत्रण पत्रों का वितरण भी हो चुका था किन्तु उक्त कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता मोहित सेवानी का स्टेज शो के दौरान पैर फिसल जाने से घायल हो गये। उनके पैर तथा बैक बोन (रीड की हड्डी) में चोट आ जाने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें एक माह तक बेड-रेस्ट की सलाह दी है जिस कारण से उक्त कार्यक्रम श्री मोहित सेवानी की सहमति से माँ सेवा सेवा समिति द्वारा स्थगित कर दिया गया है।

### कल प्रवेशोत्सव का शुभारंभ करेंगे गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह



**गुढ़/देशबन्धु।** पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ के नवीन सत्र 2025 का प्रवेशोत्सव कल 01 अप्रैल मंगलवार को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। उक्त अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह करेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी पी एम श्री स्कूल के प्राचार्य डॉ विनय कुमार मिश्र ने देते हुए बताया कि प्रवेश संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है उक्त अवसर पर शासकीय कन्या हाईस्कूल गुढ़ के छात्राएं और प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ, अभिभावक गण और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रहेगी।

### प्रधानमंत्री की मन की बात का उप मुख्यमंत्री ने श्रवण किया

**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का रीवा से जबलपुर मार्ग में यात्रा के दौरान का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहता है।

# चेट्रीचंड के अवसर पर हुआ भंडारा प्रसाद वितरण

**रीवा देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि हिन्दू नववर्ष एवं श्री झूलेलाल जयंती चेटीचॅड्र के अवसर पर स्वागत भवन के पास स्थित हेमूकालानी चौक में सिन्धु यूथ विंग द्वारा 30 मार्च को प्रातः 11 बजे भण्डारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता जी ने भगवान श्री झूलेलाल जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं आरती पूजन कर भण्डारे का शुभारंभ किया त्पश्चात् भण्डारा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें शहर के हजारों दीन-दुखियों, जरूरतमंदों तथा आमजनमानस ने भण्डारा प्रसाद ग्रहण किया।




इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता जी ने उपस्थित गणमान्य नागरिको को हिन्दू नववर्ष एवं चेटीचॅड्र की शुभकामना देते हुए कहा कि सिन्धु यूथ विंग द्वारा समय समय पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा दीन-दुखियों के सहायतार्थ सेवा कार्य किये जातें है इसके लिए सिन्धु यूथ विंग के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण धन्यवाद के पात्र है। समाज के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह ने उपस्थित जनसमुदाय को हिन्दू नववर्ष एवं श्री झूलेलाल जयंती की शुभकामना देते हुए कहा कि सिन्धु यूथ विग का कार्य समाज के युवा वर्ग के लिए अनुकरणीय है तथा मैं इनके कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूँ। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह, सन्तूलाल आहूजा, घनश्यामदास काकवानी, कन्हैयालाल मंगलानी, परसराम कोटवानी, महेश ठारवानी, प्रकाश तारानी, कोहरीमल कोटवानी, सुशील कुंगवानी, कैलाश कोटवानी, पुरण खुशीलनी सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य,पत्रकार एवं छायाकारबन्धु तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पुस्तक मेले में तय दर पर मिलेंगी किताबें और गणवेश

**रीवा।** नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से आरंभ हो रहा है। जिले में संचालित सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को निर्धारित दर पर किताबें और गणवेश उपलब्ध कराने के लिए पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में डीईओ सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि पूर्व में पुस्तक मेला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक तीन परिसर में दो एवं तीन अप्रैल को आयोजित होना था। गर्मी एवं छात्रों व अभिभावकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अब पुस्तक मेला चार व पाँच अप्रैल को मानस भवन में आयोजित होगा।

## सूर्य उपासना कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



*विक्रम नववर्ष पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पचमठा धाम में पूजा-अर्चना की*

**रीवा देशबन्धु।** विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिन आज उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विक्रम नववर्ष पर पचमठा धाम पहुंचकर आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित शिव मंदिर में पूजन-अर्चन कर भगवान आशुतोष का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल सूर्य उपासना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्म व अध्यात्म हमारी सबसे बड़ी ताकत है। माँ भगवती की आराधना के नौ दिन हमें सही दिशा में काम करने की ताकत देते हैं। माँ की कृपा सभी पर रहे और हम सब जन कल्याण के लिए तत्पर रहें। उन्होंने राम दरबार को माँ बीहर के तट पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि राम दरबार के सदस्य नई चेतना के उदय का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी सहित राम दरबार के सदस्य उपस्थित रहे।

## कन्या पूजन एवं रक्तदान कर मनाया गया समाजसेवी अविराज का जन्मदिन




**रीवा देशबन्धु।** शहर के सक्रिय समाजसेवी अविराज जो की युवाओं व आम जन में काफी लोकप्रिय हैं आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्र में जन हितैषी कार्यक्रम आयोजित किए गए है गोवर्धनम फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में संगठन के कई युवाओं ने समाजसेवी अविराज के जन्म दिवस पर रक्तदान कर मनाया युवाओं ने कहा रक्तदान से कई लोगो की जान बचती है आज हम संगठन के संरक्षक अविराज जी के जन्म दिवस पर हम युवा रक्त दान कर उनका जन्म दिन मना रहे हैं इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी आश्रम इंदिरा नगर में विशेष रूप में कन्या पूजन एवं कन्या भोज कर जन्म दिन मनाया गया उपस्थित अतिथियों ने कहा इस प्रकार से जन्म दिन से मनाना बहुत ही बेहतर है जिससे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित हुए इस अवसर पर बीके नम्रता, डा सरोज सोनी, अभिषेक सिंह गहरवार, जावेद खान सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।


# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर व जल संरक्षण पर संवाद कार्यक्रम

**रीवा देशबन्धु।** आज मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित ग्राम पंचायत सोनोरा में वृहद स्वास्थ्य शिविर पंचायत भवन प्रांगण में लगाया गया जिसमें 345 मरीजों में को निशुल्क परामर्श दवाई एवं जांच आये गए चिकित्सको के द्वारा किया गया।




स्वास्थ्य शिविर में ज्यादातर महिलाएं व बुजुर्गों ने लाभ उठाया समाजसेवी चंद्रशेखर पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराने का मुख्य उद्देश्य ग्राम व आस पास निवास करने वाले लोगो को स्वास्थ्य परीक्षण कराना जो किसी कारण वश अपना इलाज व परीक्षण नहीं कराते व धीरे धीरे गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाते है इसमे ज्यादातर महिलाएं व बड़े बुजुर्ग होते है जो संकोच वश बीमारी को नहीं बताते व उसका सही इलाज सही चिकित्सक से नहीं कराते ऐसे लोगो को गाँव मे ही रीवा के जाने माने चिकित्सको को बुलाकर परामर्श करा कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है साथ ही कार्यक्रम के अंत मे जल संरक्षण पर एक संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश शासन द्वारा आज से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में ग्रामीण जनो को बताया गया व वर्षा के जल को संरक्षित करने व जल का दुरुपयोग नहीं करने का संकल्प उपस्थित जनो को कराया गया। आज के शिविर में मुख्य रूप से डॉ उमेश प्रताप सिंह मेडिसीन विभाग ,डॉ जयपाल सिंह दंत चिकित्सक , डॉ प्रतिभा सिंह स्किन केयर विशेषज्ञ उपस्थित रहे व ग्रामवासियों को अपनी नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक सुषमा शुक्ला, व अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपँच विनीता पटेल ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय मीडिया प्रभारी योगेंद्र शुक्ल ,युवा एकता कल्याण संघ के अध्यक्ष राजराखन पटेल, ग्राम विकास फ्रस्फुटन समिति सोनौरा के अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, उप सरपँच सुभाष पटेल, पँचलाल रजक, सचिव चक्रपाणि सिंह,रोजगार सहायक नितेश सिंह, समाजसेवी वीरेंद्र पटेल सहित ग्राम के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# वैश्य महासम्मेलन ने वैश्य दिवस पर निकाली भव्य वाहन रैली



**रीवा देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन के द्वारा आज वैश्य दिवस के उपलक्ष्य पर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसमें वैश्य समाज के सभी घटक के लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ रीवा के वैश्य समाज की धरोहर बैजू धर्मशाला से प्रारंभ हुई जिसका संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन के द्वारा झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया वाहन रैली बैजू धर्मशाला से प्रारंभ होकर वेंकट चौराहा स्टैचू चौराहा प्रकाश चौराहा शिल्पी प्लाजा होते हुए अग्रसेन चौक पहुंचकर मन कामेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर एवं प्रसाद वितरण करने के उपरांत वैश्य महासम्मेलन के लोगों के द्वारा अपने-अपने विचार रखें जिसमें प्रमुख रूप से संभागीय अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन अतुल जैन के द्वारा सभी वैश्य घटकों को नव वर्ष और वैश्य दिवस की शुभकामनाएं दिये और उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए सभी वैश्य घटक दलों के लोगों को कहा कि आप सब यह संकल्प ले हम सब एक हो और वैश्य सम्मेलन से जुड़कर वैश्य समाज के लोगों की सेवा करें संभागीय अध्यक्ष महिला इकाई श्रीमती गायत्री गुप्ता के द्वारा अपने उद्बोधन में सभी को नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं दिया और सभी मातृ शक्तियों से आह्वान किया। आज वैश्य दिवस पर वैश्य के सभी घटकों द्वारा एक दूसरे को वैश्य दिवस की बधाई देते हुए वाहन रैली निकालकर समाज में जागरूकता लाने का संदेश देते हैं महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती नीलम चौरसिया ने भी सभी वैश्य बंधुओ को शुभकामनाएं दिया और कहा कि महिलाओं को हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और सभी को संगठित होना चाहिए वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई रीवा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आए हुए सभी वैश्य बंधु को नववर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं वैश्य दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित किया श्री गुप्ता ने कहा कि विशाल वाहन रैली निकालने से समाज में नई चेतना का संचार होता है एवं सामाजिक कार्य करने से नई ऊर्जा का संचार होता है कार्यक्रम के अंत में विशाल वाहन रैली के कार्यक्रम प्रभारी संजय गुप्ता ने सभी आए हुए वैश्य घटकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वैश्य महासम्मेलन के जो भी कार्यक्रम होते हैं आप सभी लोग बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाएं जिससे समाज मजबूत और संगठित रहे कार्यक्रम मेंराजेंद्र ताम्रकार द्यद्बष डॉ विकास श्रीवास्तव बंसी लाल साहू प्रतिभा ताम्रकार रश्मि पुरवार संजीव गुप्ता श्री कृष्ण गुप्ता अतुल अग्रवाल सुरेश बिश्नोई प्रकाश गुप्ता केसरिया राकेश गुप्ता हिमांशु गुप्ता अनिल साहू सत्यम सर विनोद गुप्ता महेंद्र गुप्ता रमाकांत पुरवार ओम प्रकाश गुप्ता अनिल केसरवानी मनीष गहाई अशोक गुप्ता एडवोकेट प्रताप गुप्ता संतोष ताम्रकार कन्हैया गुप्ता गीता पुरवार मनोज गुप्ता दिनेश गुप्ता आदि वैश्य घटक के सैकड़ो लोग वाहन रैली में भाग लिया।



# जल गंगा संवर्धन अभियान का जिले में हुआ शुभारंभ

**रीवा देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार जिले में भी 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का आज जिले के विभिन्न स्थानों में शुभारंभ हुआ। जल संरक्षण के कार्यों में जन प्रतिनिधियों व आमजनों ने मिलकर अपनी सहभागिता निभाई। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में समारोह पूर्वक जल संरक्षण के कार्यों का शुभारंभ हुआ। गंगेव जनपद अंतर्गत तिवनी में आयोजित जल संरक्षण के कार्य में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने ग्रामीणजनों के साथ श्रमदान किया। इसी प्रकार रामसगरा तालाब गंगेव में भी जल संरक्षण के लिए कार्य की शुरूआत की गई। रायपुर कर्चुलियान के तालाब के समीप जल संरक्षण कार्य एवं सिरमौर के शाहपुर ग्राम पंचायत में रताई तालाब में तथा त्योंथर के दुआरी तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ हुए। गुढ़ तहसील के अंतर्गत हर्दी नम्बर एक गांव में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने जल संवर्धन कार्यों में अपनी सहभागिता निभाई। मऊगंज जिले में भी जल संवर्धन के कार्य हुए आरंभ - जल गंगा अभियान के तहत मऊगंज जिले के सलैया रूस्तम ग्राम पंचायत में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने जल संरक्षण कार्यों का शुभारंभ किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत छुहिया, डिहिया पड़ान के बेला तालाब तथा फूलकरण सिंह में भी जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ किए गए।



### नाम हुआ सुधार

**मैं संतोष कुमार सोनकर पिता स्व. श्री मोलई प्रसाद सोनकर, ग्राम केचुहा, पो. कोनियाकला, तह. जवा जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूं। मेरे सभी मूल दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, अंकसूची, वोटर आई डी कार्ड में संतोष कुमार खटिक पिता श्री मोलई प्रसाद खटिक के स्थान पर संतोष कुमार सोनकर पिता स्व. श्री मोलई प्रसाद सोनकर हो गया है। मुझे इसी नाम से ही जाना, समझा, लिखा व पढ़ा जाये।**

**संतोष कुमार सोनकर**
पिता स्व. श्री मोलई प्रसाद सोनकर

देशबन्धु

सतना, सोमवार 31 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## मोदी की नागपुर यात्रा संतुलन की कवायद

अपने प्रधानमंत्रित्व काल के तकरीबन 11 वर्षों के दौरान भारतीय जनता पार्टी को नरेन्द्र मोदी ने इतना मजबूत बना दिया है कि उसके अध्यक्ष जेपी नड्डा को यह कहने में न तो संकोच हुआ और न ही डर लगा कि 'अब भाजपा इतनी शक्तिशाली हो चुकी है कि उसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ज़रूरत नहीं रह गयी है'। देश ने अब तक भाजपा के दो ही प्रधानमंत्री देखे हैं- मोदी के अलावा अटल बिहारी वाजपेयी। तीन बार पीएम का पद सम्हालने वाले वाजपेयी का कार्यकाल हालांकि एक ही बार पूर्णकालिक रहा था (पहले दो बार क्रमश: 13 दिन व 13 माह का)। अटल बिहारी वाजपेयी 2007 में गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लेने के दौरान संघ मुख्यालय गए थे, लेकिन तब वह प्रधानमंत्री के पद पर नहीं थे। बतौर प्रधानमंत्री मोदी ने भी 2014 से अब तक यहां आने की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। 11 सालों बाद 2025 में अब कहीं जाकर मोदी ने रविवार को यहां का दौरा किया। वे भवन में स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर भी गये जहां संघ के संस्थापक हेडगेवार तथा दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक हैं। इससे पहले मोदी 2013 में यहां आये थे, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संघ के पदाधिकारी तथा प्रवक्ता इसे 'गैर राजनीतिक यात्रा' बता रहे हैं, लेकिन संघ से वाकई बड़े हो चुके मोदी के यहां आने का मकसद,वह भी इतनी देर से, ढूंढ़ा जा रहा है।

पहली बात यह कही जाती है कि नड्डा के उपरोक्त उल्लेखित बयान के कारण भाजपा तथा संघ के बीच रिश्तों में आई दरार को पाटने मोदी यहां आये थे। इतना ही नहीं, यह भी कयास लगाया जा रहा है कि अगले साल बिहार में होने जा रहे चुनाव पर भी चर्चा हुई होगी। कोई कह सकता है कि इस दौरान जब मोदी ने लोकसभा के तीन और न जाने कितने राज्यों के विधानसभा चुनाव जीत लिये तो अब बिहार का चुनाव जीतने हेतु उन्हें संघ प्रमुख से चर्चा करने के लिये क्योंकर आने की आवश्यकता महसूस हुई होगी। बिहार के बारे में पिछले कुछ समय से भाजपा तथा संघ गम्भीर हैं। वह इस मायने में कि प्रदेश की भाजपा इकाई ने यह कहकर बिहार जीतने की मंशा जाहिर की है कि, 'पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब यहां भाजपा का मुख्यमंत्री बने।' हाल ही में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बिहार का पांच दिवसीय दौरा किया था। इन सारी बातों को जोड़कर भी देखा जा रहा है। वैसे नड्डा की बात में दम तो है कि संघ के बिना भाजपा को चुनाव जीतना आता है। वे दिन गये कि संघ के असंख्य कार्यकर्ता वर्तमान भाजपा और पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के प्रत्याशियों के लिये चुनावी श्रम करते थे। अब भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर नहीं वरन केन्द्रीय जांच एजेंसियों- सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर आदि के जरिये विपक्ष को खत्म कर, ऑपरेशन लोटस, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, ईवीएम, इलेक्टोरल बॉन्ड्स से इकट्ठी धन राशि, समर्थक मीडिया, आईटी सेल आदि के बल पर चुनाव जीतती है।

वैसे तो जब सक्रिय राजनीति में शामिल या सत्ता में बैठे लोग आरएसएस से दूरी बनाकर रखते हैं, तो यह संघ के उस विमर्श को बढ़ाने में मददगार साबित होता है जिसमें कहा जाता है कि 'संघ एक सांस्कृतिक संगठन है' तथा 'उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।' हालांकि संघ व भाजपा के अंतर्संबंधों का पर्याप्त खुलासा हो चुका है तथा अब इस बात को बाहरी ही नहीं, खुद दोनों संगठनों के लोग नहीं मानेंगे।

बहरहाल, संघ कार्यालय में उन्होंने अपने 34 मिनट के भाषण में संघ की स्वाभाविकत: भरपूर तारीफ की। उसे 'वटवृक्ष' बताया तथा कहा कि 'संघ उनके जैसे लाखों लोगों को देश के लिये जीने की प्रेरणा है।' फरवरी में मुम्बई में हुए भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए तथा हाल ही में प्रसिद्ध अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ हुई चर्चा में भी मोदी ने संघ की प्रशंसा की थी तथा अपने जीवन पर संगठन के पड़े प्रभाव को बतलाया था। अपने भाषण में मोदी ने देश में हुई विभिन्न त्रासदियों में संघ कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ितों की मदद पहुंचाने का ज़िक्र भी किया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कोरोना काल में जब लाखों देशवासी ऑक्सीजन, दवाओं तथा बिस्तरों के अभाव में मर रहे थे, उस दौरान अथवा इसी साल जनवरी-फरवरी में प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुम्भ के दौरान हुई भगदड़ों से प्रभावित लोगों की संघ ने क्या सेवा की। हालांकि अब यह सर्वज्ञात है कि संघ की भूमिका व योगदान सिफर ही था। हां, इस दौरान वे हिन्दू-मुस्लिम खाई चौड़ी करने में पहले की तरह ही सक्रिय थे।

अपनी नागपुर यात्रा के दौरान पीएम ने दीक्षाभूमि के दर्शन भी किये। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर ने 1956 में अपने लाखों अनुयायियों को बौद्ध धर्म में प्रविष्ट कराया था। वह एक ऐतिहासिक घटना तो है लेकिन मोदी का वहां जाना मार्के की बात है, क्योंकि संघ का अंबेडकर, उनके संविधान, खासकर आरक्षण के कारण प्रबल बैर रहा है- वह भी आरम्भ से ही। हालिया दौर में संविधान का मुद्दा भारतीय राजनीति के केन्द्र में आ गया है। 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटें चाहती थी ताकि संविधान बदला जाये। जब इसी मुद्दे ने भाजपा को अल्पमत में ला दिया व दूसरे दलों की मदद से उसे सरकार बनानी पड़ी, तो मोदी व भाजपा को खुद को संविधान का रक्षक साबित करना ज़रूरी हो गया है। इसी विमर्श ने मोदी को दीक्षाभूमि में ला खड़ा किया। सिर्फ संघ कार्यालय या केवल दीक्षाभूमि जाते तो दोनों ही स्थितियों में उन्हें अड़चन होती। उनकी नागपुर यात्रा संतुलन बनाने की कवायद है।

# गुझिया भी सिवंइयां भी : देश की तरक्की की दुआएं भी!

अभी तीन दिन पहले अलविदा का जुमा- था, रमजान का आखिरी जुमा उस दिन भी लिखा था कि टीवी वालों को मस्जिदों से लाइव टेलिकास्ट करके पूरे देश को बताना चाहिए कि मुस्लिम क्या करते हैं? क्या दुआएं मांगते हैं?

क्या देश की तरक्की, सबकी खुशियां, हिन्दू-मुसलमान हर धर्म के लोगों की भलाई की प्रार्थनाएं हर मस्जिद से नहीं होती हैं?


नहीं बताया। गोदी मीडिया को यह आदेश नहीं है। वह गुलामी के सबसे खराब दिनों से गुजर रहा है। प्यार, मोहब्बत, भाईचारे को आंखों से देखकर भी वह उसके बारे में बता नहीं सकता। एक बड़े टीवी चेनल के मालिक उसके प्रमुख एंकर हैं तो पत्रकार भी कहते हैं खुद को वे दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम की इफ्तार की दावत में गए। बहुत खुश होकर शाही इमाम की तारीफ की। मुसलमानों ने उनका कैसा स्वागत किया यह बताया। मगर अपने टीवी पर प्रेम, भाइचारे की कितनी खबरें चलाईं, कितनी डिबेट कीं पता नहीं।

टीवी देखने की अब हिम्मत नहीं है, अख़बार ही नहीं पढ़े जाते! गोदी मीडिया ने घृणा कहीं और फैलाने की कोशिश की थी मगर वह सबसे ज्यादा खुद उसके खिलाफ फैल गई। जैसे घृणित चीज से आदमी दूर रहता है वैसे ही इनके टीवी और अखबारों से रहने लगा। मगर मुसलमान का प्यार सम्मान वैसा ही रहा। रोजा इफ्तार में आपने देखा ही कि बुलाया और पूरा सम्मान दिया।

कोई भी धर्म जाति ऐसे नहीं बदल जाती। कोई क्या कह रहा है, क्या कर रहा है उससे आप खुद को नीचे नहीं गिरा लेते। देश में न हिन्दू नफरती हुआ है और न मुसलमान।

संभल के उस पुलिस के सीओ के मालूम नहीं कि गुझिया मुसलमान कितनी खाता है और कितनी खिलाता है। हमारे यहां जितनी सिवंइयां खिलाई जाती हैं। उससे ज्यादा गुझिया। हम तो बहुत जगह रहे हैं अपने गृह राज्य मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान जयपुर, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, एनसीआर। बहुत सारे दोस्त हैं। सबको मालूम है कि होली, दीवाली, दशहरा और दशहरा तो हमारे गृह नगर दतिया मध्य प्रदेश में हमारे दादा साहब (और उनसे पहले इनके वालिद, पूर्वजों) की तलवार के वार के बिना मनता नहीं था। दूर-दूर से लोग रियासत दतिया का दशहरा देखने आते थे। शहर के सबसे बड़े मैदान सुरय्यन में दतिया महाराज गोविन्द सिंह जू देव कई दिनों से पाले एक शक्तिशाली भैंसे पर भाले से प्रहार करते थे। और इसके साथ ही उसकी रस्सी काट दी जाती थी। क्रोधित भैंसा तेजी से भागता था। विशाल मैदान जो अब खेल स्टेडियम बना दिया गया है, के चारों तरफ भीड़ होती थी।

भैंसे के खुलते ही घुड़सवार सरदार उसके पीछे भागते थे। महाराज का हुक्म होता था कि रियाया तक नहीं पहुंच पाए। जनता को चोट नहीं पहुंचे। उधर जनता उन्माद में जोर-जोर से चिल्लाती थी। घबराया भैंसा कभी उनकी तरफ कभी पीछा करते घुड़सवारों की तरफ कभी जहां महाराज हाथी पर बैठे होते थे उस तरफ कहीं भी दौड़ पड़ता था। और ऐसे में दतिया और बुंदेलखंड में कहावत है कि पहला हाथ मोहम्मद हादी खां साहब (हमारे दादा साहब) का पड़ता था। मतलब भैंसे के गर्दन पर पहला तलवार का वार।



शकील अख्तर

> टीवी देखने की अब हिम्मत नहीं है, अख़बार ही नहीं पढ़े जाते! गोदी मीडिया ने घृणा कहीं और फैलाने की कोशिश की थी मगर वह सबसे ज्यादा खुद उसके खिलाफ फैल गई। जैसे घृणित चीज से आदमी दूर रहता है वैसे ही इनके टीवी और अखबारों से रहने लगा। मगर मुसलमान का प्यार सम्मान वैसा ही रहा। रोजा इफ्तार में आपने देखा ही कि बुलाया और पूरा सम्मान दिया।

तो लिखा इसलिए कि अब ईद पर भी जो सवाल उठाए जा रहे हैं तो देश में ईद ही नहीं मुसलमान सदियों से हर त्यौहार दशहरा, दीवाली, होली सब मिलजुल कर मनाता है।

और बताते हैं कुछ। दीवाली का जिक्र किया। तो शायद पहले लिख भी चुके हैं। कोई बात नहीं। अच्छी बातें प्रेम भाईचारे मेल-मिलाप की जितनी बार बताई जाए कम है। तो दीवाली हमारे यहां कैसे मनाई जाती थी। उसकी निशानी तो आज भी हमारे पास है। 1962 की बात है। सबसे छोटी बहन हुई थी। सब उसमें लगे थे। मगर दीवाली भी मन रही थी। हम सबसे बड़े लड़के तो सारे पटाखों पर कब्जा करे थे। आठ साल के थे। पापा उधर मां-बहन में व्यस्त थे। और हमने उनके सिगरेट का डिब्बा खाली किया। टिन का होता था। उसके नीचे रखा बड़ा सुतली बम और चला दिया।

टिन का डिब्बा सीधा आकर हमारे मुंह पर। खून ही खून। सब भागते हुए आए। एक ही बात कि आंख में तो नहीं लगा। हमें तो कुछ पता नहीं। आंखें तो बंद थीं। मगर कहा- नहीं लगा। आवाज आई आप तो चुप रहिए। आपका हिसाब तो बाद में किया जाएगा। पहले यह बताओ कि यह सिगरेट का डिब्बा आया कहां से? सिगरेट कौन पीता है? यह दादा साहब थे। सब चुप। खैर आंख बची। नाक पर कई टांके लगे। अभी भी निशान हैं। तो ऐसे मनता था दशहरा ऐसे मनती थी दीवाली। ईद पर तो हम नहीं बताएंगे। क्योंकि ईद पर ही इन सबकी नफरत फैलाने वालों की निगाहें लगी हुई हैं। वह दोस्तों में से कोई भी बता सकता है।

तो बात गुझिया से शुरू हुई थी। तो वह भी बता दें। जम्मू में थे। बेटा हुआ था। तत्काल बाद ही होली थी। अब होली में गुझिया की खोज शुरू हुई। बेटा होने के कारण घर में बनाने की स्थिति थी नहीं। पूरे जम्मू में कहीं भी गुझिया नहीं मिली। बनाई ही नहीं जाती थी। वहां प्रचलन में ही नहीं थी। अब आ गई हो तो पता नहीं। वहां का सबसे बड़ा त्यौहार लोहड़ी हुआ करता था। राखी को रक्खड़ी बोलते हैं। वह भी बड़ा त्यौहार था। होली जब हम वहां मनाते थे लोग कहते थे आपके यहां ज्यादा मनती है। वह आपके यहां भौगोलिक पहचान की बात थी। धर्म की उस समय ऐसी बातें नहीं होती थीं। और सांस्कृतिक विभिन्नता, खान-पान का फर्क कैसा था यह हमने बता ही दिया कि होली बिना गुझिया के।

और बताते हैं। भाजपा के लोग कह रहे हैं कि ईद पर नानवेज क्यों? अब तो पूरे भारत की पार्टी हो गई है! तो पूरे भारत के बारे में मालूम होना चाहिए! कश्मीर की शिवरात्रि के बारे में भी। कश्मीरी पंडितों का सबसे बड़ा त्यौहार। बड़ा दिन कहते हैं इसको। और इस दिन नान वेज बनता है। खाते हैं खिलाते हैं।

कहां ले जा रहे हैं यह देश को। ईद पर नानवेज मना किया है। कई मुस्लिम नेताओं ने कहा नहीं खाना चाहिए। नहीं खाएंगे। आम मुसलमानों में से भी बहुत लोगों की अपीलें देखीं। बहुत लोग नहीं खाएंगे। शायद पहली बार होगा। मगर एक बात और बता दें कि इस बार पहली बार यह भी हुआ है कि होली पर नान वेज खाया गया। हमारे यहां तो पहली बार। जैसा बताया कि होली पर सब वैज वही बनता था जो हमारे हिन्दू दोस्तों के यहां बनता रहा। मगर यहां बिहार के बहुत लोग दोस्त बने। होली के दिन तो मटन खाना ही है वाले। हमारे घर में कोई सुन ले तो अभी भी डांट पड़ जाएगी कि होली के दिन मटन का क्या मेल! हां, ईद पर वेज हमारे यहां नार्मल है। बहुत सारे दोस्त ऐसे थे जो नान वेज नहीं खाते। उनके लिए वेज के कई आइटम बनते थे और मजेदार बात यह भी बता दें कि भाजपा आरएसएस के भी बहुत दोस्त खाने पर आते थे। मगर जरूरी नहीं कि वे सब वेज हों। वेज नानवेज कभी इशु नहीं रहा। मगर अब तो यह कहां-कहां तक विभाजन पहुंचा देंगे कहना मुश्किल है।

मगर हम तो और हम क्या? देश के अधिकांश हिन्दू-मुसलमान सब यहीं कहेंगे-

चाहे जितनी कोशिश कर लो यह देश सब त्यौहार मिलजुल कर मनाता है। और मनाता रहेगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# क्या तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक एक बार फिर भाजपा के साथ गठबंधन करेगी?

**■ सुशील कुट्टी**

विटकलबाजी' शब्द का प्रयोग आम बात है। अगर आपको नहीं पता कि क्या हो रहा है, तो 'अटकलबाजी' काम आता है। पत्रकारों के लिए 'अटकलबाजी' पर वापस आना स्वाभाविक है, ताकि कोई मुद्दा न उठाया जाये। अभी अटकलें लगाई जा रही हैं कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच क्या बातचीत चल रही है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिर भी भाजपा-अन्नाद्रमुक हलकों में क्या पक रहा है, इस बारे में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की दिलचस्पी ने तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों को जकड़ लिया है। भाजपा और अन्नाद्रमुकनेताओं के बीच हुई बैठकों ने इस मामले को और भी उलझा दिया है। सबसे हालिया मुलाकात अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच देश की राजधानी दिल्ली में हुई।

इससे 'संभावित गठबंधन' की 'अटकलें' लगने लगीं और स्टालिन अपनी वास्तविक और काल्पनिक चिंताओं को कम करने के लिए इसकी पुष्टि चाहते थे। 2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और यह मोड़ 2025 के कुछ मोड़ों से ज्यादा दूर नहीं है: तमिलनाडु में चुनाव होंगे और द्रमुक सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही है!

इसके अलावा, भाजपा यह अनुमान लगा रही है कि तमिलनाडु की जनता के बीच उसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। खासकर, भाजपा के तमिलनाडु में भविष्य के दारोमदार के अन्नामलाई के लिए, जो भाजपा के लिए एंटीना हैं और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के लिए अभिशाप। जब भी एम के स्टालिन अपनी सरकार की उपलब्धियों पर आराम करते हैं, अन्नामलाई गुब्बारे में हवा भर देते हैं।

इतना ही नहीं, स्टालिन के उत्तराधिकारी उदयनिधि स्टालिन पिछले कुछ महीनों से असामान्य रूप से शांत हैं। युवा स्टालिन, अन्यथा, भूमध्य रेखा के इस तरफ सबसे ज्यादा बात करने वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने बहुत सारी बातें कीं। मुख्यमंत्री स्टालिन भी इस अटकलबाज़ी से चुप थे कि उनमें एक महान प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है!

कोई बात नहीं, यह एक सपना भी था और अटकलबाज़ी भी थी। इसके बारे में भी सोचें - अटकलबाज़ी थी कि स्टालिन, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे या राहुल गांधी नहीं तो पिनाराई विजयन एक अच्छे प्रधानमंत्री बन सकते हैं!

इन सबके बीच, भाजपा और अन्नाद्रमुक एक बार फिर 'संभावित गठबंधन' के लिए बातचीत कर रहे थे। ऐसी बातें हमेशा राजनीतिक बवंडर में उड़ जाती थीं और भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों हमेशा अपनी-अपनी मीठी राह पर चलते थे, हाथ जेब में डाले हुए। किसी को इस बात को स्पष्ट करना चाहिए। पत्रकारों पर इसे छोड़ना अब तक कारगर नहीं रहा है। पलानी स्वामी से संपर्क किया गया और उन्होंने कहा: 'हमारी विचारधारा अपरिवर्तित है। गठबंधन परिस्थितियों और अवसरों के अनुसार बदलेंगे। क्या सभी सहयोगी हमेशा के लिए द्रमुक के साथ रहेंगे? अगला चुनाव अगले मार्च में ही है, और हमारे पास इन मामलों पर निर्णय लेने के लिए एक साल है।'

अगर ईपीएस अन्नाद्रमुक के इतने बड़े पदाधिकारी नहीं होते, तो उन्हें 'स्रोतों' की सूची से हटा दिया जाता। लेकिन फिर, अटकलें लगाने के लिए क्या बचा रह जाता? 'कुछ पर्यवेक्षकों' का मानना है कि 'अन्नाद्रमुक में कई लोग' वैचारिक मतभेदों के कारण अनुमान लगाने से हिचकिचाते हैं।

इसके बावजूद, तमिलनाडु की राजनीति में दोनों दलों के अस्तित्व के लिए भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन महत्वपूर्ण है इसलिए भी क्योंकि द्रमुक 'हिंदी थोपने' से लेकर 'द्रविड़ खतरे में है' तक, अत्यधिक भावनात्मक मुद्दों के समुद्र में पनपती है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि की तरह अभिनेता नहीं हैं और न ही अपने पिता एम करुणानिधि की तरह गीतकार-पटकथा लेखक हैं, लेकिन वे अटकलों के उस्ताद हैं। अटकलों को हवा देने वाली बात यह है कि पलानी स्वामी-अमित शाह की मुलाकात, खास तौर पर इसकी 'टाइमिंग', द्रमुक को मुश्किल में डाल रही है क्योंकि वह परिसीमन और हिंदी थोपने के मुद्दे पर केंद्र के साथ मतभेद में है, जो दोनों ही 'वास्तविक' हैं और 'मात्र अटकलें' नहीं हैं।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने घोषणा की है कि वह तमिलनाडु के 39 सांसदों का नेतृत्व करेंगे और 'निष्पक्ष परिसीमन' के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे। यह चर्चा के बीच है कि स्टालिन अभी भी 'दक्षिण के राजनेताओं' के बीच 'दक्षिण में भाजपा विरोधी विपक्ष के चेहरे' के रूप में शीर्ष स्थान पर हैं।

ईपीएस और भाजपा दोनों ही एम के स्टालिन की स्थिति से वाकिफ हैं और अटकलें लगाई जा रही हैं कि पलानी स्वामी और शाह दोनों के पास भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों को परेशान करने वाली राजनीतिक विसंगतियों के सामने एक समझौते पर पहुंचने और आत्मसमर्पण करने के लिए बहुत कम समय है। ईपीएस और अमित शाह के बीच बैठक इस बात का संकेत थी कि दोनों पार्टियों, भाजपा और अन्नाद्रमुक को मिलकर काम करना होगा और 2026 के चुनावों के लिए बहुत कम समय बचा है। क्या यह बात के अन्नामलाई को समझ में आ गयी है, जो 2023 से ही अन्नाद्रमुक पर लगातार हमला कर रहे थे?

> मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि की तरह अभिनेता नहीं हैं और न ही अपने पिता एम करुणानिधि की तरह गीतकार-पटकथा लेखक हैं, लेकिन वे अटकलों के उस्ताद हैं। अटकलों को हवा देने वाली बात यह है कि पलानी स्वामी-अमित शाह की मुलाकात, खास तौर पर इसकी 'टाइमिंग', द्रमुक को मुश्किल में डाल रही है क्योंकि वह परिसीमन और हिंदी थोपने के मुद्दे पर केंद्र के साथ मतभेद में है, जो दोनों ही 'वास्तविक' हैं।

इसलिए, भाजपा और अन्नाद्रमुक का 'शीर्ष नेतृत्व' आमने-सामने है। संदेश यह है कि मतभेदों को दूर किया जाना चाहिए और व्यवस्था कायम रहनी चाहिए। यही कारण है कि द्रमुक नेतृत्व को यह अनुमान लगाने पर मजबूर होना पड़ा है कि 'भाजपा-अन्नाद्रमुक हलकों में क्या चल रहा है?' मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को अन्नाद्रमुक या भारतीय जनता पार्टी में किसी भेदिए की जरूरत है! यह तब है, जब चर्चा इस बात पर भी जोर दे रही है कि 'उच्चस्तरीय संचालन समिति' का गठन किया जायेगा और अन्नामलाई को संयम बरतने की चेतावनी दी गयी है। दूसरी तरफ, ईपीएस ने भाजपा से कहा है कि वह अन्नाद्रमुक के बागी टीटीवी दिनाकरन और ओ पन्नीर सेल्वम को बाहर रखे।

भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच गठबंधन का एक लंबा और कभी-कभी मुश्किल भरा इतिहास रहा है, जो उस समय से शुरू हुआ जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और जे जयललिता अन्नाद्रमुक सुप्रीमो थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से चीजें नहीं बदलीं।

लेकिन जब 'अम्मा' ने दुनिया को अलविदा कहा, तो दोनों दलों ने एक बार फिर गठबंधन किया और यहां तक कि वे 2019 के लोकसभा चुनाव भी एक साथ लड़े। लेकिन 2019 और 2021 के विधानसभा चुनावों में डीएमके की शानदार जीत ने उनके लिए आखिरी तिनका साबित किया। सितंबर 2023 में दोनों पार्टियों ने प्रधानमंत्री मोदी के चहेते, डार्क-हॉर्स के अन्नामलाई की मदद से अलग होने का फैसला किया। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु में अपने वोट शेयर में बढ़ोतरी देखी। अटकलें जारी हैं कि अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने से इसके वोट-शेयर और चुनावी प्रदर्शन में भी सुधार होगा। लेकिन अटकलें मुफ्त में आती हैं और इसमें कोई शर्त नहीं होती। वास्तविकता यह है कि 'वैचारिक मतभेद' हैं और अन्नाद्रमुक को एम के स्टालिन और उदयनिधि स्टालिन से कम 'द्रविड़' नहीं माना जा सकता।



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृतांत: शिलांग : इन पुरखों को प्रणाम

*'वाकया कोई दो सौ साल पुराना है। सन् 1830-40 के आसपास का। मेघालय की राजधानी शिलांग से लगभग अस्सी किलोमीटर दूर रिवाई गांव के निकट एक पहाड़ी नदी पर बने पुल की ओर हम चलते हैं। यह एक अद्भुत पुल है। यह न सीमेंट से बना है और न पत्थर से, और न ही लकड़ी के तख्तों से। सीमेंट का आविष्कार तो सौ साल बाद 1938 में हुआ। यह खासी जनजाति का इलाका है। नदी के उस पार गांव के लोगों को बरसात के मौसम में चारों तरफ से संपर्क कट जाने के कारण अनेक तकलीफों का सामना करना पड़ता था। तब इस गांव के बुद्धिमानों ने एक उपाय खोजा। उन्होंने दोनों किनारों पर रबर के बहुत से पेड़ लगाए। प्रसंगवश कह दूं कि रबर पीपल की प्रजाति का ही एक वृक्ष है। ये पेड़ थोड़े बड़े हुए और इनकी जड़ें हवा में झूलने लगीं तो जड़ों को आपस में बांधकर पुल बना लिया गया। सुनने में बात बहुत सरल लगती है, लेकिन पेड़ों को लगाना, जड़ों का बढ़ना, उनको आपस में जोडऩा और ऐसी मजबूती देना कि आने-जाने में कोई भय न हो, क्या कोई आसान काम रहा होगा?'*

**(देशबंधु में 30 मार्च 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/03/blog-post_29.html

## गुरुवाणी विचार

### गउड़ी महला 9

साधो इह मन गहियो न जाई-
चंचल तिरिसना संग बसत है या ते थिर न रहाई।

इन पंक्तियों में नौवें नानक गुरुतेग बहादुरजी मानव मन को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि इंसान के मन को समझना बहुत कठिन है क्योकि इंसान के मन के साथ आशा, तृष्णा, नामक दो चंडालनें चिपकी रहती है जो उसे कभी सीधा चलने नहीं देती। मन कवि की कल्पना से भी तेज चलता है इसलिए उसकी पहुंच हर जगह हो जाती है। इसी कारण यह माया के जाल में फंसा रहता है और कभी भी सीधे रास्ते पर नहीं चल पाता। हर वक्त विषय विकारों में गलतान रहता है। माया रचियता अज्ञान के अंधेरे में पागल हाथी समान संसार में भटकता रहता है। जिस तरह हाथी को वश में लाने के लिए एक महावत अंकुश का इस्तेमाल करके काबू में रखता है। हमें भी सिमरन बंदगी रूपी मथनी से मथ कर प्रभु भक्ति में मन लगाना पड़ेगा। इसके लिए हमें ऐसी संगत में हर वक्त जाते रहना पड़ेगा जहां प्रभु कीर्तन होता हो। जहां प्रभु कथा होती हो तथा ऐसी पुस्तकें पढ़नी पड़ेंगी जिससे हम प्रभु के सिमरन बंदगी में अपने मन को जोड़ सकें। हालांकि यह बहुत ही कठिन काम है क्योंकि मन हर वक्त विषय विकारों की तरफ दौड़ता रहता है परन्तु हमें इसे जबरन प्रेरित कर साध संगत में ले जाना पड़ेगा। बार बार प्रभु कथा कीर्तन उसे सुनाते रहना पड़ेगा। ताकि एक आध अक्षर ही सही उसके हृदय में बस जाए। क्योंकि कहा गया है कि-कनका एक जिस जीऊ बसावै। ताकि महिमा गानी न पड़े। जिस तरह सागर की मौजों से टकराते टकराते अथवा नदी की लहरों से ठोकर खाते खाते एक टेढ़ा मेढ़ा पतथर भी मिलकर पूज्यनीय मूर्ति सालिग राम या शिवलिंग बन जाता है। ठीक उसी तरह बार -बार सतसंग करते करते मन कभी न कभी तो चेत जाएगा और प्रभु संकीर्तन में जुड़ जाएगा। क्योंकि आपदाओं तथा विघ्नों से जूझने वाला मनुष्य ही ज्ञानवान तथा चेतन सालिगराम बन जाता है।

भक्त कबीर दास जी के मुताबिक यह मन बन का एक उड़न पखेरू है जो हर बात अपने उदर पोषण हेतु भटकता रहता है। कहे कबीर सुनो रे संतों ऐह मन उड़न पखेरू बन का।

अचेत मन हर वक्त दूसरों का बुरा ही मांगता रहेगा। साध संगत में भी कोई पूरा सुचेत रहता है कोई आधा सुचेत हो पाता है। कोई दस प्रतिशत। कथा सुनाने वाले भी अपनी रोजी रोटी की खातिर ही औरों को धार्मिक गीत सुनाते रहते हैं। कोई विरला ही प्रभु को मन में बसा पाता है। गरीब मुल्ला भी वैसे तो जाग जाग कर मस्जिद में पांचों वक्त नमाज अदा करता है पर उसका यह काम सिर्फ अपनी रोजी रोजगार का साधन ही होता है। इसलिए हमें भी परमात्मा के सिमरन बंदगी में मन रमाना चाहिए। हक की कमाई कर सरबद के भले की राह पर चल सके। तभी हमारा लोक और परलोक दोनों सुखी हो सकते हैं-

ऐह लोक सुखिये परलोक सुहेले
नानक हरि प्रभु आपै मेले।

इसलिए अपने मन को हर वक्त हमें समझाते रहना है। सिमरन भजन रूपी अंकुश मारते रहना पड़ेगा। इसलिए गुरुवाणी हिदायत देती है। इस मन को कोई खोजो भाई मन खोजत ना नवनिध पाई। हमने अगर मन को प्रभु के चरणों की तरफ मोड़ लिया तो समझ लो हमने नवनिधियां और अठारह सिद्धियों की प्राप्ति कर ली। मन जीते जग जीते। क्योंकि वह फिर अपने अंदर ही विराजमान प्रभु परमात्मा के दर्शन कर पाएगा इसलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है।

मन मेरया अंतर तेरे निधान है बाहर वसत न भाल।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### भूकम्प से दुनिया को गंभीर संकेत, म्यांमार,थाईलैंड में दुःखद हाहाकार


म्यांमार, थाईलैंड में भूकंप, प्रकृति से खिलवाड़ का क्रूरतम प्रतिफल ही है। हजारों की इहलीला खत्म हुई है, संपत्ति का नुकसान अलग हुआ है। लोगबाग बेखर हो चुकें हैं चारों तरफ तबाही का मंजर है। जिस तरह इन देशों में प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है और बेतरतीब वनों की कटाई, पानी का दुरूपयोग और बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं के निर्माण ने प्रकृति को ललकारा है नतीजे के तौर 4.1 रिक्टर का भूकंप भारी जानमाल की तबाही लेकर आया है। भूकंप के झटके भारत, चीन, इंडोनेशिया, बर्मा आदि में भी महसूस हुए हैं। हमें अब सावधान हो जाना चाहिए, प्रकृति से बेजा खिलवाड़ बंद करना होगा वर्ना भयावह नतीजे सामने हैं ही। हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई। आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई-नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनीयों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कलकल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे-मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा-भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी न मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने, महानगर ब ने, मकान बने किन्तु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत। हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन, पानी, हरियाली, पक्षी, जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कांक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा, सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

**-संजीव ठाकुर**

# चैत्र नवरात्रि: पहले दिन डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

**मां शक्ति को समर्पित चैत्र नवरात्रि के पहले दिन धर्मनगरी मैहर डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुंचे। त्रिकूट पर्वत पर विराजी मां शारदा के दर्शन के लिए शनिवार की रात्रि से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। अल सुबह तीन बजे जैस ही मंदिर के पट खोले गये। प्रधान पुजारी पवन दाऊ महाराज ने आरती की। इसी के साथ मैहर में नवरात्रि का मेला भी शुरू हो गया। हजारों की संख्या में लगे श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर दर्शन किये। मां शारदा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आगमन देर रात से ही शुरू हो गया।**



**सतना, देशबन्धु।** रविवार सुबह 3 बजे मंदिर के पट खुलने के साथ ही 4 बजे विशेष आरती की गई। मंदिर के पुजारी के अनुसार नवरात्र के दौरान माता के नौ अलग-अलग रूपों की आराधना की जाती है। पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई। आने वाले दिनों में क्रमशः मां ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना होगी।

### 11 घंटे में एक लाख श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

मेला प्रबंधन समिति द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक नवरात्रि के पहले दिन मां शारदा मंदिर के पट खुलने के बाद से रविवार की शाम 4बजे तक तकरीबन एक लाख श्रद्धालुओं ने मां की मां शारदा के दर्शन कर पुण्यलाभ अर्जित किया। ज्ञात हो कि यह नवरात्रि 6 अप्रैल तक चलेगी। यहां पर दूरदराज से श्रद्धालु आ कर मत्था टेकेंगे।





### बुझती रही दर्शनार्थियों की प्यास

नवरात्र मेला की तैयारियों में मैहर प्रशासन ने जगह-जगह पानी पिलाने की व्यवस्था भी की है। ड्योढ़ी के पहले समिति के कुछ युवकों को इस कार्य में लगाया गया। दूर-दराज से आए दर्शनार्थियों को लंबी लाइन के बीच पीने के लिए पानी मिलना बड़ी राहत रही।

### रेलवे स्टेशन में पूरी रात्रि रही भीड़

बताया गया है कि मैहर रेलवे स्टेशन में शनिवार को दिन सहित पूरी रात्रि श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नवरात्रि मेले में शामिल होने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु शनिवार से ही मैहर पहुंचने लगे थे। रविवार सुबह 5 बजे रेलवे स्टेशन पर भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।



### कलेक्टर-एसपी की निगरानी

मेला व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर रानी बाटड और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल की निगरानी बनी रही। मंदिर के ऊपरी हिस्से में सीएसपी राजीव पाठक व्यवस्था में जुटे रहे। पहले दिन पुलिस प्रशासन की व्यवस्था बेहतर नजर आई।

### भरजुना, भाद और भटनवारा में लगा रहा तांता

बताया गया है कि शहर मुख्यालय से महज 12 किमी दूर पर भरजुना मंदिर सहित अमरपाटन रोड़ में भटनवारा माता मंदिर सहित कोठी रोड़ में भाद की माता के दरबार में अल सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। वैसे तो नवरात्रि के पहलें दिन कोई शक्ति स्तंभ नहीं रहा जहां श्रद्धालुओं न पहुंचे हों। श्रद्धा भाव से देवी मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने दूध और दधि मां को स्नान कराकर के फिर विधिवत श्रृंगार किया। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का यह क्रम अल सुबह से ही शुरू हो गया था जो दोपहर तक जारी रहा।

## सार-समाचार

### पुलिस को मिली अगवा बालिका

**सतना, देशबन्धु।** शहर कोतवाली इलाके से एक नबालिग लड़की के गायब होने की सूचना पर पुलिस ने सक्रियता से काम किया। कुछ घंटों की मेहनत के बाद पुलिस ने बालिका और उसे बहलाकर ले जाने वाले नाबालिग को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि बालिका को आरोपी मुंबई लेकर जाने के फिराक में था, इसके पहले ही उसे तलाश लिया गया। इस मामले की रिपोर्ट 29 मार्च को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने बालिका को परिजनों के सुपुर्द करते हुए आरोपी बालक पर विधिवत कार्रवाही की है।

### नेत्र परीक्षण शिविर कल

**चित्रकूट, देशबन्धु।** सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड के सहयोग से पहाड़ी ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय बरेठी में नि:शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर 1 अप्रैल को लगाया जायेगा। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह करेंगे। उद्घाटन अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक क्षेत्र राजापुर जयकरन सिंह मौजूद रहेंगे। शिविर के सफल आयोजन में समाजसेवी संस्था सेवा भारती और विकास पथ सेवा संस्थान का संयुक्त सहयोग रहेगा। शिविर के संयोजक समाजसेवी-सभासद शंकर प्रसाद यादव ने बताया कि नेत्र परीक्षण के दौरान इन मरीजों को नजदीक में पड़ने, देखने, लिखने की समस्या है उन मरीजों को नेत्र परीक्षण के उपरांत नि:शुल्क चश्मा मिलेगा।

### अभियान से बढ़ेगा भू-जल स्तर



**नागौद, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत सेमरी में जनभागीदारी से जिर्णोद्धार का शुभारंभ किया गया। जनपद पंचायत उचेहरा अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के अदेशानुरूप जल गंगा मिशन संवर्धन अभियान के तहत पुराने तलाबों एवं जल संरचनाओं को पुर्नजीवन प्रदान करने अभियान के तहत जनभागीदारी से जिर्णोद्धार 30 माच्र से 30 जून तक होना है। जिसे लेकर ग्राम पंचायत सेमरी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाटेकाम के मुख्य आतिथ्य एवं गाव की सरपंच सीमा राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता व पूर्व मंडी डायरेक्टर जयनारायण सिंह जाखी, जनपद सदस्य लीला बाई प्रजापति, इंजीनियर राकेश ताम्रकार, मानिकपुर गांव के सरपंच रामू सिंह के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। इस दौरान जयनारायण सिंह ने कहा यह बहुत ही सरहानीय अभियान है। पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार होने से गांव-गांव में भू जल स्तर बढ़ेगा। इस अभियान का सहभागी गाव के एक एक सदस्य को सहभागिता निभानी चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश के सभी गांवों को पानीदार बनने दूरगामी सोच के साथ सभी से इस अभियान का सहभागी बनने उन्हों ने की अपील। इस दौरान सचिव महेंद्र चौधरी, लखन प्रजापति, बीरेन्द्र सिंह, तेज प्रकाश बागरी, धीरू सिंह, सत्य प्रकाश कुशवाहा, विक्रम सिंह, लालमन ढीमर, नागेन्द्र सिंह, बच्चू सिंह, छोटू साहू, सतीश सिंह पथरौंधा, मुन्ना लाल सेन, सोनू कोल, अमित त्रिपाठी के साथ काफी संख्या में ग्रामीण रहे।

### रंग-बिरंगी लाइटों के बीच दी प्रस्तुति

**सतना, देशबन्धु।** सत्य निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल नागौद में आयोजित किये गये वार्षिकोत्सव के मौके पर कक्षा एक से पांच तक के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। बताया गया है कि शाम पांच बजे से रंगारंग प्रस्तुतियों का दौर शुरू हुआ। आकर्षक ढंग से सजे मंच और रंगबिरंगी रोशनी के बीच आकर के नन्हे-मुन्हे छात्रों ने शनिवार की शाम मनमोहक प्रस्तुतियों से सुहानी कर दी। इस मौके पर कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक नृत्यों, लघु नाट्यों की प्रस्तुति दी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार सहित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल संचालक चंद्रकांत शोरी, प्रिंसिपल स्वाति शोरी, रॉन सर, आशीष शोरी, वॉइस प्रिंसिपल आशीष गौतम, नमिता शोरी सहित सत्य निकेतन के सभी शिक्षकों की मेहनत के लिए अभिभावक-दर्शकों ने प्रशंसा की।

### शराब नीति के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

**चित्रकूट, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की शराब नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही इस सम्बन्ध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। संतोषी लाल शुक्ला ने कहा कि यूपी की योगी सरकार शराब को बढ़ावा देकर युवाओं और समाज को नुकसान पहुंचा रही है। साथ ही इसके बुरे प्रभावों से बचने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। पार्टी ने सरकार से यह भी आग्रह किया कि वह समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे और शराब की बिक्री को लेकर सख्त नीतियां बनाए। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। जिसमें शराब के इस ऑफीसर को तत्काल बंद करने की मांग की गई है। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष श्याम बाबू त्रिपाठी, यूथ विंग जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह, जिलाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ राजबहादुर साहू, नगर अध्यक्ष कवीज़ प्रमोद कुमार सोनी आदि मौजूद रहे।

## नववर्ष का प्रथम दिन सृष्टि की रचना का दिवसः प्रतिमा



**सतना, देशबन्धु।** विक्रम संवत् 2082 का शुभारंभ ईसवी कैलेण्डर 30 मार्च को होने के अवसर पर सूर्य उपासना आयोजन एवं नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन रविवार को सतना जिले में व्यंकटेश मंदिर परिसर (व्यंकटेश लोक) किया गया। राज्य शासन द्वारा सतना जिले के लिए नामांकित नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ब्रह्म ध्वज का पूजन कर मंदिर कलश पर स्थापित किया गया। सतना में रंग प्रवर्तन सांस्कृतिक समिति के कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य और विक्रम संवत की नववर्ष शुरुआत के संबंध में नाट्य मंचन कर जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा प्रकाशित पुस्तिका भारत का नव वर्ष विक्रम संवत का वितरण भी किया गया। इस मौके पर सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना सहित अन्य उपस्थित रहे।

- **व्यंकटेश लोक में हुए सूर्य उपासना के कार्यक्रम**

### आज ही हुई श्रृष्टि की रचना

महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि आज के दिन ब्रम्हाजी ने सृष्टि की रचना की। आज के दिन भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ। नवरात्रि की शुरूआत के दिवस पर विक्रम संवत के नववर्ष को मनाने का निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य के नाटय के नाटय मंचन और नववर्ष की पुस्तिका से विक्रम संवत की शुरूआत और कालखण्ड की गणना कैसे शुरू हुई इसकी जानकारी मिली है।

### कलाकारों का सम्मान

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने विक्रमोत्सव में सम्राट विक्रमादित्य का नाटय मंचन करने वाले रंग प्रवर्तन सांस्कृतिक समिति रूगवां के निदेशक प्रभाकर द्विवेदी विक्रमादित्य की भूमिका निभाने वाले हर्षवर्धन सिंह परिहार, साथी कलाकार अमितेश सेन, शिवम चौधरी, अनिषेक चौधरी, मानसी वर्मा, शिखा पांडेय, प्रेम वर्मा, अभिजीत चौधरी, पारदेश्वर शरण त्रिपाठी, श्रुति जैन, आकाश पटेल, रागनी वर्मा, अमन मिश्रा, पुनीत सिंह परिहार और आकांक्षा रैकवार को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री का आभार

सांसद गणेश सिंह ने विक्रम संवत के शुभारंभ दिवस पर जिले के वासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन राष्ट्र के लिए अद्वितीय दिवस है। सनातन हिन्दू धर्म की सभी वैदिक गतिविधियां इसी विक्रम संवत पर आधारित होती हैं। सांसद ने कहा कि अपना देश अब बदल रहा है। हमें अब अपनी पुरातन वैभवशाली सनातन संस्कृति और विश्व बंधुत्व वसुधैव कुटुम्बकम की भावना की ओर लौटना होगा। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज पूरे प्रदेश में सभी जिलों में इसकी भव्य शुरूआत हुई है। पहली बार नववर्ष का कार्यक्रम सरकारी स्तर पर मनाने के लिए सांसद ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।



## परीक्षार्थियों में नहीं रहा उम्र का बंधन

- **डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की परीक्षा**

**सतना, देशबन्धु।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा अधिकृत अध्ययन केंद्र सतना (कोडः 304) में आयोजित डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शहीद पद्मधर सिंह शासकीय (स्वशासी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना में सफलता पूर्वक आयोजित की गई। यह परीक्षा 22 मार्च से 29 मार्च 2025 तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा संचालन अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के पर्यवेक्षक डॉ. संजय त्रिपाठी एवं केंद्राध्यक्ष डॉ. विद्याप्रकाश सिंह की देखरेख में किया गया। इस परीक्षा में 60 वर्ष से अधिक आयु के परीक्षाथिज़्यों सहित विभिन्न आयु वगज़् के अभ्यथिज़्यों ने उत्साहपूवज़्क भाग लिया। वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी ने आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा दिया। अध्ययन केंद्र प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और परीक्षार्थियों ने पूरे समर्पण एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। उन्होंने यह भी कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय हिंदी माध्यम में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित कर रहा है, जिससे विद्यार्थियों को अपने करियर को एक नई दिशा देने का अवसर मिल रहा है।

### देखने को मिला उत्साह

परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों ने विवि द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं और अध्ययन केंद्र की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश चंद्र राय ने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

## प्रमुख 13 मंदिरों में हुई ब्रम्हध्वज की स्थापना

**सतना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार विक्रम संवत् 2082 का शुभारंभ ईसवी कैलेण्डर 30 मार्च को होने के अवसर पर सतना जिले के प्रमुख 13 मंदिरों में जन अभियान परिषद और ग्राम विकास समिति तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से ब्रम्ह ध्वज की स्थापना की गई।

इसके अनुसार संतोषी माता मंदिर बिरला रोड, राम जानकी मंदिर बड़ा स्थान सोहावल, भरजुना देवी मंदिर, रामवन के हनुमान मंदिर, जगत देव तालाब के शिव मंदिर, काली माता मंदिर कोटर, भटनवारा की मां ज्वाला धाम मंदिर, नागौद के खेरूआ सरकार मंदिर, बाबूपुर के चण्डी माता मंदिर, चित्रकूट के कामतानाथ मंदिर, बिरसिंहपुर के गैवीनाथ मंदिर, सतना के पशुपति नाथ मंदिर और परसमनिया के कोरदन नाथ मंदिर में ब्रम्ह ध्वज पूजन कर विधिवत स्थापना की गई।



### गैवीनाथ में स्थापित किया गया ब्रम्हा ध्वज

**बिरसिंहपुर, देशबन्धु।** धर्मनगरी बिरसिंहपुर के गैवीनाथ मंदिर प्रांगण पर विक्रमोत्सव ब्रम्हा ध्वज एवं सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्रम्हा ध्वज की विधि विधान से पूजा अर्चना करके गैवीनाथ मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष राजकुमारी प्रजापति, गैवीनाथ मंदिर अध्यक्ष पंकज माली, समाजसेवी रुद्र दत्त पाण्डेय, महंत संतोषानंद, समाजसेवी रामकृष्ण नामदेव, रमेश सेन, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष धनीलाल प्रजापति, समाजसेवी रेखा मिश्रा व निकाय के अनिल शुक्ला सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## दुर्गापुर से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



**सतना, देशबन्धु।** प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ सतना जिले में 30 मार्च को जनपद पंचायत नागौद की ग्राम पंचायत दुर्गापुर के ग्राम मोरा से किया गया। इस अवसर पर ग्राम मोरा में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने दो नवीन अमृत सरोवर के निर्माण का भूमिपूजन किया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत, सहायक यंत्री बीएल गुप्ता, सहायक यंत्री पीएचई अतुल खरे सहित स्थानीय जनपद प्रतिनिधि, अधिकारी तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर आज से शुरू हुआ प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने दुर्गापुर ग्राम पंचायत के ग्राम मोरा में 24 लाख 84 हजार रुपए की लागत से उसरहा हार में बनने वाले अमृत सरोवर का नाम ठाकुर बाबा अमृत सरोवर रखने की सलाह दी। इस सरोवर में लगभग 36 हजार क्यूबिक घन मीटर जल का संचय होगा। इसी प्रकार मोरा के ही खजुरहाई में 23 लाख 42 हजार रुपए लागत से बनने वाले अमृत सरोवर का नामकरण कौडिया बाबा के नाम पर किया। इस अमृत सरोवर में 25 हजार घन मीटर जल का संचय होगा।



### नादो में बनाएंगे रिचार्ज पिट

**रामनगर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रामनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत नांदों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत हैंडपंपों के पास रिचार्ज पिट बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जनपद सीईओ एम एल प्रजापति, सहायक यंत्री आशुतोष गुप्ता, सरपंच सुमन द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, सचिव पूजन द्विवेदी, जन अभियान ब्लॉक समन्वयक विश्वनाथ नवांकुर समिति से गणेश द्विवेदी, समाज सेवी सुभाष पाण्डेय, नीलेश विश्वकर्मा, कमलेश साहू, रावेन्द्र सेन, नीरज शुक्ला, रामसुशील कुशवाहा, निर्मेश द्विवेदी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### बेहरा में अभियान की शुरूआत

**सतना, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने रविवार को जपं मैहर की ग्रापं सेमरा के ग्राम बेहार में किया। इस अवसर पर बेहार में नवीन तालाब निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिपं सदस्य महेश जयंती तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिपाल बागरी, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव की अभिनव सोच को रेखांकित करता है।

## शिविर में 200 लोगों का जांचा गया स्वास्थ्य

**चित्रकूट, देशबन्धु।** दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर तथा किशोरी स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन शान्ति देवी इंटर कालेज पहाड़ी में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत चित्रकूट के अध्यक्ष अशोक जाटव, खंड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पाण्डेय, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी डॉ. उदय प्रताप सिंह, भाजपा चित्रकूट के जिला अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला महामंत्री डॉ. अश्वनी



अवस्थी, शान्ति देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिववरन त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार त्रिपाठी, पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी एवं संस्थान के वैद्य राजेंद्र पटेल ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया। किशोरी जागरूकता शिविर में डॉ. उदय प्रताप सिंह अधीक्षक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी ने कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार आपके जीवन में बदलाव के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है उसी प्रकार स्वास्थ्य परीक्षण भी जरूरी है। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जब शरीर स्वस्थ होगा तभी मन प्रसन्न होगा। जिससे हम पूर्ण मनोयोग से अपने कमज़्पथ पर अग्रसर होंगें। सीमा पाण्डेय ने कहा कि यह शिविर किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता परीक्षण के लिए किया जा रहा है जो महत्वपूर्ण है।

भारती श्रीवास्तव वरिष्ठ चिकित्सक आरोग्यधाम ने कहा कि महिलाओं के ऊपर पुरुषों से भी अधिक जिम्मेदारी रहती है। आज सोशल मीडिया का जमाना है हमें रील्स बनाने में समय व्यर्थ नहीं करना है। अशोक जाटव ने कहा कि देश बदला रहा है। राष्ट्रऋषि नानाजी त्याग की प्रतिमूर्ति थे।

## वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड से नवाजी गईं डॉ. नंदिता



**सतना, देशबन्धु।** वूमेन अचीवर्स अवार्ड से मध्यप्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक नवाजी गईं है। यह कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय इकाई द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें उत्कृष्ट महिला सम्मान 2025 के समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष वानिती श्रीनिवासन भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा प्रभारी बैजयंत जय पांडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी में प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक 1 करोड़ सेल्फी विथ लाभार्थी अभियान में 31500 सेल्फीस नमो ऐप में अपलोड कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर उत्कृष्ट महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। नंदिता ने प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## धनपुरी में सफाईकर्मियों की हड़ताल, कचरे के लगे ढेर

### 26 दिन ड्यूटी के आदेश से नाराज, कहा- इससे आय कम होगी



**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल संभाग की धनपुरी नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। नगरपालिका की नई ष्टरू पूजा बुनकर ने कर्मचारियों की मासिक ड्यूटी 30 दिन से घटाकर 26 दिन करने का आदेश जारी किया है। इस फैसले से नाराज होकर लगभग 190 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि इस आदेश से उनकी आय में कटौती हो रही है। त्योहारी सीजन में हड़ताल से शहर की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है।

सफाईकर्मी बोले- हम अपने हक के लिए लड़ेंगे

विरोध प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने नगरपालिका कार्यालय के सामने डंडा और झंडा लगाकर प्रदर्शन किया। विरोधी कार्यकर्ता विजय कुमार राउते ने कहा कि वे अपने हक के लिए लड़ेंगे। अरविंद कुमार मालिक ने कहा कि सफाई कर्मियों को उनकी मेहनत का उचित पैसा मिलना चाहिए।

सफाईकर्मियों ने सीएमओ के नए आदेश के खिलाफ नारेबाजी की

सीएमओ बोलीं- समाधान निकालने की कोशिश जारी अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दामोदर ने सफाई कर्मचारियों के समर्थन में आवाज उठाई है। ष्टरू पूजा बुनकर का कहना है कि वे कर्मचारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकालने की कोशिश कर रही हैं।

हड़ताल की वजह से शहर में कचरे के ढेर लग गए। ईद और नवरात्रि जैसे त्योहारों के मद्देनजर यह स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, भाई के सामने ही नाबालिग से की थी हैवानियत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता अपने परिवार के साथ थाने पहुंची, लेकिन लाइट न होने और महिला सब इंस्पेक्टर के न होने की वजह से पीड़िता को 8 घंटे का इंतजार करना पड़ा। महिला सब इंस्पेक्टर शहडोल से वहां पहुंची और लाइट आने के बाद पीड़िता की रिपोर्ट शनिवार की शाम तकरीबन 7ः00 बजे सीधी थाने में दर्ज की गई। पुलिस ने मामले पर दो आरोपियों के विरुद्ध पीड़िता की शिकायत पर अपराध दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।शिकायत में बताया गया कि घटना पीड़िता के साथ उस समय घटी जब वह अपने खेत में बने मकान में एक 4 वर्षीय भाई के साथ सो रही थी। माता-पिता दूसरे गांव में एक सामाजिक कार्यक्रम में गए हुए थे। शुक्रवार की रात तकरीबन 9ः00 बजे दो आरोपी पीड़िता



के दरवाजे को खटखटाते हुए उसे खुलवाया, तब पीड़िता को लगा कि उसके माता-पिता कार्यक्रम से लौट आए हैं। पीड़िता ने खेत में बने मकान का दरवाजा खोल दिया। तभी दोनों आरोपी अंदर घुस आए और 4 वर्षीय भाई के सामने ही पीड़िता के साथ हैवानियत करते रहे। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों आरोपी उसी गांव के रहने वाले हैं और पीड़िता दोनों को पहचानती है।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया

थाना प्रभारी सीधी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि जब पीड़िता के साथ खेत में बने उसके घर में दोनों आरोपियों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तब पीड़िता का 4 वर्षीय भाई उसके साथ सो रहा था। वह अचानक नींद से जागा और मदद की गुहार लगाने लगा। पीड़िता ने बयान में यह बात पुलिस को बताई है। पीड़िता का मासूम भाई रो रो कर आरोपियों से बहन से दूर रहने की गुहार लगाता रहा लेकिन आरोपी घटना को अंजाम देते रहे। आसपास में कोई घर भी मौजूद नहीं था। थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि मामले पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लाइट न होने की वजह से एफआईआर में कुछ देरी हुई है, लेकिन सीधी थाने में ही शनिवार की शाम एफआईआर दर्ज की गई है।

## सार-समाचार

### शहडोल में 500 लोको पायलटों को प्रमोशन

#### विवादित डॉक्टर का ट्रांसफर होगा, रेल प्रबंधक ने किया ऐलान

**शहडोल, देशबन्धु।** में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कर्मचारियों की लंबित मांगों पर सकारात्मक प्रगति हुई है। मजदूर संघ ने डीआरएम कार्यालय के बाहर गेट मीटिंग में रेल मंत्री को बीकानेर में पारित प्रस्तावों का ज्ञापन शनिवार को सौंपा।मंडल सचिव प्रोम्पी सिंह और जोनल महामंत्री संतोष पटेल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मंडल रेल प्रबंधक ने कई घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि अप्रैल से सहायक लोको पायलट का ड्राइवर प्रमोशन बैच भेजा जाएगा। करीब 500 लोको पायलट पदों पर पदोन्नति दी जाएगी। अगस्त से लॉबी ट्रांसफर आवेदकों को रिलीज किया जाएगा कर्मचारियों के लिए अगस्त से लॉबी ट्रांसफर आवेदकों को रिलीज किया जाएगा। ।क्रूरू के माध्यम से तबादला प्रक्रिया को जल्द बहाल किया जाएगा। रनिंग कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 120 किलोमीटर का मुद्दा भी हल होगा।

शहडोल अस्पताल में कर्मचारियों के उत्पीड़न की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी का तबादला किया जाएगा। इस संबंध में सीएमएस से विचार-विमर्श के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्वामी विवेकानंद एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल घोषणा का आयोजन

**मझौली, देशबन्धु।** सीधी जिले के मझौली अंचल स्थित विद्यालय स्वामी विवेकानंद एकेडमी हाई स्कूल छुही विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक के साथ 31मार्च 2025, दिन- सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें हाल ही में राज्य शिक्षा केंद्र म.प्र. द्वारा जारी किये गए कक्षा- 5 व 8वीं के वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणामों के साथ-साथ विद्यालय में संपन्न हुए अन्य कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा भी की जाएगी7 विद्यालय स्तर पर परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ-साथ विद्यालय के अपने वेबसाइट svachhuhi.com के माध्यम से विद्यार्थी व उनके अभिभावकगण परीक्षाफल देख सकते हैं7

परीक्षाफल के आयोजन उपरांत विद्यालय में आगामी सत्र हेतु 01 अप्रैल 2025 को प्रवेशोत्सव का आयोजन होना भी सुनिश्चित किया गया है जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थी व कर्मचारियों सहित माँ वीणावादिनी का वंदन किया जाकर आगामी सत्र में सभी शैक्षणिक-अशैक्षणिक गतिविधियों की सफ़लता की प्रार्थना कर आगामी सत्र को पूर्ण निष्ठा से संपन्न करने की शपथ ली जाएगी।

### भारतीय संस्कृति से जुड़ाव और संरक्षण जरूरी :जिपं अध्यक्ष

*विक्रम सम्वत् के शुभारंभ पर हुआ विक्रमोत्सव का आयोजन*

**पन्ना, देशबन्धु।** हिन्दू नववर्ष भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से परिचित होने का बेहतर अवसर है। देश की संस्कृति से जुड़ाव और इसका संरक्षण आवश्यक है। भावी पीढ़ी भी इतिहास व सनातन परम्परा को समझे और जीवन में आत्मसात करे। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने रविवार को भारतीय नववर्ष एवं विक्रम सम्वत् 2082 के शुभारंभ अवसर पर श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर में आयोजित विक्रमोत्सव 2025 के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी देश की संस्कृति के विघटन से उसकी तरक्की संभव नहीं है। इस प्रकार के आयोजन से निश्चित ही गुलामी की मानसिकता से मुक्त होने और विरासत को आत्मसात करने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति में नक्षत्र, ग्रह और मुहूर्त एवं तिथियों का भी अलग महत्व है। गुड़ी पड़वा का पर्व एवं हिन्दू नववर्ष एक सामान्य त्यौहार नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, नई उमंग, नए उत्साह का पर्व है। मध्यप्रदेश सरकार प्राचीन परंपरा, संस्कृति को सहेजने एवं संरक्षित करने का कार्य कर रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा धार्मिक स्थानों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस त्योहार से प्राचीन परंपराओं, संस्कृति को समझने, सहेजने एवं संरक्षित करने का हमें मौका मिला है। अपनी पुरानी संस्कृति और परंपरा को कभी नहीं भूलना चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय ने कहा कि आज हर्ष, आनंद एवं उत्सव का विषय है कि भारतीय परंपरा के मान बिंदुओं को स्थापित किया जा रहा है, उनके प्रति श्रद्धा को प्रेरित किया जा रहा है। यह नव वर्ष उत्साह, ऊर्जा और आनंद की अनुभति देता है। भारतीय नववर्ष प्रकृति एवं ऊर्जा के सकारात्मक पहलुओं को लेकर आता है। विक्रम संवत भारतीयों के लिए गौरव और मान का वर्ष है। कार्यक्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार ने विक्रम सम्वत् की भूमिका का वाचन कर उपस्थितजनों को हिन्दू नववर्ष की बधाई दी। अतिथियों द्वारा मंच पर पुष्पांजली अर्पित कर ब्रह्म ध्वज का वंदन किया गया।

## पोषण भी पढ़ाई भी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित





**शहडोल, देशबन्धु।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनोज लारोकर के निर्देशन में आनंद अग्रवाल परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड सोहागपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड सोहागपुर एवं नगर पालिका क्षेत्र की समस्त 363 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम सक्षम आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 2 के तहत एक कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विकास के आयामों (शारीरिक और मोटर, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक-नैतिक, सांस्कृतिक / कलात्मक और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता) के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है।

प्रशिक्षण का आयोजन चार विभिन्न बैच में किया गया। प्रशिक्षण 24 मार्च से प्रारंभ होकर 29 मार्च तक विभिन्न सत्रों में आयोजित किया गया। इसमें भारत सरकार मबावि मंत्रालय द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ईसीसीई हेतु नेशनल करीकुलम 2024 आधारशिला एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था उ?द्दीपन के लिये नेशनल फेमवर्क (नवचेतना) तैयार किये गये हैं। पोषण भी पढ़ाई भी अंतर्गत आधारशिला एवं नवचेतना को आंगनवाड़ी केंद्र में क्रियान्वित करने के संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं क प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में पर्यवेक्षक रोशनी पटेल, शाहीन अंजुम, वर्षा पांडे, ज्योति श्रीवास्तव, दीपा मिश्रा एवं सरवरी बेगम द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## रेत माफिया बेखौफ, बीच नदी से रेत चोरी करने का वीडियो वायरल

### पुलिस ने की कार्रवाई

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में रेत माफिया बेखौफ होकर नदियों से रेत का अवैध खनन कर परिवहन कर रहे हैं। एक रेत माफिया ने तो नदी से रेत चोरी करने की एक रील बना कर सोशल मीडिया में अपलोड कर दी। जब मामला पुलिस के पास पहुंचा तो उसने अपने सोशल साइट से उस वीडियो को डिलीट कर दिया। हालांकि पुलिस ने रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर को ब्यौहारी पुलिस ने जब्त कर दो लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बेडरा समधिन नदी से रेत का अवैध खनन कर परिवहन करने की खबर पुलिस को मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक ट्रैक्टर को मौके से जब्त किया। इसमें रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। पुलिस को देखकर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगा, तभी पुलिस ने दौड़ लगा दी और आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी चालक अमर सिंह एवं वाहन मालिक सुनील यादव पर खनिज अधिनियम एवं अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।

नदी में रेत चोरी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करने का भी मामला प्रकाश में आया है। यह मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के मंटोलिया गांव में स्थित कुंनुक नदी का है। सोशल मीडिया में एक वीडियो अपलोड किया गया, जिसमें नदी के बीचो-बीच एक ट्रैक्टर खड़ा हुआ है। इसमें कुछ मजदूरों के दौरा रेत ट्रैक्टर ट्राली में भारी जा रही है। सोशल साइड में अपलोड करने वाला शख्स अरुण कुमार साहू है। वीडियो सोशल मीडिया में रील बनाकर डाला गया। इसके बाद जैतपुर पुलिस को इसकी भनक लगी, पुलिस ने वीडियो की जांच करने के लिए मौके पर टीम को भेजा तो यह वीडियो मंटोलिया कुनुक नदी का है।

मंटोलिया के ग्रामीणों का कहना है कि यहां दिन रात रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन अरुण कुमार साहू एवं दो अन्य लोग मिलकर कर रहे हैं। पुलिस जब मौके पर पहुंचती, उसके पहले ही ये लोग ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गए।

जैतपुर थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड़ ने बताया कि एक युवक ने सोशल साइड में रेत चोरी का वीडियो अपलोड किया था। हमें जब जानकारी मिली तो हमने टीम को मौके पर भेजा था, लेकिन मौके पर कोई वाहन नहीं मिला। पुलिस के पहुंचने के पहले ही ट्रैक्टर लेकर माफिया भाग गए थे। ऐसी लगातार शिकायतें आ रही हैं कि कुंनुक नदी से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। हम कार्रवाई करेंगे।

## नवरात्र में चहुंओर गूंज रहे माता के जयकारे

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली नगर में स्थित ख्याति लब्ध कलचुरी कालीन महिषासुर मर्दिनि माता अष्ट भुजी बिरासिनी मां के मंदिर में बासंतीय नवरात्रि में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि में कलश स्थापना उमरिया जिले के कलेक्टर धरणेन्द कुमार जैन के हाथों संपन्न हुआ ।विदित होवे कि आदि काल से ही माता बिरासनी देवी के दरबार में जवारा कलश बोये जाने की परंपरा रही है , उसे कायम रखते हुए आज सुबह कलश स्थापना कर जवारा कलश बो कर घट स्थापना की गयी । बताया जाता है कि पहले कलेक्टर ने माता की विधिवत पूजा आराधना की तत्पश्चात् घट स्थापना की गयी , साथ ही ज्योति कलश की स्थापना दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।

इस अवसर पर बांधवगढ़ विधायक शिव नारायण सिंह कलेक्टर के साथ घट स्थापना किया । इस पावन पर्व के शुभारंभ पर अम्बिकेश प्रताप सिंह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,डीलन सिंह,सनत सिंह तहसीलदार पाली ,मदन लाल मरावी नगर निरीक्षक पाली भूपेन्द्र सिंह पेन्दो मुख्य नगरपालिका अधिकारी पाली, नगर के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

## मां बिरासिनी मंदिर पहुंचे कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, की घट स्थापना

**उमरिया, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर जिलेभर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। नवरात्रि के प्रथम दिन जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने मां बिरासिनी के चरणों में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिव गोविंद मरकाम और एसडीएम अंबिकेश सिंह ने बिरसिंहपुर पाली स्थित मां बिरासिनी शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

नवरात्र के प्रथम दिन शक्ति की उपासना हेतु घट स्थापना की जाती है। इसी क्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ घट स्थापना कर देवी आराधना की। इस दौरान मंदिर परिसर में भव्य अनुष्ठान संपन्न हुआ। मां बिरासिनी शक्तिपीठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भक्ति से ओतप्रोत माहौल बना रहा।

### श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह

मां बिरासिनी मंदिर जिले का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है, जहां चैत्र और शारदीय नवरात्रि में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। नवरात्रि के पहले दिन माता के दरबार में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। भक्तों ने माता रानी के चरणों में नारियल, चुनरी और फूल अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।



मंदिर के पुजारियों ने विधिवत पूजा संपन्न कराई और हवन-पूजन का आयोजन किया।

इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि नवरात्रि शक्ति साधना और आत्मशुद्धि का पर्व है। मां बिरासिनी से जिले की खुशहाली और विकास की प्रार्थना की गई है। वहीं, जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ने कहा कि यह पर्व हमें सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अपर कलेक्टर शिव गोविंद मरकाम और एसडीएम अंबिकेश सिंह ने भी मां बिरासिनी के दर्शन कर जिले की सुख-समृद्धि और जनता के कल्याण की कामना की।

### नवरात्र में नौ दिनों तक चलेगा सदाव्रत

**बिरसिंहपुर पाली,देशबन्धु।** जिले के पाली स्थित माता बिरासनी देवी मंदिर में देश भर बहु प्रसिद्धि जगत जननी मां बिरासनी देवी की धार्मिक नगरी में नवरात्रि पर्व के नौ दिनों तक अखंड भंडारा का आयोजन नगर के ख्याति लब्ध दवा व्यवसायी कुशलेन्द शर्मा के व्दारा आयोजित किया जा रहा है ।आप पाली नगर के कीर्तिमान चिकित्सक डॉ आर के शर्मा जी के सुपुत्र है । मालूम होवे कि यह सदाव्रत कई सालों से लगातार चल रहा है ,जब इस भंडारा का आयोजन साल के दोनों नवरात्रि में पूरे नौ दिनों तक नगर में आने वाले सभी श्रद्धालुओ को भंडारा मे बुला -बुला कर आदर के साथ प्रसाद खिलाने और ठण्डा पानी पिलाया जाता है । इस अवसर पर कुशलेन्द शर्मा जी दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को जिस आत्मीय भाव से अपने हाथों से भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाता है,वह हर एक श्रद्धालुओं को मन मुग्ध कर देता है। नवरात्रि के प्रथम दिवस मे चूंकि अधिकांश श्रद्धालु व्रत रहते हैं अत: प्रसाद ग्रहण कर सकें, इसलिए फलाहारी प्रसाद के रूप में साबूदाना और कपूर कंद का वितरण किया गया। इस नगर में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण हर दिन कर पुण्य दायी काम किया जा रहा है । श्री शर्मा जी के इस पुण्य दायी काम जिस मुस्कान,मधुर वाणी से आग्रह पूर्ण प्रसाद वितरण किया जा रहा है, उनके साथ लगे सेवादारों का व्यवहार भी थके हारो में ताजगी और उत्साह से भर देता है , साथ ही स्वर संगीत में मां के भजन सुम धूम ध्वनि भक्तों के लिए आकर्षक का केन्द्र बन जाता है । श्री शर्मा जी ने अपने बातचीत में बताया कि मां के दरबार में आने वाले भक्त गणो को प्रसाद और ठण्डा पानी मिल जाए,बस इसी कामना है ।

### सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा

चैत्र नवरात्र के दौरान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। पुलिस बल को मंदिर परिसर में तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। साफ-सफाई और दर्शन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नगर पालिका की टीम भी सक्रिय है। मां बिरासिनी शक्तिपीठ में नवरात्र के दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# नवरात्रि विशेष: तुलराधाम में आज भी मां विरासनी माता के दर्शन करने आते हैं शेर

## पुष्पराजगढ के घने जंगलों के बीच पहाड़ में विराजी चतुर्भुजी मां करती हैं मनोकामना पूरी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले की ख्याति मां नर्मदा उद्गम मंदिर अमरकंटक के कारण है। नर्मदा, सोन, जोहिला की उदगम नगरी अमरकंटक में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन, पूजन के लिये आते हैं। इसके साथ ही जिले में देवी माता का एक मंदिर ऐसा भी है कि जहां आज भी जंगल के राजा शेर देवी के दर्शनों के लिये आते हैं। पुष्पराजगढ़ के घने जंगलों के बीच स्थित तुलराधाम तक बहुत लोग नहीं पहुंच पाते। लोगों को यहां की जानकारी भी कम है। लेकिन यहां आसपास के हजारों श्रद्धालुगण दर्शन, पूजन के लिये आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ति के लिये प्रार्थना करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां अपनी सात बहनों के साथ विराजित चतुर्भुजी विरासनी माता सच्चे मन से मांगी गयी मनोकामना को अवश्य पूरा करती हैं। विंध्य क्षेत्र में हजारों साल पुरानी ऐसी बहुत सी सुंदर, तेजमयी देवी - देवताओं की प्रतिमाएं पाई जाती हैं। उनमें से एक बहुत सुंदर विरासनी



माता की प्रतिमा पुष्पराजगढ़ के ग्राम तुलरा में स्थापित हैं।

अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के ग्राम तुलरा के तुलरागढ़ में चतुर्भुजी माता विरासनी की प्राचीन मूर्ति स्थापित है। माताजी के साथ सात बहनों की प्रतिमाएं भी यहां विराजित हैं। यहां आने वाले भक्तगण और पुजारी जी के अनुसार माता जी अपने भक्तों की पीड़ा को हर लेती हैं। जिन भक्तों के संतान नहीं है, माता संतान देती हैं। यहां पागल ठीक होते हैं। चैत्र नवरात्रि पर्व पर भक्त ज्योति कलश जलवाते हैं। जवारा भी बोया जाता है। यहां के घने जंगल में शेर के बहुत सारी गुफाएं हैं। माताजी के दर्शन करने के लिए माताजी की सवारी भी यहां आते हैं। जिन्हे हमेशा लोग प्रत्यक्ष रूप से देखते हैं। पहाड़ में जहां सरई, बेल का जंगल में माता के स्थान पर जलप्रपात है। यहां से पानी ले जाकर कर कृषक अपने खेतों का सिंचाई करते हैं।

बताया जाता हैं कि दशकों पहले एक बैगा जनजाति के व्यक्ति को माताजी को स्वप्न दिए कि मैं तुलरा की कुल्हाड़ी नदी में हूं। मुझे आकर के ले चलो। तब बैगा जनजाति का व्यक्ति प्रात: काल उठकर तुलरा नदी में जाकर के मूर्ति को देखा लगा कि यह बहुत भारी है और उठा न पाने के डर से वापस आ गया माॅ पुन: रात्रि में स्वप्न आई और बोली कि मुझे लेकर क्यों नहीं आया तब वह कहता है कि आप बहुत भारी हैं इसलिए मैं आपको नहीं ला पाया। तब माॅ कहती हैं कि तुम मुझे उठाकर देखना मैं आ जाऊंगी। लेकिन जिस स्थान पर रख दोगे, मैं वहां से दोबारा नहीं उठूंगी। एक बार में तुम जहां ले जाना चाहते हो, मैं चली जाऊंगी। वह व्यक्ति नदी में जाकर श्रीफल चढ़ा, पूजा- प्रार्थना कर मूर्ति को सर में उठाकर चलना प्रारंभ किया। जैसे ही वह जंगल में प्रवेश किया, वहां जलप्रपात देख कर व्यक्ति को प्यास लग आई। वह मूर्ति को महुआ की वृक्ष पर रख करके पानी पीने चला गया। जल पीकर के उसने पुन: माताजी को उठाने का प्रयास किया। लेकिन माता जी की प्रतिमा वहां से फिर नहीं उठीं। वह व्यक्ति वहीं पर मां भगवती को प्रणाम करके छोड़ चला जाता है। बहुत दिनों तक लोगों को माताजी की मूर्ति के बारे में नहीं पता था। फिर लोगो को जैसे-जैसे पता चला लोग माता जी के दर्शन करने आने लग गये।

ग्रमीणों ने बताया है कि वर्षो पहले यहां बहुत घना जंगल था। 1997 में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बनारस से विद्वानों को बुलाकर माताजी का मंदिर, राम दरबार का मंदिर, शंकरजी का मंदिर बनवाकर प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा कर स्थापना कराया। 1997 से यहां प्रधान पुजारी के रुप में सेवा दे रहे उमेश पाठक बताते हैं कि मां बिरासिनी सभी भक्तजनों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। स्थानीय लोग क्वांर और चैत्र नवरात्रि में माताजी की नौ दिनों तक पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। अखंड ज्योति जलाई जाती है,जवारे लगाए जाते हैं। भजन, कीर्तन, हवन, भंडारा होता है। यहां मेला भी लगता है। जैसे-जैसे यहां स्थापित माई की ख्याति फैल रही है, यहां आने वाले भक्तों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है।



# थाना कोतमा में शांति समिति बैठक

**अनूपपुर, देशबन्धु।** थाना कोतमा में आगामी चेट्री चंड्र उत्सव, गुड़ी पड़वा, ईद उल फितर, रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव को शांति पूर्ण मनाये जाने हेतु शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, शांति समिति की बैठक में एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य, तहसीलदार कोतमा ईश्वर प्रधान, नगर पालिकाध्यक्ष अजय सराफ, नगर पालिका सीएमओ प्रदीप झारिया, पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, कोतमा थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह मरावी एवं उक्त कार्यक्रमों के आयोजक गण, मीडिया बंधु, गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिको ने पर्वो के दौरान कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु, पर्वो के जुलुस में महिला बल के साथ पुलिस की व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन को सुझाव दिया गया। बैठक में उपस्थित समस्त गणमान्य नागरिको पुलिस एवं प्रशासन द्वारा नगर में शान्ति की परंपरा को बनाये रखते हुए आगामी सभी पर्वो को मिल जुलकर शांति पूर्वक मनाये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## सार-समाचार



# जीवन के लिए जल अत्यंत महत्वपूर्ण और आवश्यक : विधायक बिसाहू लाल

### अनूपपुर जिले में ग्राम भोलगढ़ से जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ

**अनूपपुर, देशबन्धु।** विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह ने कहा है कि जीवन के लिए जल बहुत ही महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये सभी नागरिकों को आगे आना होगा। जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता है। तालाबों को सहेजने की आवश्यकता है। सभी को मिलकर प्रयत्न करना होगा कि तालाबों में पानी हमेशा भरा रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पहल पर दूसरी बार जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण, प्रकृति तथा जल के संरक्षण के लिए महती भूमिका निभा रहा है। विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर अंतर्गत ग्राम भोलगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में विधायक अनूपपुर द्वारा रहीम दास जी के दोहे रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चून के माध्यम से जल के महत्व को लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शुद्ध एवं स्वच्छ जल को घर-घर तक पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अभियान भी चलाया जा रहा है। शासन एवं प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान आज अर्थात 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा। उन्होंने सभी से अभियान में सहभागिता निभाने और जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अपना-अपना योगदान देने का आह्वान भी किया।

**श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ**

विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह ने ग्राम भोलगढ़ के ससन तालाब में श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया तथा जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु लोगों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु अपील भी की।

**जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु दिलाई शपथ**

विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलाई तथा जल के उपयोगिता के संबंध में लोगों को जागरुक भी किया।

**जिले में 3739 जल स्त्रोत के संवर्धन के कार्य की स्वीकृति** -अनूपपुर जिले में लगभग 3739 जल स्त्रोत के संवर्धन के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसके अंतर्गत जनपद अनूपपुर में 696, जनपद जैतहरी में 1205, जनपद कोतमा में 529 एवं जनपद पुष्पराजगढ़ में 1309 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यो में तालाब, कुआं, बावड़ी सहित अन्य जल स्त्रोतों को शामिल किया गया है।

# एसआई राघव बागरी एवं एएसआई अरविंद राय लाइन अटैच

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भालूमाड़ा थाना में पदस्थ एसआई राघव बागरी एवं एएसआई अरविंद राय को पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने लाईन अचैट किया गया है। मामले की जानकारी के अनुसार भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिकारपुर में 25 मार्च की रात को मुखबिर की सूचना पर गांजा परिवहन के मामले में आरोपियों को पीछा किया गया था, जहां आरोपी गांजा छोड़कर मौके से फरार हो गया, इस बीच एएसआई अरविंद राय ने गांजा के जब्ती की कार्यवाही नही करते हुए बिना थाना प्रभारी को सूचना लगभग 80 किलो गांजा को ग्राम भाद के किसी गौतम को बेच दिया गया। जिसकी सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने एएसआई अरविंद राय को लाईन हाजिर किया गया है,वहीं भालूमाड़ा थाना में पदस्थ एसआई राघव बागरी को पुलिस अधीक्षक ने लाईन हाजिर किया गया है। बताया जा रहा है कि भालूमाड़ा में पदस्थ होते हुए इन पर गश्त के दौरान रेत के अवैध उत्खनन वा परिवहन करने की छूट दी गई थी। दोनो ही मामलों में पुलिस अधीक्षक ने उन्हे लाईन हाजिर कर दिया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : ग्राम बनौली में की कुआंताल जलाशय की सफाई

**पन्ना, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार आगामी तीन माह तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज जिले के विभिन्न स्थानों पर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के साथ ही जनप्रतिनिधि और अधिकारियों द्वारा आमजनों से अभियान में भागीदारी की अपील की गई।

अभियान अंतर्गत रविवार को जल संसाधन संभाग पन्ना तथा केन-बेतवा संभाग क्रमांक 1 पवई के तत्वाधान में ग्राम बनौली स्थित कुआंताल जलाशय की साफ-सफाई और संरक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित



आमजनों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इसके अतिरिक्त अजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवगांव में जिला पंचायत सदस्य रचनादेवी पटेल एवं सरपंच पुष्पादेवी कोंदर ने ग्रामवासियों की सहभागिता से कलश यात्रा निकाली और जल संरक्षण एवं इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया।

ग्राम पंचायत भसूड़ा में अभियान के शुभारंभ पर ग्रामवासियों के सहयोग से रैली निकाली गई। इसी तरह शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत महगवां सरकार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्राचीन तालाब के घाट की सफाई की।

# सिंधु समाज ने भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**अनूपपुर, देशबन्धु।** सिंधु समाज के नववर्ष की शुरुआत इनके प्रमुख त्योहार(चेटीचंड) आराध्य देवता भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में मनायां 30 मार्च को जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित कोतमा में धूमधाम से मनाया गया। इसे झूलेलाल जयंती के नाम से भी जाना जाता हैं। भगवान झूलेलाल का जन्म सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने के लिए हुआ था। सिंधी समाज के लोग सुबह से गुरूद्वारा में भगवान झूलेलाल की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई इसे बाद भण?डारा का आयोजन किया गया। शाम को भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा पूरे शहर में निकाल कर मड़फा तलाब में विसर्जन किया गया।

सिंधी समाज के लोग 30 मार्च की सुबह से गुरूद्वारा में भगवान झूलेलाल की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भण?डारे का प्रसाद लोगो को खिलाया। शाम को भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा पूरे शहर में महिला शक्तियों ने डांडिया खेलते हुए भगवान झूलेलाल के भजन गाते निकाले रहें। नगर भ्रमण के दौरान पूरे रास्ते में फूल की पंखुड़ियों से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद सामतपुर के मड़फा सरोवर मे विसर्जन के बाद कार्यक्रम समाप्त होगा।

**महत्व और कथा**-धार्मिक मान्यता है



कि संत झूलेलाल वरुण देव के अवतार हैं। चेटीचंड के दिन भगवान झूलेलाल की पूजा से सुख, समृद्धि का वरदान मिलता है और व्यापार में कभी कोई रुकावट नहीं आती। उपासक भगवान झूलेलाल को उदेरोलाल, घोड़ेवारों, जिन्दपीर, लालसाँई, पल्लेवारो, ज्योतिनवारो, अमरलाल आदि नामों से भी पूजते हैं।

संवत् 1007 में पाकिस्तान में सिंध प्रदेश के ठट्टा नगर में मिरखशाह नामक एक मुगल सम्राट राज्य करता था. उसने जुल्म करके हिंदू आदि धर्म के लोगों को इस्लाम स्वीकार करने पर मजूबर कर दिया।

उसके आतंक से तंग आकर सभी ने सिंधू नदी के किनारे एकत्रित होकर भगवान का स्मरण किया. भक्तों की कड़ी तपस्या के परिणाम स्वरूप नदी में मछली पर सवार एक अद्भुत आकृति नजर आई और फिर ठीक सात दिन बाद चमत्कारी बालक ने श्रीरतनराय लोहाना के घर जन्म लिया, यही भगवान झूलेलाल कहे गए। कोतमा में भगवान झूलेलाल का प्रकृट्यत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कोतमा नगर में शोभा यात्रा निकल गई। धार्मिक मान्यता अनुसार भगवान झूलेलाल का जन्म, अत्याचारी शासक के जुल्मों से बचाने के लिए उनका जन्म हुआ था सिंधी में चैत्र के महीना को चैत कहा जाता है। जब चैती चैत्र के दौरान जब अमावस्या के बाद पहली बार चंद्रमा दिखाई देता है तो इसे चेटीचंड कहा जाता है।

सिंधी मान्यता अनुसार इसी तिथि पर सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी का जन्म भी हुआ था सिंधी समाज के साथ लोग इसे बड़े ही धूमधाम के साथ मानते हैं। इन दिन से सिंधी नव वर्ष की शुरुआत भी मानी जाती है। यह पर्व हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। कोतमा नगर में सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकली गई। इस दौरान प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल भी शामिल होकर भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा के बाद सिंधी धर्मशाला में लंगर का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी धर्म के लोगों ने बढ़-कर हिस्सा लिया।

# भारत का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध एवं स्वर्णिम : मंत्री जायसवाल

## अनूपपुर में विक्रमोत्सव सूर्योपासना कार्यक्रम आयोजित

**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि हमारे भारत का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध एवं स्वर्णिम है। हमारा भारत संस्कार, संस्कृति एवं परंपरा का परिचालक है। हमारे भारत के गौरवपूर्ण इतिहास पर पूरी दुनिया हमेशा ही गर्व करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकास के साथ-साथ तीज त्यौहार एवं पर्व मनाने का निर्णय लिया है। आज भारत का नव वर्ष अर्थात विक्रम संवत है, आज के दिन को हम भारतीय संस्कृत में नव वर्ष के रूप में मनाते हैं, विक्रम संवत की शुरुआत अवंती के सुप्रसिद्ध सम्राट विक्रमादित्य द्वारा किया गया था, आज का दिन हिंदू नव वर्ष में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय दिन है। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल अनूपपुर जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित विक्रमोदित्य-2025 कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम को संबोधित किये।

राज्य मंत्री ने सभी को चैत्र नवरात्रि, चैटीचंद, गुड़ी पड़वा एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज नव वर्ष के साथ-साथ आदिशक्ति जगत जननी मां जगदंबा की आराधना कर अपनी जिम्मेदारियां का पूरे निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए आगे बढ़े। हमारी संस्कृति विश्व का कल्याण एवं प्राणियों में सद्भावना जैसे विचार रखने वाली वाली संस्कृति है। हमें





इस संस्कृति पर गर्व है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मध्य प्रदेश की धरती पर जहां-जहां पर भगवान श्री राम तथा भगवान श्री कृष्ण के चरण पड़े, वहां-वहां राम पथ गमन एवं श्री कृष्ण पाथेय योजना के अंतर्गत तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किए जाने का बजट पास किया गया है। कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि हमारा भारत वैदिक काल से ही संस्कृति सभ्यता और परंपरा का केंद्र रहा है। हमारा भारत ऋषि मुनियों का देश है, आज का दिन सरकार ने हर्षोल्लाह, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाने का निर्णय लिया है, यह अत्यंत



महाकाल की नगरी उज्जैन ज्योतिष काल गणना का मुख्य केंद्र रहा है, हमारी सरकार द्वारा उज्जैन में वैदिक घड़ी की स्थापना की है, जो वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर भारत का विक्रम पंचांग, जिसे सर्वश्रेष्ठ कैलेंडर माना गया है के अनुसार समय, नक्षत्र, ग्रह, पूर्णिमा, अमावस्या, सूर्य ग्रहण सहित अन्य जानकारी प्रदान करता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश राज्य सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। इसी प्रकार कार्यक्रम को जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजेन्द्र तिवारी ने भी संबोधित करते हुए विक्रम संवत के महत्व व भारतीय संस्कृति के संबंध में विचार रखें।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिक राठौर ने ब्रह्म ध्वज का वंदन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में रंग अनुभव संस्कृत शिक्षा समिति रीवा द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया गया। इसी प्रकार धर्मवीर भारती द्वारा लिखित नाटक अंधायुग अश्वत्थामा के अंश भाग की प्रस्तुति तथा वैष्णवी द्विवेदी एवं अंशिका मिश्रा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई, प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन, मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल एवं जिला प्रशासन अनूपपुर के सहयोग से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में सीईओं तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, समाजसेवी प्रेमचंद यादव, लाल बहादुर जयसवाल स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय महिला, पुरुष, युवा उपस्थित रहे।

# दैनिक राशिफल

**सोमवार 31 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-अश्विनी।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।
क-

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

# त्यौहारों के मद्देनजर सीधी पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**• चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस, त्वरित होगी कार्रवाई**

**सीधी देशबन्धु।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसरों, देवालयों मे श्रद्धांलू ज्यादा संख्या मे रहेंगे ऐसी स्थिति में दर्शानार्थी बनाई गई व्यवस्था अनुरूप ही दर्शन करें व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्ति पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी । पुलिस द्वारा आमजनो को स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है कि यदि अलग अलग धर्म सम्प्रदायों के पूजा, इबादत स्थल अगल बगल अथवा पास पास हैं तो वहा पर सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखते हुए अपने अपने त्योहारों को मनाएं, शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्ति पर कठोर डंडात्मक कार्रवाई की जावेगी जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। प्राय: देखा जाता है की त्योहारों के समय युवा पीढ़ी शाम को मोटरसाइकिलो पर निर्धारित संख्या से ज्यादा बैठकर निर्धारित रफ्तार से ज्यादा रफ्तार मे शहर



एवं बाजार क्षेत्र मे घूमते हैं एवं स्वयं तथा सड़क पर चलने वाले आमजन के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं, ऐसे व्यक्ति सावधान रहें सीधी पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात है एवं ऐसे व्यक्तियों पर मोटरव्हीकल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। किसी प्रकार की रैली अथवा कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व सक्षम अधिकारी से अनुमति अवश्य लें। बिना अनुमति कार्यक्रम करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। दोनों पर्वों के दौरान शांति बनाये रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। लाउड म्यूजिक के नियमों का पालन करें निर्धारित समय के बाद तेज आवाज में संगीत न बजाएं। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है इसलिए किसी भी प्रकार की अफ्वाह से बचें, अफ्वाह फैलाने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जावेगी।

**इनका कहना है....**

सीधी पुलिस शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारो को संपन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबद्ध एवं सक्षम है। अत: आमजन से अपील एवं असमाजिक तत्वों को चेतावनी है कि त्योहारों के इस समय मे ऐसा कोई कृत्य नहीं करें जिससे शांति व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द भंग हो। कानून हाँथ में लेने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**डॉ. रविंद्र वर्मा**
पुलिस अधीक्षक सीधी

# बाइक से डॉ.देवेन्द्र ने पूरी की दक्षिण भारत की यात्रा, सांसद ने किया अभिनंदन

**सीधी देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रतिनिधि डॉ.देवेंद्र त्रिपाठी एवं अशोक द्विवेदी विगत दिनों मोटर साइकिल से दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थानों की धार्मिक यात्रा 21 दिनों में सम्पन्न किए जाने पर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने उनके निवास पहुँच कर भेंट कियें एवं इस सफ्ल यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अभिनंदन किया। इस अवसर पर अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**यात्रा रही ऐतिहासिक और भव्य : डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी**

मोटरसाइकिल से 21 दिनों में दक्षिण भारत की यात्रा से लौटे डॉक्टर देवेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि यात्रा ऐतिहासिक और सुखद रही। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधुनिक भारत की झलक जगह.जगह देखने को मिली। विकास के साथ.साथ विरासत को भी संभालने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। रास्ते में आए हुए ऐतिहासिक स्थल, धार्मिक स्थल और पर्यटन स्थल सभी भव्य और दिव्य हो रहे हैं। यात्रा सफ्ल और सुखद रही, इसके लिए सभी स्वजनो का हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

## सार-समाचार

### सांसद डॉक्टर मिश्रा ने सुनी मन की बात



**सीधी देशबन्धु।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सीधी जिले के नगर मण्डल अंतर्गत वार्ड क्र. 21 में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष डॉ.विक्रम सिंह, प्रमोद द्विवेदी, नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज पांडेय, डॉ मनोज सिंह परिहार, श्रीमती रन्नू साकेत, अमित प्रधान, कौशलेंद्र सिंह, चंदन मिश्रा, नरेन्द्र गौतम, अभय सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुढ़ क्षेत्र के कई गांवों में हुआ बिजली नवीनीकरण का कार्य

**गुढ देशबन्धु।** युवा समाजसेवी प्रभात कुमार पांडेय ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को पत्र लिखकर क्षेत्रों की समस्या से अवगत कराया था रीवा गुढ़ विधानसभा अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमिलिहा, जरहा, उपडौरा अमवा, गौरा,दुआरी एवं अन्य गावों में नए सर्वे करा कर जरहा सब स्टेशन से लगे सभी गावों में विद्युत सप्लाई करने के लिए गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह एवं मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को पत्र लिखकर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया गया था जिसमें मुख्य ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या कम वोल्टेज,विद्युत कटौती,किसानो की फसलों का नुकसान,बच्चों के पठन पाठन जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर पत्र में उल्लेख किया गया था ऊर्जा मंत्री मध्य प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए सर्वे कर तत्काल नवीनीकरण कर समय सीमा में कार्य किए जाने को लेकर आदेश दिये थे।।तथा कार्य पूरा होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किए है।



### शांति एवं सदभाव पूर्वक मनाएं ईदुल फितर का त्यौहार: अफजल

**चुरहट में ईद की नमाज के व्यवस्था कमेटी ने बनाई**

**चुरहट देशबन्धु।** चुरहट में आज ईदुल फितर का चाँद दिख गया है और कल 31 मार्च 2025 सोमवार को मनाया जावेगा। ईद की नमाज जामा मस्जिद चुरहट वार्ड क्रमांक 1 में सुबह 8.30 बजे पर मुकर्रर समय परइमाम मोहम्मद इकरामुल हसन साहब के जेरे इमामत में अदा होगी। साथ ही जो दूर दराज पास पड़ोस के चंद मुस्लिम नमाजी किसी कारणवश छूट जायेगे, तो जामा मस्जिद चुरहट नमाज के लिए व्यवस्था की गई है वार्ड क्रमांक 01 में जामा मस्जिद बनी है में इमाम हाफिज साहब मोहम्मद इकरामुल हसन पैसे इमाम मस्जिद कमेटी की गई समय 8 30 बजे अदा कराई जायेगी। यह त्यौहार मुस्लिम भाइयों का एक मात्र रमजानुल मुबारक के रोजा रखने पर अल्लाह की वदनियत/शुक्रिया अदा की जाती है। इसमें चुरहट नगर /पुलिस प्रशासन/नगर का चुरहट नगर परिषद भरपूर सहयोग प्रति वर्ष किया जाता है। पार्षद अफजल खान ने समस्त नगर वासियों ईदुल फितर का पर्व शांति व सदभाव पूर्वक मनाने की अपील की है।



## सिहावल पुलिस नें नाबालिक किशोर को ढूंढकर परिजनों को किया सुपुर्द

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी सिहावल उप निरीक्षक विशाल शर्मा व टीम नें नाबालिक किशोर को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया है । चौकी सिहावल मे एक सप्ताह पूर्व एक परिजन नें रिपोर्ट किया कि उनका नाबालिक भतीजा घर से गायब है, रिश्तेदारी नातेदारी मे पता किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित करते हुए उनके निर्देशन में मामला पंजीबद्ध कर सिहावल पुलिस ने किशोर का पता तलाश किया था किन्तु गुमशुदा किशोर के सम्बन्ध में तुरंत कोई जानकारी नहीं मिली थी।

# जीवन में निखार लाने के लिए सतत् प्रयास करना चाहिए: द्वारिका प्रसाद गुप्त

**• सरस्वती विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित**

**सीधी देशबन्धु।** शिक्षा के सांथ संस्कारों की जननी सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया में वार्षिक परीक्षा फ्ल के घोषणा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्त एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अनिल गौतम रहे। प्राचार्य राजकुमार सिंह ने प्रस्तावना संदेश में कहा कि विद्या भारती भारत ही नहीं, पूरी दुनिया का इकलौता निजी संस्थान है, जो इतनी बड़ी संख्या में भैया.बहनों को शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। विद्यालय के व्यवस्थापक ने भैया बहनों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि यदि हम प्राचार्य के द्वारा बताए गए सभी गतिविधियों में भागीदारी करेंगे, तो हमारे साथ.साथ विद्यालय का नाम भी रोशन होगा। अपने जीवन में निखार लाने के लिए हमें सतत प्रयास करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अनिल गौतम ने कहा कि मैं 1991 से 2003 तक इसी विद्यालय का छात्र रहा हूं। आज हमें गर्व महसूस होता है कि हमारे आचार्यों ने हमें समाज में खड़े होने के लायक बनाया। विद्यालय की गृह परीक्षाओं का परीक्षा फ्ल 99 प्रतिशत रहा, वहीं बोर्ड कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा फ्ल सत् प्रतिशत रहा। पाली प्रभारी श्रीमती साधना खरे, संगीता सिंह, रश्मि द्विवेदी, रामायण सिंह, पुष्पेंद्र मिश्रा, अमृत लाल सोनी एवं सभी आचार्य एवं दीदियों एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी सफ्ल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिए हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया।



# विक्रमोत्सव के अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सीधी देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ के अवसर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन तथा विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य का मंचन मानस भवन सीधी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन व ब्रहम ध्वज का पूजन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा जिले एवं प्रदेश वासियों को विक्रम नव संवत्सर 2082 के आरंभ के अवसर पर मंगलकामनाएं दी। उन्होने क्षेत्र के समृद्धि एवं विकास की मंगल कामना की। सांसद ने भारतीय पांचांग के आधार पर सृष्टि आरंभ दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होने प्रदेश सरकार की इस पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। सांसद ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्यौहारों का निर्धारण मंल तिथियों के आधार पर होता है। हमारी सनातन संस्कृति की खगोलीय गणना पद्धति अद्वितीय है। मुख्यमंत्री जी की इस पहल से हमारी युवा पीढ़ी का जुड़ाव अपनी संस्कृति से होगा। लोग भारतीय मान्यताओं एवं परम्पराओं के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समझेंगे। कलेक्टर स्वरोषि सोमवंशी द्वारा जिलेवासियों को नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी गई।

# आजाद अध्यापक संघ ने विद्यालयों के समय परिवर्तन को लेकर सौंपा पत्र, मिला आश्वासन

**सीधी देशबन्धु।** गर्मी के तीखे होते तेवरों के मध्य बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर को देखते हुए आजाद अध्यापक संघ ने सरकारी स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग उठाई है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल को ज्ञापन सौंपकर समय परिवर्तन का अनुरोध करते हुए बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र अप्रैल माह से प्रारंभ होने जा रहा है किन्तु दोपहर के समय



चिलचिलाती धूम में घर से विद्यालय आने जाने में विद्यार्थी बीमार पड़ सकते हैं।

हरीश मिश्रा जिला अध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने बताया कि भरत पटेल प्रांताध्यक्ष के द्वारा पत्र सौंपते हुए मांग की गई है कि ग्रीष्म ऋतु के तापमान वृद्धि के कारण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। साथ ही धूप तेज होने के कारण उपस्थिति कम रहने की संभावना है। जिसे देखते हुए विद्यार्थियों एवम अभिभावको की ओर से संघ मांग करता है कि अप्रैल माह में शाला संचालन समय गर्मी की तीव्रता को दृष्टिगत रखते हुए 1 अप्रैल 2025 से सुबह की पाली में परिवर्तन करें। जिलाध्यक्ष ने हरीश मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष समय से पहले ही भीषण गर्मी के चलते छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है यहां तक कि उन्हें वर्तमान स्कूल समय के अनुसार दोपहर तक स्कूलों में रोक पाना भी



मुश्किल हो जायगा। उन्होंने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि प्रदेश के अन्य कई जिलों में बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए सीधी सहित मध्य प्रदेश के सभी जिलो में समय परिवर्तन किया जाए। श्री मिश्र ने बताया कि संघ को आश्वसन मिला है कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जायज मांग को त्वरित रूप से पालन में लाया जायेगा, विद्यालयों को समय परिवर्तन करते हुए सुबह की पाली से संचालन कराया जायेगा।

# कलश यात्रा से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा शुरू



**रीवा देशबन्धु।** प्रथम दिवस संगीतमय श्रीमद्भागवत का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। कलश शोभा यात्रा प्रात: 8 बजे भागवत कथा स्थल से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण से होते हुए वपिस कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं तथा शोभायात्रा के दौरान मनमोहक झांकी निकाली गई। कथा का आयोजन नेहरू नगर में श्याम सदन में महेश पांडे के परिसर में किया जा रहा है। गुरुदेव के परम शिष्य बृजेश पाण्डेय ने बताया कि कथा का समय दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक है। कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ पर विराजमान श्रीमद्भागवत कथा के सरस प्रवक्ता शैलेंद्र महराज अयोध्या जी श्री धाम ने अपनी मधुर वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का महातम्य बताया

मुख्य श्रोता गणेश पांडेय, महेश पांडेय, श्याम पाण्डेय, जुगरेश पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, उमेश पाण्डेय– ममता पाण्डेय, राकेश पाण्डेय– सरोज पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय– रीता पाण्डेय, प्रभाकर शुक्ला, भास्कर शुक्ला, कुबेर पाण्डेय, के के तिवारी, सतेंद्र पाण्डेय (गुरुकृपा), अशोक सिंह, प्रशांत सिंह, राजू बुंदेला, सौखीलाल शुक्ला, प्रशांत शुक्ला आदि शामिल हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन



**रीवा देशबन्धु।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम बरा पैपखार में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ नागेश त्रिपाठी के निर्देशन में चल रहा था इसका समापन कार्यक्रम डॉक्टर अभिमन्यु सिंह समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के मुख्य अतिथि एवं डॉ महानंद द्विवेदी प्रशासनिक अधिकारी शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के आई क्यू एसी प्रभारी डॉक्टर एसपी शुक्ला तथा ग्राम के समाजसेवी श्री रवि मिश्रा उपस्थित रहे कार्यक्रम का प्रारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्जन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन से प्रारंभ हुआ अतिथियों का स्वागत भाषण शिविर प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ नागेश त्रिपाठी द्वारा किया गया कार्यक्रम में पुरुष एवं महिला इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा डिजिटल साक्षरता एवं भारत के लिए युवा थीम पर आधारित शानदार नुक्कड़ नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी गई शिविर प्रतिवेदन स्वयं सेविका आरची सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में स्वयंसेवक रोहिणी बंसल द्वारा स्वरचित रचनाओं की प्रस्तुति सराहनीय रहीशिविर संचालन में महाविद्यालय के प्रो सत्येंद्र पटेल प्रो नित्यानंद चौधरी डॉ सोनी सिंह बघेल प्रो पूजा शुक्ला प्रो संस्कार पांडे एवं देवेश पांडे का विशेष योगदान रहा अंत में आभार प्रदर्शन महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ निवेदिता टेंभरे ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमित तिवारी डॉ गायत्री मिश्रा डॉ भूपेंद्र सिंह डॉ रविंद्र धुर्वे डॉ राज किशोर मिश्रा डॉ एस पी सिंह डॉ विनोद मिश्रा डॉ मुकेश शाह डॉ रावेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्राम विकास सेवा समिति ने कराया बोरी बंधान

*जल गंगा संवर्धन अभियान मऊगंज में आयोजित*



**मऊगंज देशबन्धु।** 30 मार्च 2025 को मध्य प्रदेश शासन का अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद संभाग समन्वय रीवा प्रवीण पाठक के निर्देशानुसार ब्लॉक समन्वयक मऊगंज अजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नव अंकुर संस्था ग्राम विकास सेवा समिति मऊगंज द्वारा आदर्श ग्राम मुदरिया चौबान में आयोजित कर अभियान का शुभारंभ किया गया। जहां पर जल संवाद कार्यक्रम एवं निहाई नदी में बोरी बंधान का कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सहयोग से किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती राजकुमारी रावत एवं सचिव संतोष सिंह तथा संस्था प्रमुख श्रीनिवास त्रिपाठी के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 को प्रारंभ होकर 30 जून 2025 तक चलेगा जिसमे विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम जलसंवाद, जल रैली, कलश यात्रा, जल संरक्षण हेतु संरचनाओं का निर्माण तथा बोरी बंधान व जल स्तर बढ़ाने हेतु कार्य संपादित किए जाएंगे उक्त अवसर पर स्फुटन समिति से राजेश कुशवाहा, नीरज चतुर्वेदी, विनय कुशवाहा सचिन उपाध्याय दयाशंकर चतुर्वेदी विश्राम रावत सरपंच प्रतिनिधि पंचू साकेत व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हाटेश्वर धाम हाटा में सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन

**मऊगंज देशबन्धु।** नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 के प्रथम दिवस हिंदू नव वर्ष की पावन बेला पर जिला विकास संघर्ष परिषद मऊगंज द्वारा हनुमाना तहसील के अधीन हाटेश्वर धाम हाटा में धार्मिक आयोजन के तहत श्री रामचरित मानस के सुंदरकांड का गायन किया गया। जिसमें अंचल के श्रेष्ठ गायक जनार्दन प्रसाद पांडे अधिवक्ता कर शैलेंद्र मिश्रा मजगामा संतलाल मिश्रा संत दास आदिवासी ने अपनी मधुर वाणी से मनमोहक प्रस्तुति दी। आयोजन में ख्याति प्राप्त गायक राजेश मिश्रा कौवा ढान भक्ति गीत गाकर आयोजन को भक्ति में से भर दिया। आयोजन की शुरुआत परिषद के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा मऊगंज द्वारा भगवान भोलेनाथ की वैदिक मित्रों के उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर की गई। कार्यक्रम के प्रभारी किसान नेता आर.डी. पटेल बधइयां बन्ना के द्वारा आए सभी अतिथियों का अभिनंदन व स्वागत किया गया कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से साहित्यकार राम निश्चय में पूर्व सीईओ राम प्रपंच मिश्रा सीएमओ हनुमान अरुण त्यागी कृष्ण मुरारी गुप्ता इंजीनियर अनिल मिश्रा समाजसेवी व पूर्व प्रधान अध्यापक रवि प्रताप द्विवेदी हनुमान गणमान्य नागरिक गंज लोचन मिश्रा मलइगमा संतोष अवधिया बबलू



अखिलेश श्रीवास्तव राजू अनिल कुमार गुप्ता मऊगंज सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र नाथ ने सिटी हॉल व्यवसाय हर्षित कोठी वाल, मीडिया कर्मी विजय जायसवाल प्रमोद पूर्व एस. डी. ओ. हरिदास यादव राघवेंद्र सिंह महिंद्रा कंपनी डीजी पटेल पूर्व सैनिक धर्मदास सिंह अधिवक्ता उच्च न्यायालय जबलपुर मानिक लाल द्विवेदी रामगोपाल प्यासी शिव शंकर नामदेव कमलेश्वर पटेल मलैगवां राम बहादुर पटेल सचिव गोपला, अधिवक्ता राजेंद्र तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता सतीश द्विवेदी राजाधौ, अशोक पटेल भदैया, अनिल शुक्ला खूटा, रामबाण मिश्र पूर्व प्राचार्य पार्टी बृजेंद्र सोनी पटेहरा देवेंदर द्विवेदी अधिवक्ता हनुमान कुमुद प्रसाद पांडे पुजारी भूपेंद्र भारती अशोक पटेल बधाइयां उमेश चतुर्वेदी मराठा प्रकाश मिश्रा राल्ही मऊगंज शाहित 84 क्षेत्र के कई गणमान्य जनों ने नववर्ष के आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई कार्यक्रम के समापन के पूर्व आयोजन कर्ताओं ने भंडारे में आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाया आयोजन में आए सभी के प्रति आभार जीत करते हुए आयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा मऊ अनजाने किस मऊगंज जिले के लाखों लोगों के उत्थान सम्मान विकास हुआ सुखसमृद्धि की कामना की।

## लेबनानी सेना ने शुरू की इजरायल में रॉकेट दागे जाने की जांच, संदिग्धों को किया गिरफ्तार

बेरूत, (आईएएनएस)। लेबनानी सेना के कमांडर जनरल रोडोल्फ हेकल ने कहा कि सेना शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान से इजरायल में हुए रॉकेट हमले की जांच कर रही है। मीडिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि लेबनानी क्षेत्र से रॉकेट हमले 'दुश्मन' की मदद करते हैं और उन्होंने सेना की भूमिका की पुष्टि की कि वह राजनीतिक या सांप्रदायिक संबद्धताओं से परे लेबनान और इसके लोगों की रक्षा करेगी। हेकल ने कहा, सेना दक्षिण में अपने मिशनों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रही है। इस तथ्य को लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल और युद्धविराम की निगरानी करने वाली पांच सदस्यीय समिति ने भी मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि लेबनान राष्ट्रपति जोसेफ औन के निर्देशों और सरकार की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र संकल्प 1701 और युद्धविराम समझौते को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# हमास ने गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव को दी मंजूरी, इजरायल ने दे दिया नया प्रपोजल

**तेलअवीव।** हमास ने गाजा पट्टी में इजरायल के साथ युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हमास की तरफ से शनिवार को कहा गया कि उसने मध्यस्थों इजिप्ट और कतर द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है लेकिन दुविधा तब पैदा हो गई जब इजरायल की तरफ से कहा गया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर एक नया प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से रिहा होने वाले बंधकों की संख्या में बदलाव किया गया है।

गाजा में युद्धविराम के लिए इजिप्ट और कतर पिछले कुछ समय से लगातार प्रयास करने में लगे हुए हैं। इसी के तहत उन्होंने हमास के सामने एक प्रस्ताव रखा था। इजिप्ट की तरफ से एक अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि इस समझौते के तहत हमास एक अमेरिकी-इजराइली समेत पांच जीवित बंधकों को रिहा करेगा जिसके बदले में इजराइल गाजा में मानवीय सहायता को पहुंचने देगा और एक सप्ताह के लिए युद्ध रोकने पर सहमत होगा।

साथ ही, इजराइल सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। गाजा में हमास के नेता खलील अल-हय्या ने इसे स्वीकार करने की घोषणा की लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इस घोषणा से पहले प्रस्ताव में बदलाव किया गया था या नहीं। इजरायल की तरफ से पेश किए गए नए प्रस्ताव पर कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन पीएम नेतन्याहू ने कहा कि यह प्रस्वात शुक्रवार को हुई चर्चा के बाद सामने आया है। इससे पहले इजरायल ने करीब दस दिन पहले हमास पर बंधकों को न छोड़ने का आरोप लगाते हुए सीजफायर तोड़कर हमला कर दिया था। इन हमलों में सैकड़ों लोग मारे गए थे। व्हाइट हाउस की तरफ से इजरायल को भड़काने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया गया था। इज़राइल ने चेतावनी दी है कि जब तक हमास 59 बंधकों को रिहा नहीं करता वह युद्ध नहीं रोकेगा। इसके अलावा, इजराइल हमास से सत्ता छोड़ने, अपने हथियार डालने और उसके नेताओं के निर्वासन की मांग कर रहा है। हमास का कहना है कि वह केवल तभी बंधकों को रिहा करेगा जब इज़राइल एक स्थायी युद्धविराम पर सहमत होगा, गाज़ा से अपनी सेना हटाएगा और फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के ग्रीनलैंड दौरे पर डेनमार्क में विरोध प्रदर्शन

**नुउक (ग्रीनलैंड), (आईएएनएस)।** डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और शहर आरहूस में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के हालिया बयान और कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शनिवार को हुआ, जो अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनके अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित पिटुफिक स्पेस बेस (पूर्व में थुले बेस) दौरे के एक दिन बाद हुआ। वैंस ने इस दौरान डेनमार्क पर ग्रीनलैंड के सुरक्षा मुद्दे या वहां के लोगों की भलाई को लेकर पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया।

कोपेनहेगन में डेनमार्क के एक प्रमुख राजनेता मोगेंस लिक्केटोफ्ट, जो पूर्व विदेश मंत्री और संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं, ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा, हमें अपना मामला संयुक्त राष्ट्र में लड़ना चाहिए, जहां यह निश्चित है कि अधिकांश देशों द्वारा ग्रीनलैंड के खिलाफ अमेरिकी आक्रमण की निंदा की जाएगी, और फिर हमें उन 70 प्रतिशत अमेरिकियों से समर्थन की अपील करनी चाहिए जो ग्रीनलैंड को अधिग्रहित करने के खिलाफ हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए। उनकी बातों को सुनकर भीड़ ने ग्रीनलैंडिक और डेनिश में नारे लगाए, जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया, ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना की, खासकर उनके स्वर को लेकर, जब उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड की आलोचना की थी। उन्होंने कहा, कई आरोप लगाए गए हैं। और हम आलोचना के लिए खुले हैं, लेकिन मैं पूरी तरह से ईमानदार रहकर कहूंगा।

हम इस स्वर को पसंद नहीं करते, जिस तरह से इसे व्यक्त किया गया है। यह आपके करीबी सहयोगियों से इस तरह की बात नहीं की जाती। और मैं अभी भी डेनमार्क और अमेरिका को करीबी सहयोगी मानता हूं। रासमुसेन ने अपने वीडियो संदेश में यह भी याद दिलाया कि 1951 में डेनमार्क और अमेरिका के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। उन्होंने कहा, इस समझौते के तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में अधिक मजबूत सैन्य उपस्थिति बनाने का पर्याप्त अवसर मिलता है, यदि यही आपकी इच्छा है, तो हम इस पर चर्चा कर सकते हैं।

## आज का इतिहास

1736- अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के अलमहाउस में 'बेल्व्यू अस्पताल' की स्थापना की गयी जो की अमेरिका का पहला सार्वजनिक अस्पताल बना।

1814- नेपोलियन विरोधी सैनिकों ने पेरिस पर कब्जा कर लिया।

1822-इंडिपेंडेंस-ओटोमन सैनिकों के ग्रीक युद्ध ने चियोस द्वीप पर 20 हजार से अधिक यूनानियों का नरसंहार शुरू किया।

1822-यूनान के स्वतंत्रता संग्राम के तुर्क सैनिकों ने नरसंहार का आरंभ चियोस द्वीप पर किया था।

1842- मिडलटन जंक्शन और ओल्डम शाखा रेलवे लाइन को उत्तरी पश्चिम इंग्लैंड के वेरनेस में खोला गया।

1854-अमेरिकी नौसेना के कमोडोर मैथ्यू सी। पेरी (जापानी चित्रण) और तोकुगावा ने संयुक्त रूप से कनागावा के कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए, जिसने अमेरिकी व्यापार के लिए जापानी बंदरगाहों को खोलने के लिए मजबूर किया।

1870-अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया।

1889-एफिल टॉवर का उद्घाटन पेरिस में किया गया था, जो फ्रांस का एक वैश्विक केंद्र बन गया और दुनिया में सबसे पहचानने योग्य संरचनाओं में से एक है।

## सुडोकू 6868

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | 6 | |
| | 1 | 5 | | | | | | 7 |
| 8 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 7 | | 6 | 3 | 8 | |
| 4 | | | | | | | | 2 |
| | 8 | 3 | 2 | | 9 | | | |
| | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 5 | | | | | | 4 | 2 | |
| | 6 | | | | 3 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### मुंबई के डीसीपी पठारे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**हैदराबाद।** मुंबई पुलिस के पोर्ट जोन में पदस्थ पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुधाकर पठारे की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह हैदराबाद प्रशिक्षण के लिए गए थे। सूत्रों के अनुसार पठारे शनिवार अपराह्न 12 बजे अपने एक रिश्तेदार के साथ तेलंगाना के श्रीशैलम से नगरकुरलुन जा रहे थे, तभी उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उनकी और उनके रिश्तेदार की मौके पर ही मौत हो गई। वह ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए जा रहे थे। घटना की जानकारी मुंबई पुलिस को भी दी गई है। पठारे 2011 बैच के आईपीएस के अधिकारी थे। पठारे की कुछ ही दिनों में पुलिस महानिदेशक (डीआईजी) के पद पर पदोन्नति होने वाली थी।

### त्रिपुरा में गर्म मौसम की पीली चेतावनी जारी

**अगरतला।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने त्रिपुरा में अगले तीन दिनों के लिए वातावरण के गर्म होने की पीली चेतावनी जारी की है, जिसमें लगातार गर्म और आर्द्र मौसम रहने का अनुमान है। आईएमडी के बयान के अनुसार, आंशिक रूप से बादल छाए रहने, तीव्र सौर विकिरण और गर्म पश्चिमी हवाओं के कारण राज्य के कुछ इलाकों में दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहने का अनुमान है।

### केरल के पलक्कड़ में कुबेर मंदिर को किया गया सील

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले में एकमात्र कुबेर मंदिर को पलाट परिवार के सदस्यों द्वारा 10.20 करोड़ रुपए का ऋण न चुका पाने के कारण सील कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शोरनूर सहकारी बैंक के अधिकारियों ने शनिवार को जिले के चेरपुलसेरी के पास चलावारा में पलाट परिवार के सदस्यों द्वारा ब्याज सहित 10.20 करोड़ का ऋण न चुकाने पर उनकी संपत्ति कुर्क कर दिया व कुबेर मंदिर (धन के देवता) को सील कर दिया है।

### तेदेपा की लोगों के दिलों में अमिट छाप है : नायडू

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर, पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि तेदेपा ने लोगों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी है। नायडू ने कहा कि हम सत्ता या पद के लिए नहीं, बल्कि तेलुगु समुदाय को सबसे आगे ले जाने के एकमात्र उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं और जनता को पहले स्थान पर रखना है। मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि तेदेपा पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण ही दिन-प्रतिदिन मजबूत होती गई है। पीला झंडा एक प्रेरणा है। तेलुगु समुदाय को तेदेपा के गठन से पहले और बाद में देखा जाना चाहिए।

# थाईलैंड में भूकंप से पलभर में जमींदोज 33 मंजिला इमारत का चीन कनेक्शन, सरकार ने दिए जांच के आदेश



म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप ने थाईलैंड में भी भारी तबाही मचाई। राजधानी बैंकॉक में एक 33 मंजिला निर्माणाधीन इमारत कुछ ही सेकंड में जमींदोज हो गई, जिससे धूल और मलबे का विशाल गुबार उठा और दर्जनों मजदूर इसके नीचे दब गए। इस हादसे की जांच शुरू हो गई है। ऐसा बताया जा रहा है कि इमारत बनाने वाली एक चीनी कंपनी है। बैंकॉक की गगनचुंबी इमारतों में यह अकेली इमारत थी, जो भूकंप में पूरी तरह ढह गई। इससे इसकी संरचनात्मक मजबूती पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बैंकॉक में अब तक 17 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, 32 लोग घायल हुए हैं और 83 मजदूर अब भी लापता हैं। रेस्क्यू टीमें भारी गर्मी के बीच मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटी हैं। थर्मल इमेजिंग ड्रोन के जरिए कम से कम 15 लोगों के जिंदा होने का संकेत मिला है। अब तक 8 शव निकाले जा चुके हैं।

**क्यों गिरी यह इमारत? चीनी कंपनी कटघरे में**

इस कंपनी की स्थापना 2018 में हुई थी और यह रेलवे, ऑफिस बिल्डिंग और सार्वजनिक सड़कों जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर काम करती है। लेकिन हालिया वित्तीय रिपोर्ट से पता चला है कि कंपनी भारी घाटे में चल रही थी। 2023 में इसे 199.66 मिलियन का नुकसान हुआ, जबकि इसकी राजस्व आय 206.25 मिलियन थी और खर्च 354.95 मिलियन पहुंच गया था।

**जांच के आदेश, 7 दिन में रिपोर्ट**

थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री अनुटिन चार्नवीराकुल ने इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। विशेषज्ञों की एक समिति को 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या इस इमारत की डिजाइन और निर्माण में कोई गड़बड़ी थी? या फिर चीनी कंपनी ने घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया था? गौरतलब है कि भूकंप ने सबसे ज्यादा म्यांमार में तबाही मचाई। अब तक 1600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हैं।

# क्या 12 साल तक राष्ट्रपति रह सकते हैं ट्रंप? संविधान की एक खामी की वजह से हो सकता है ऐसा



**वाशिंगटन।** अमेरिका को दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है और उसके राष्ट्रपति को शायद दुनिया का सबसे ताकतवर व्यक्ति लेकिन 20 जनवरी 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप के बारे चर्चा थोड़ी अलग भी है। वह ताकतवर होने के साथ-साथ दुनियाभर में चर्चित भी हैं।

बिना लाग-लपेट किए बात करने के लिए जाने, जाने वाले ट्रंप अगले चार साल तक कानूनी तरीके से राष्ट्रपति बने रहेंगे। लेकिन अब सवाल यह है कि क्या वह अगले 12 सालों के लिए भी अमेरिका के राष्ट्रपति के पद पर रह सकते हैं या नहीं? हालांकि अमेरिका का संविधान साफ तौर पर यह कहता है कि अमेरिका का राष्ट्रपति दो बार से ज्यादा बार नहीं चुना जा सकता। डोनाल्ड ट्रंप के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की बात इसलिए भी सामने आई है क्योंकि अमेरिकी संविधान में एक ऐसा लूप होल है जिसकी वजह से यह संभव हो सकता है। दरअसल, 22 वें संशोधन के मुताबिक अमेरिका का राष्ट्रपति दो बार से ज्यादा बार नहीं चुना जा सकता है, लेकिन वे उत्तराधिकार की प्रक्रिया के माध्यम से फिर से इस भूमिका को निभा सकते हैं। उत्तराधिकार की प्रक्रिया कैसे काम करती है इसे एक प्रक्रिया के जरिए समझा जा सकता है। दरअसल, अमेरिकी संविधान के 22 वें संशोधन के अनुसार, दो बार चुना जा चुका राष्ट्रपति तीसरी उत्तराधिकार के रूप में यह दायित्व निभा सकता है।

अगर ट्रंप दूसरे कार्यकाल की समाप्ति के बाद उपराष्ट्रपति का चुनाव लड़ते हैं और उनका साथी जीतने के बाद राष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे देता है तो वह तीसरी बार उत्तराधिकारी के रूप में राष्ट्रपति की भूमिका को निभा सकते हैं। डेलीमेल की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अगर इस रणनीति का पालन करते हैं तो वे 2029 के बाद और संभावित रूप से 2037 तक व्हाइट हाउस में काम करना जारी रख सकते हैं। ट्रंप के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने को लेकर मुख्य तौर पर रणनीति इस तरह से हो सकती है कि ट्रंप 2028 में जेडी वेंस सरीखे अपने किसी भरोसेमंद साथी को राष्ट्रपति का चुनाव लडवाते हैं और वेंस चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे देते हैं तो ट्रंप आगामी कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बने रह सकते हैं।

## वर्ग पहेली 6868

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अपहरण, भगा ले जाना,
४. दोपहर
६. लहू पीने वाला
७. वस्त्र
८. दूसरा समय
१०. उपस्थित (उर्दू)
११. हरा-भरा, वाटिका, उद्यान (उर्दू)
१२. विघ्न डालने वाला
१४. बधिर
१५. अधिक अच्छा (उर्दू)
१७. बह सकने के गुण वाले पदार्थ
१९. धन संपत्ति (उर्दू)
२१. जिसकी ईश्वर पर आस्था न हो
२२. रसीला
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जो बार बार न हो, जो एक ही बार दिया जाए
२. आंसू
३. सामूहिक हत्या, कत्लेआम
४. बुराई, अहित
५. चैन, आराम (उर्दू)
९. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत के देखरेख के लिए तैनात, व्यक्तियों का दल
११. दोष, अपराध (उर्दू)
१२. प्रकट (उर्दू)
१३. वरयात्रा
१४. प्रचुर, अधिक
१५. निर्दोष, निरपराध (उर्दू)
१६. तूणिर, बाण रखने का चोगा
१८. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चक्कर, दौरा, भाग्य, हेरफेर (उर्दू)
२०. गीला, भीगा हुआ (उर्दू)
२३. अगर

## वर्ग पहेली-6867

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वे | ला | २ प | त्र | ३ क | ■ | ४ क | ष्ट | ५ प्र | द |
| ध | ■ | र | ■ | ६ टु | क | ड़ा | ■ | त्य | ■ |
| ७ शा | स | क | ■ | व | ■ | ८ प | री | क्ष | ९ क |
| ला | ■ | ट | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न्नी |
| ■ | ११ स | ना | १२ त | न | ■ | ■ | १३ त | ड़ | का |
| ■ | जी | ■ | रू | ■ | १४ प्र | ब | ल | ■ | ट |
| १५ अ | व | १६ गु | ण | ■ | ति | ■ | १७ ब | १८ स | ना |
| नि | ■ | रू | ■ | १९ स | मा | २० ज | ■ | फ | ■ |
| २१ वा | रि | ज | ■ | वे | ■ | २२ न | क | ल | २३ ची |
| र्य | ■ | २४ न | का | रा | त्म | क | ■ | ■ | ख |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**दावा** *सुरक्षाबलों का वैष्णो देवी में नवरात्रों पर सुरक्षा प्रबंध चाक चौबंद का दावा*

# नवरात्रों पर गुफा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने के संकेत

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। वैष्णो देवी के तीर्थस्थल के बेस कैम्प कटड़ा में भी लोगों की भीड़ यह संकेत दे रही है कि इस बार नवरात्रों में आने वालों की संख्या सारे रिकार्ड तोड़ डालेगी। लेकिन इन सबके बीच सुरक्षाबल लोगों को डराने में अपनी मुख्य भूमिका जरूर निभा रहे हैं।**

अगर सेना कहती है कि आतंकी हमलों के खतरे को देखते हुए सेना के अतिरिक्त जवानों को कटड़ा में इस स्थिति से निपटने के लिए तैनात किया गया है तो अन्य सुरक्षा बलों का दावा है घुसपैठ कर मुठभेड़ों में भाग जाने वाले आतंकियों के कारण वैष्णो देवी की गुफा पर खतरा बढ़ गया है। सुरक्षाधिकारियों के बकौल 'विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, आतंकी वैष्णो देवी की गुफा या फिर कटड़ा में इस दौरान हमले कर सनसनी फैलाने के इरादे रखते हैं। अत: उनके हमलों से निपटने के लिए सुरक्षाबलों के अतिरिक्त जवानों को गुफा के आसपास तथा कटड़ा कस्बे में तैनात कर गश्त तेज की गई है।' सुरक्षाधिकारी आगे कहते हैं कि उसने इन सूचनाओं को अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी बांटा है और उन्हें आगाह किया है कि वे आतंकियों पर नजर रखें तथा घटना को टालने के लिए एतिहात बरतें। इतना जरूर है कि उनकी इन सूचनाओं के बाद अन्य खुफिया एजेंसियां चेती हैं या नहीं लेकिन उन लोगों में दहशत अवश्य फैल गई है जो वैष्णो देवी के तीर्थस्थान पर आना चाहते हैं। असल में उनकी दहशत के पीछे का कारण यह भी है कि वे सेना की बातों पर विश्वास करते हैं। वैसे दावा यह भी है कि चैत्र नवरात्र के दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के मकसद से एआई से लैस सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन सहित भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।



■ **गुफा के आसपास तथा कटड़ा कस्बे में सुरक्षाबलों के जवान तैनात**

चौत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहा है और इस नौ-दिवसीय उत्सव के दौरान अधिकारियों को गुफा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। कठुआ जिले में संदिग्ध पाक आतंकवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ के बाद ये कदम और भी महत्वपूर्ण हो गए हैं, इस मुठभेड़ में 2 आतंकवादी ढेर हुए और चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए। गुफा मंदिर के आधार शिविर कटरा की सुरक्षा जांच करते हुए रियासी के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कहते थे कि सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कि गए हैं, हम देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सभी श्रद्धालुओं को आश्वस्त करते हैं कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि हमने कटरा शहर में कई स्थानों पर सुरक्षा जांच की है और रणनीतिक स्थानों पर अतिरिक्त तैनाती की योजना बना रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ-साथ त्वरित प्रतिक्रिया टीम को भी तैनात किया गया है और वे सतर्क हैं। वे कहते थे कि ड्रोन के साथ ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर सीआरपीएफ द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# कृषि जगत



## कैसे की जाती है बैंगन की खेती, कुछ बातों का रखें ध्यान होगा दोगुना मुनाफा



अगर आप एक किसान हैं तो आप इस महीने में बैंगन की खेती की तैयारियां शुरू कर सकते हैं। बैंगन की खेती अलग-अलग किस्म के हिसाब से 8 से 12 महीनों तक चल सकती है। आप बैंगन की खेती कर के तगड़ा मुनाफा कमा सकते हैं, लेकिन पहले ये तय करना होगा कि आपके इलाके में किस बैंगन की मांग अधिक है। इसके बाद आप बैंगन की खेती कर सकते हैं और तगड़ा मुनाफा कमा सकते हैं। आइए जानते हैं कब और कैसे की जाती है बैंगन की खेती और इसकी खेती से कितना मुनाफा कमाया जा सकता है।

**कैसे पता करें किस बैंगन की है डिमांड?**- देश में कहीं-कहीं भर्ते वाला बैंगन खूब बिकता है तो कहीं लंबा बैंगन। इतना ही नहीं, कई जगहों पर सफेद और हरे बैंगन खूब चाव से खाए जाते हैं। बैंगन की खेती से पहले आपको अपने पास की सब्जी मंडी जाना चाहिए और थोड़ी रिसर्च कर लेनी चाहिए कि किस बैंगन की मांग अधिक है। बैंगन की किस्में भी बहुत सारी होती हैं, ऐसे में आपको यह भी तय करना चाहिए कि किस किस्म का बैंगन उगाना है।

**कब और कैसे करें बैंगन की खेती?**- बैंगन की खेती देश में लगभग पूरे साल की जाती है। हर सीजन के हिसाब से बैंगन की अलग-अलग किस्में उगाई जाती हैं। आप चाहे तो अभी भी बैंगन की खेती कर सकते हैं। एक एकड़ में आप बैंगन के 4-6 हजार पौधे लगा सकते हैं।

ध्यान रहे कि बैंगन के पौधे काफी बड़े होते हैं, ऐसे में दो पौधों के बीच अच्छी खासी जगह छोड़ना जरूरी है, ताकि वह अच्छे से बढ़ सकें। बैंगन की खेती 6×3 फुट के हिसाब से करना अच्छा होता है। दो पौधों के बीच की दूरी 3 फुट और दो कतारों के बीच 6 फुट की दूरी रखी जाती है। इससे एक तो पौधों को फैलने की जगह मिलती है, दूसरा हार्वेस्टिंग भी आसान हो जाती है। बैंगन की खेती में ड्रिप इरिगेशन की मदद लेनी चाहिए, ताकि पानी भी बचे और पौधों कि सिंचाई भी अच्छे से हो सके।

**कितनी पैदावार, कितनी लागत, कितना मुनाफा?**- बैंगन की खेती के लिए सबसे पहले जरूरत होती है नर्सरी की। बैंगन का प्रति पौधा 2-3 रुपये का पड़ता है। यह नर्सरी करीब 35-40 दिन की होती है। इसे खेतों में लगाने के करीब 60-65 दिन बाद बैंगन हार्वेसिंग के लिए तैयार हो जाता है। अगर लंबे वाले बैंगन की बात करें तो करीब 6-8 महीनों में आपको एक पौधे से औसतन 3-5 किलो बैंगन मिल जाता है। यानी एक एकड़ में आपकी कुल पैदावार लगभग 20-25 टन तक हो सकती है। एक एकड़ में बैंगन की खेती में करीब डेढ़ से दो लाख रुपये की तो लागत लग जाती है। अगर आपका बैंग 20 रुपये के भाव से भी बिकता है तो आपको एक एकड़ से 4 लाख रुपये की कमाई होगी। यानी आपको एक ही एकड़ से 2 लाख रुपये का मुनाफा होगा। देखा जाए तो आपको लागत से दोगुना मुनाफा होगा।

### कीड़ों से बचाना है जरूरी

बैंगन की खेती में सबसे जरूरी होता है कीटनाशक का छिड़काव। अपनी फसल को हर रोज देखना चाहिए और अगर लगे कि कीड़ों का हमला शुरू हो रहा है तो तुरंत उनसे निपटने के उपाय करने चाहिए। इंडियन फार्मर यूट्यूब चैनल चलाने वाले किसान संतोष जाधव बताते हैं कि बैंगन को अगर सुंडी से बचा लें तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वह कहते हैं कि बैंगन को कीड़ों से बचाने के लिए थेरामन ट्रैप और फनल ट्रैप का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे मेल पंतगें उसी में फंस जाते हैं और फीमेल से नहीं मिल पाते, जिससे उनकी तादात नहीं बढ़ती। अगर इन्हें नहीं रोका जाए तो सुंडियां पैदा हो जाएंगी, जो बैंगन के फल और तनों को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे 30-40 फीसदी तक फसल बर्बाद होने का खतरा रहता है। लाइट ट्रैप से भी इन कीटों से निपटा जाता है। खेत के बाहर लाइट लगाते हैं और उसके नीचे पानी में तेल डालकर रख दिया जाता है। जब कीड़े वहां जाते हैं तो उसमें गिरकर मर जाते हैं।

## बिना मिट्टी के सब्ज़ियां व फलों को उगाने की तकनीक

हाइड्रोपोनिक तकनीक से आप बिना मिट्टी के टमाटर की खेती सहित तमाम अन्य सब्ज़ियाँ व फल उगा सकते हैं। हाइड्रोपोनिक्स प्रौद्योगिकी से बिना मिट्टी के सब्ज़ियाँ उगाकर परिवार के लिए ताज़ी सब्ज़ियों की व्यवस्था कर सकते हैं। मिट्टी के बिना बाग़वानी करके ताज़े फल उपलब्ध करा सकते हैं। बिना मिट्टी के आपका किचन गार्डन लगाने का सपना तो पूरा होगा ही। इसके साथ आप बिना मिट्टी के सब्ज़ियां व फलों को उगाकर घर बैठे लाखों रुपए कमा सकते हैं।

पढ़ाई लिखाई करके बीएड बीटीसी, टेट सुपर टेट पास कर शिक्षक भर्ती की आस में प्रदेश का युवा बेरोज़गार बैठा है। उनके पास अपना कोई काम नही है। ऐसे मित्र हाइड्रोपोनिक्स तकनीक को अपनाकर मिट्टी के बिना सब्ज़ियां व फल तथा पौधे उगाकर अपने लिए रोज़गार के अवसर पैदा कर सकते हैं। साथियों शहरीकरण व बढ़ती जनसंख्या के कारण पौधे लगाने के लिए ज़मीन कम हो रही है। ऐसे में हाइड्रोपोनिक्स बिना ज़मीन के पौधे उगाने की विधि किसी वरदान से कम नही है।

हाइड्रोपोनिक की मदद से हम बिना मिट्टी के घर की छत पर सब्ज़ियाँ, फल व पौधे बड़ी आसानी से उगा सकते हैं। इस तकनीक में सिर्फ़ बालू या कंकड़, पानी से एक नियंत्रित जलवायु में पौधे उगाये जाते हैं। मिट्टी के बिना खेती पश्चिमी देशों में काफ़ी समय से की जा रही है।

हम जानते हैं पौधे के वृद्धि व विकास के लिए नमी, उचित तापमान, व पोषक तत्व व खनिज तत्वों की आवश्यकता होती है। जिसे पौधे अपनी जड़ों के द्वारा ज़मीन से अवशोषित करते हैं। हाइड्रोपोनिक्स तकनीक इसी अवधारणा पर केंद्रित है। पौधे के विकास व बढ़वार के लिए सभी आवश्यक चीज़ें एक कंट्रोल्ड ईकोसिस्टम के ज़रिए दी जाती है।

**हाइड्रोपोनिक खेती के लिए कितने तापमान व आर्दता की की ज़रूरत होती है ?** बताते चलें की हाइड्रोपोनिक तकनीक में पौधों के लिए एक कृत्रिम पारिस्थिकी तंत्र बनाया जाता है। हाइड्रोपोनिक्स में पौधों को 15 से 30 डिग्री सेंटीग्रेट तापमान व 80-85 प्रतिशत नमी दी जाती है।

**हाइड्रोपोनिक खेती के लिए उर्वरक घर पर बनाने की विधि**- साथियों को पौधों की बढ़वार व विकास के लिए हाइड्रोपोनिक खेती में पौधे के लिए एक घोल बनाया जाता है। इस घोल में पौधे के के बढ़वार के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्वों को एक निश्चित अनुपात में मिलाया जाता है।

इस घोल में नाइट्रोजन फ़ोस्फोरस पोटाश मैगनीशियम कैलशियम सल्फ़र जिंक आयरन निश्चित मात्रा में होते हैं। हाइड्रोपोनिक तकनीक से तैयार हो रहे पौधों में तैयार घोल की एक - दो बूँद हर माह डाली जाती है। इस घोल से पौधों को आवश्यक पोषक तत्व मिल जाता हैं। जिससे उनकी बढ़वार अच्छी होती है।

## पुदीना खेती की जानकारी

पुदीना मैंथा के नाम से जानी जाने वाली एक क्रियाशील जड़ी बूटी है। पुदीना को तेल, टूथ पेस्ट, माउथ वॉश और कई व्यंजनों में स्वाद के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इसके पत्ते कई तरह की दवाइयां बनाने के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं। पुदीने से तैयार दवाइयों को नाक, गठिया,नाड़ियां, पेट में गैस और सोजिश आदि के इलाज के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इसे व्यापक श्रेणी की दवाइयां बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एक छोटी जड़ी-बूटी होती है जिसकी औसतन ऊंचाई 1-2 फीट के साथ फैलने वाली जड़ें होती हैं। इसके पत्ते 3.7-10 सैं.मी. लंबे और जामुनी रंग के छोटे फूल होते हैं। इसका मूल मैडिटेरेनियन बेसिन है।

यह ज्यादा अंगोला, थाइलैंड, चीन, अर्जेंनटीना, ब्राज़ील, जापान, भारत और पारागुए में पाया जाता है। भारत में उत्तर प्रदेश और पंजाब भारत के पुदीना उत्पादक राज्य हैं।

**मिट्टी**- पुदीने को मिट्टी की कई किस्मों जैसे दरमियाने से गहरी उपजाऊ मिट्टी, जिसमें पानी को सोखने की क्षमता ज्यादा हो, में उगाया जाता है। इसको जल-जमाव वाली मिट्टी में भी उगाया जा सकता है। उच्च नमी वाली मिट्टी में यह अच्छे परिणाम देती है।

**प्रसिद्ध किस्में और पैदावार**- मास- यह छोटे कद की किस्म है। जिसकी ऊंचाई 30-45 सैं.मी. होती है। यह बीमारीयों की रोधक और जल्दी पकने वाली किस्म है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 70-80 प्रति होती है। इसकी औसतन पैदावार 80 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 50-60 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है।

**हाईब्रिड -।।:** इसकी ऊंचाई 50-60 सैं.मी. होती है। यह किस्म पत्तों के धब्बा रोग और कुंगी के रोधक होती है, और यह जल्दी पकने वाली किस्म है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 80-85% होती है। इसकी औसतन पैदावार 80 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 50-60 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है। यह रेतली दोमट मिट्टी में बढ़िया पैदावार देती है औरऐसी शुष्क मौसम में की आवश्यकता होती है।

**शिवालिक:** यह चीन की खेती से चुनी गई किस्म है। यह किस्म उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों और उत्तरांचल में अच्छी वृद्धि करती है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 65-70% होती है। इसकी औसतन पैदावार 120 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 72 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है। यह किस्म फंगस रोगों से जल्दी प्रभावित होती है।

**ईसी-41911:** यह किस्म रूसी जर्मप्लाज्म से ली गई है। यह किस्म पानी की रोधक और आकार में सीधी होती है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 70%पायी जाती है। इसकी औसतन पैदावार 120 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 72 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है। इस किस्म से तैयार तेल का प्रयोग विभिन्न व्यंजनों में स्वाद के लिए किया जाता है।

**गोमटी :**यह किस्म रंग में हल्के लाल रंग की होती है। इसकी पैदावार बाकी किस्मों की पैदावार से कम होती है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 78-80 प्रतिशत होती है।

**हिमालय :** इसके पत्तों का आकार बाकी किस्मों से बड़ा होता है। यह किस्म कुंगी, झुलस, सफेद धब्बे और पत्तों पर धब्बे रोग की रोधक है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 78-80% होती है।इसकी औसतन पैदावार 160 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 80-100 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है।

**कोसी :** यह किस्म 90 दिनों में पक जाती है। यह किस्म कुंगी, झुलस, सफेद धब्बे और पत्तों के धब्बे रोग की प्रतिरोधक है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 75-80 प्रतिशत होती है और तेल की पैदावार 80-100 किलोग्राम प्रति एकड़ होती है।

**सक्षम:** यह किस्म सी वी हिमालय की तरफ से टिशू कल्चर द्वारा तैयार की गई है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 80% होती है और तेल की पैदावार 90-100 किलोग्राम प्राप्त होती है।

**कुशल:** यह किस्म टिशू कल्चर द्वारा तैयार की गई है और 90-100 दिनों में पक जाती है। यह किस्म कीट और बीमारियों की रोधक होती है। यह किस्म अर्द्ध शुष्क उप उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में अच्छी पैदावार देती है और उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी अच्छी उगती है। है। इसकी औसतन पैदावार 120-132 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 70-80 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है।

**पंजाब सप्रामिंट:** इस किस्म में तेल की मात्रा 0.57 प्रतिशत होती है और इसमें तेल का मुख्य तत्व कारवोन होता है। इसकी औसतन पैदावार 80—100 क्विंटल प्रति एकड़ होती है।

**ज़मीन की तैयारी:** पुदीने की बिजाई के लिए सुविधाजनक आकार के बैड तैयार करें। खेत की तैयारी के समय खेत की अच्छी तरह जोताई करें। जैविक खाद जैसे रूड़ी की खाद 100-120 क्विंटल प्रति एकड़ रूड़ी की खाद डालें7 रूड़ी की खाद के बाद हरी खाद डालें।

**बिजाई का समय**- इसकी बिजाई के लिए दिसंबर-जनवरी का समय अनुकूल होता है।

**फासला**- पौधे के भागों की बिजाई 40 सैं.मी. के फासले पर और पंक्तियों के बीच का फासला 60 सैं.मी होना चाहिए।

**बीज की गहराई**- बीज को 2-3 सैं.मी. की गहराई में बोयें।

बिजाई का ढंग

पौधे के जड़ वाले भाग को मुख्य खेत में बोया जाता है।

**बीज की मात्रा**- प्रजनन क्रिया जड़ के भाग या टहनियों द्वारा की जाती है। अच्छी पैदावार के लिए 160 किलो भागों को प्रति एकड़ में प्रयोग करें। जड़ें पिछले पौधों से दिसंबर और जनवरी के महीने में प्राप्त की जाती है।

**बीज का उपचार**- फसल को जड़ गलने से बचाने के लिए बिजाई से पहले बीजे जाने वाले उपचार कप्तान 0.25 प्रतिशत या आगालोल 0.3% या बैनलेट 0.1% से 2-3 मिनट के लिए किया जाना चाहिए।

**पनीरी की देख-रेख और रोपण**- बिजाई से पहले पौधे की बारीक जड़ 10-14 सैं.मी. काटें। पुदीने की जड़ को आकार और जड़ के हिसाब से बोयें। पौधे की बारीक जड़ की रोपाई 40 सैं.मी. के फासले पर और कतार से कतार का फासला 60 सैं.मी होना चाहिए। बिजाई के बाद मिट्टी को नमी देने के लिए सिंचाई करें।

रोपाई के बाद नदीनों की रोकथाम के लिए सिनबार 400 ग्राम की प्रति एकड़ में स्प्रे करें। नदीनों से बचाव के लिए एट्राज़ीन और सिमाज़ीन 400 ग्राम, पैंडीमैथालीन 800 मि.ली. और ऑक्सीफ्लूरोफेन 200 ग्राम की बूटीनाशक स्प्रे प्रति एकड़ में करें।

खेत की तैयारी के समय रूड़ी की खाद 80-120 क्विंटल प्रति एकड़ में डालें और अच्छी तरह मिलायें। नाइट्रोजन 58 किलो (यूरिया 130 किलो), फासफोरस 32-40 किलो (सिंगल सुपर फासफेट 80-100 किलो), पोटाशियम 20 किलो (म्यूरेट ऑफ पोटाश 33 किलो) प्रति एकड़ में डालें।

**खरपतवार नियंत्रण**- हाथों से लगातार गोडाई करें और पहली कटाई के बाद खेत को नदीन मुक्त करें। नदीनों की रोकथाम के लिए सिनबार 400 ग्राम प्रति एकड़ में प्रयोग करें। नदीनों को नियंत्रित करने के लिए जैविक मल्च के साथ ऑक्सीफलोरफिन 200 ग्राम या पैंडीमैथालीन बूटीनाशक 800 मि.ली को प्रति एकड़ में प्रयोग करें। यदि नदीन ज्यादा हो तो डालापोन 1.6 किलोग्राम प्रति एकड़ या ग्रामाक्ज़ोन 1 लीटर और डयूरॉन 800 ग्राम या टेरबेसिल 800 ग्राम की प्रति एकड़ में स्प्रे करें।

**सिंचाई**- गर्मियों में मॉनसून से पहले जलवायु और मिट्टी के आधार पर 6-9 सिंचाइयां जरूर की जानी चाहिए। मॉनसून के बाद 3 सिंचाइयों की आवश्यकता होती है। पहली सिंचाई सितंबर महीने में, दूसरी अक्तूबर में और तीसरी नवंबर महीने में की जानी चाहिए। सर्दियों में ज्यादा सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन यदि सर्दियों में बारिश ना पड़े तो एक सिंचाई जरूर देनी चाहिए।

**पौधे की देखभाल**

**बालों वाली सुंडी**

**हानिकारक कीट और रोकथाम**

बालों वाली सुंडी ֿ यह डिकारसिया ओबलीकुआ के कारण होती है। यह हरे पत्तों को खाती है और पूरे पौधे को नष्ट कर देती है। इस कीट की रोकथाम के लिए मैलाथियॉन या थायोडन 1.7 मि.ली को प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

**कुतरा सुंडी**

**कुतरा सुंडी** - यह एगरोटिस फलेमैटरा के कारण होती है। यह बसंत ऋतु के दौरान पौधे की गर्दन को नुकसान पहुंचाती है।

इस कीट की रोकथाम के लिए रोपाई से पहले फॉरेट 10 ग्राम से मिट्टी का उपचार करें।

**लाल भुंडी**- लाल भुंडी: यह आउलोकोफोरा फोइवीकॉलिस के कारण होती है। यह ताजे हरे पत्तों और कलियों को खाती है।

इस कीट की रोकथाम के लिए थायोडैन 1 मि.ली को 1 लीटर



पानी में मिलाकर स्प्रे करें।

**पुदीने की पत्ता लपेट सुंडी**

पुदीने की पत्ता लपेट सुंडी : यह सिंगमिया अबरूपतालिस के कारण होती है। यह कीट पत्तों को लपेट देती है और अगस्त सितंबर के महीने में अंदर से पत्तों को खाती है। इस कीट से बचाव के लिए थायोडन 1.5 मि.ली. को 1 लीटर पानी में मिलाकर सप्ताह के अंतराल में 2-3 बार छिड़काव करें।

**तना गलन**

**बीमारियां और रोकथाम**- तना गलन : यह मैकरोफोमिना फेज़िओली के कारण होती है। यह पौधे के निचले भागों में हमला करती है जिससे पौधे पर भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं जो बाद में पौधे को खोखला कर देता है।

इस कीट की रोकथाम के लिए कप्तान 0.25% या आगालोल घोल 0.3 % या बैनलेट 0.1 प्रतिशत में 2-3 मिनट के लिए तने को रखें।

**फ्यूज़ारियम सूखा**- फ्यूज़ारियम सूखा : यह फ्यूज़ारियम ऑग्ज़ीस्पोरियम के कारण होती है। इससे पत्ते पीले, मुड़े हुए और सूख जाते हैं। इस कीट की रोकथाम के लिए बवास्टिन, बैनलेट और टॉपसिन दें।

**पत्ते का झुलस रोग**- पत्ते का झुलस रोग :यह ऑल्टरनेरिया के कारण होती है। यह गर्मियों के मौसम में पत्तों को नुकसान पहुंचाती है।

इस बीमारी की रोकथाम के लिए कॉपर फंगसनाशी का प्रयोग करें।

**फसल की कटाई**- पौधे 100-120 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। जब निचले पत्ते पीले रंग के होने शुरू हो जायें, तब कटाई करें। कटाई दराती से और बूटियों को मिट्टी की सतह के 2-3 सैं.मी. ऊपर से निकालें। अगली कटाई पहली कटाई के बाद 80 दिनों के अंतराल पर करें। ताजी पत्तियों को उत्पाद बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है।

**कटाई के बाद**- कटाई करने के बाद तेल निकालने के लिए उसके नर्म तनों का प्रयोग किया जाता है। फिर पुदीने के तेल को पैक करके बड़े स्टील के या एल्यूमीनियम के बक्सों में रखा जाता है। फसल को नुकसान होने से बचाने के लिए जल्दी मंडी में भेजा जाता है। पुदीने की पत्तियों से काफी तरह के उत्पाद बनाए जाते हैं जैसे प्रक्रिया के बाद पुदीने का तेल और चटनी आदि।

## गमलें में सब्जियां उगाने के लिए छत, बदामदे, खिड़कियों का इत्तेमालक कैसे करें

गमलें में सब्जियां उगाने के लिए छत, बरामदे, खिड़कियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। गमलों को रखने के लिए हमेशा ऐसी जगह का चुनाव करें जहां दिन में कम से कम 6-7 घंटे सूर्य की रोशनी पड़ती हो अन्यथा छाया में पौधे अपना भोजन नहीं बना पाते है, जिसके कारण उनके विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**गमलों को रखने/ज़माने का तरीका** - गमलें को हमेशा इस तरह से व्यवस्थित करना चाहिए कि एक पौधे की छाया दूसरे पर न पड़े। दक्षिण की तरफ हमेशा कम ऊंचाई वाले पौधे जैसे - धनियां, मेथी, पालक लगाए व उत्तर की तरफ में वे पौधे रखें जिनकी लंबाई अपेक्षाकृत अधिक हो। इसके अलावा दो गमलों के बीच थोड़ी जगह छोड़े जिससे उनमें धुप के साथ -साथ खरपतवार नियंत्रण एवं पानी लगाने में भी सुविधा रहे।

**सब्जियों का चुनाव कैसे करें**- घर की छत के ऊपर लगभग सभी तरह की सब्जियां उगा सकते है। सब्जियों का चयन मौसम ओर गमलों के आकर के हिसाब से किया जाता है। इसमें टमाटर, मिर्च, बैंगन के अलावा हरी सब्जियां (पालक, धानिया, मेथी), बेलवाली सब्जियां (लोकि, करेला, ककड़ी, तोरई, कद्दू इत्यादि), ब्लब वाली सब्जियाँ (प्याज, लहसुन, आलू), बिन्स, भिंडी, फूलगोभी, पत्तागोभी इत्यादि उगा सकते है।

**खाद एवं पोषक तत्व प्रबंधन** - गमले भरते समय वर्मीकम्पोस्ट को उचित अनुपात में डालना चाहिए यदि वर्मीकम्पोस्ट उपलब्ध नहीं है तो उसमें अच्छी तरह सड़ी गली गोबर की खाद डाले। इसके अलावा पानी में घुलनशील उर्वरक भी बाजार में उपलब्ध है इस्तेमाल कर सकते है।

**सिंचाई प्रबंधन** - गमलों की सिंचाई प्रबंधन का ध्यान रखना अतिआवश्यक है। बैग में पानी इतना ही डाले की छिद्र से बहार न निकले। अत्यधिक पानी अथवा कम पानी दोनों ही स्थिति में पौधे की पैदावार पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पानी के साथ पोषक तत्व भी बहकर निकलने की संभावना रहती है, जिसका प्रभाव पौधे की बढ़वार पर पड़ता है। पानी के साथ पोषक तत्व भी बहकर निकलने की संभावना रहती है, जिसका प्रभाव पौधे की बढ़वार पर पड़ता है।

## उड़द दाल की खेती कैसे करें?

यह भारत की महत्तवपूर्ण दाल वाली फसल है प्रोटीन और फासफोरस एसिड का उच्च स्त्रोत है। यह दाल बनाने के काम आती है और नाश्ते के लिए जरूरी सामग्री है। भारत में उड़द मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगाई जाती है।

**मिट्टी:** नमक वाली, खारी मिट्टी, जलजमाव वाली मिट्टी भी उड़द की खेती के लिए उपयुक्त नहीं होती। अच्छी वृद्धि के लिए कठोर दोमट या भारी मिट्टी जो पानी को सोख सके, की आवश्यकता होती है।

**प्रसिद्ध किस्में और पैदावार**

**माश 338:** यह छोटे कद की और कम समय लेने वाली फसल है जो कि खरीफ की ऋतु में उगाई जाती है। यह किस्म 90 दिनों में पक जाती है। प्रत्येक फली में 6-7 दाने होते हैं।

यह किस्म चितकबरा विषाणु रोग और पत्तों के धब्बों की बीमारी को सहनेयोग्य है। इसकी औसतन पैदावार 3.5 क्विंटल प्रति एकड़ है।

मास **114:** यह छोटे कद की और कम समय लेने वाली फसल है जो कि खरीफ की ऋतु में उगाई जाती है। यह किस्म 85 दिनों में पकती है और प्रत्येक फली में 6-7 दाने होते हैं। इसकी औसतन पैदावार 3.7 क्विंटल प्रति एकड़ है।

मास **218:** यह किस्म गर्मी की ऋतु में उगाई जाती है और कम समय वाली है। यह 76 दिनों में पकती है। इसके दाने मोटे और काले होते हैं और हर फली में 6 दाने होते हैं। इसकी औसतन पैदावार 4 क्विंटल प्रति एक? है।

मास **414:** यह किस्म गर्मी की ऋतु और कम समय लेने वाली है। यह 73 दिनों में पकती है। दाने मोटे, काले और प्रत्येक फली में 6-7 दाने होते हैं। इसकी औसतन पैदावार 4.3 क्विंटल प्रति एक? है।

मास **1008:** यह किस्म गर्मी ऋतु की मुख्य फसल है और 73 दिनों में पकती है यह किस्म चितकबरा रोग विषाणु रोग और पत्तों के धब्बों की बीमारी को सहने योग्य है। प्रत्येक फली में 6-7 दाने होते हैं। इसकी पैदावार 4.6 क्विंटल प्रति एक? है।

**जमीन की तैयारी:** जमीन को भुरभुरा बनाने के लिए 2 से 3 बार जोताई करें। प्रत्येक जोताई के बाद सुहागा फेरें। खेत को नदीन रहित रखें।

**बिजाई का समय:** खरीफ की फसल के लिए बिजाई का सही समय जून के आखिरी सप्ताह से जुलाई का पहला सप्ताह है।

गर्मियों में खेती करने के लिए इसका सही समय मार्च से अप्रैल महीना है। अर्द्ध पहाड़ी क्षेत्रों के लिए इसकी बिजाई 15 से 25 जुलाई तक की जाती है।

**फासला**- खरीफ की फसल के लिए पंक्तियों में 30 सैं.मी. और पौधों में 10 सैं.मी. का फासला रखें। रबी की फसल के लिए पंक्तियों में 22.5 सैं.मी. और पौधों में 4-5 सैं.मी. का फासला रखें।

**बीज की गहराई**- बीज को 4-6 सैं.मी. गहरा बोयें। पहाड़ी इलाकों में बोयी फसल की गुणवत्ता अच्छी होती है।

**बिजाई का ढंग**- बिजाई के लिए केरा या पोरा ढंग अपनाएं या इसकी बिजाई, बिजाई वाली मशीन से करें।

**बीज की मात्रा**- खरीफ में बिजाई के लिए 7-8 किलो बीज प्रति एकड़ में प्रयोग करें जबकि गर्मियों में बिजाई के लिए 19-20 किलो मोटे बीज प्रति एकड़ में प्रयोग करें।

**बीज का उपचार**- बिजाई से पहले बीज को कप्तान या थीरम या मैनकोजेब या कार्बेनडायम 2.5 ग्राम से प्रति किलो बीज का उपचार करें और बाद में छांव में सुखाएं। रसायनों के बाद बीज को राइबियम 2 ग्राम से प्रति किलो बीज का उपचार करें।

बिजाई के समय नाइट्रोजन 5 किलो (11 किलो यूरिया), फासफोरस 10 किलो(60 किलो सिंगल सुपर फासफेट) की मात्रा प्रति एकड़ में डालें।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार),
मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

## लाखों के बजट से बनी गौशाला, 4 वर्ष से नहीं है एक भी गौवंश

### जपं नागौद के झिंगोदर पंचायत का मामला, मनरेगा के तहत कराया गया था निर्माण





- रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत
- एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे जिम्मेदार

**सतना, देशबन्धु।** गौशाला निर्माण के लिए ग्राम पंचायतें जितनीं उतावली थीं वह अंदाज संचालन के लिए देखने को नहीं मिल रहा। भवन बनाने में लाखों रुपए फूंकने के बाद तमाम ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जिनके द्वारा संचालन नहीं किया जा रहा। ऐसी ही एक ग्राम पंचायत नागौद ब्लॉक की झिंगोदर है। इस पंचायत में गौशाला का निमाज़्ण पूर्व सरंपच के कार्यकाल में हुआ। लगभग 32 लाख रुपए का मूल्यांकन कर राशि का आहरण कर लिया गया, लेकिन इस भवन में किसी भी गौवंश को कोई सहारा नहीं मिला। पूर्व सरपंच अपने कार्यकाल समाप्त होने का रोना रो रहीं हैं, जबकि वर्तमान सरपंच सरकारी आदेश के इंतजार में बैठे हैं। वहीं स्थिति यह है कि सब कुछ होने के बाद भी गौशाला की उपयोगिता शून्य है। जो सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात है।

#### हैंडओवर का फोड़ रहे ठीकरा

बताया जाता है कि पंचायत की तत्कालीन सरपंच बीना विश्वकर्मा के कार्यकाल में पंचायत में गौशाला निर्माण की मंजूरी मिली। 37 लाख रुपए की लागत से बनने वाली गौशाला का निर्माण करने के बाद मूल्यांकन कर लगभग 32 लाख रुपए आहरित कर लिए गए। राशि आहरण के बाद कुछ दिनों तक सरपंच के द्वारा एक चौकीदार नियुक्त किया गया। जिसने देखरेख की। वर्ष 2022 में पंचायत के चुनाव हुए। जिसके बाद सरपंच रमेश प्रसाद प्रजापति को चुन लिया गया। सरपंच का दावा है कि उन्हें अभी तक गौशाला हैंडओवर नहीं की गई। जबकि पूर्व सरपंच का कहना है कि उन्होंने सभी रिकार्डों सहित गौशाला का चार्ज नए सरपंच को दिया था। सच क्या है यह दोनों सरपंच ही जानें लेकिन यह सच है कि गौशाला का संचालन नहीं हो पा रहा है।

**आखिर किसने चुना स्थल** वर्तमान सरपंच की माने तो गौशाला का संचालन नहीं होने के कई कारण हैं। पहला तो उन्हें शासन से कोई दिशा-निर्देश नहीं दिया गया। दूसरा जिस जगह पर गौशाला का निर्माण हुआ है वहां पर कोई रास्ता नहीं है। गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने रास्ते पर कब्जा कर रखा है, ऐसे में यदि यहां गौवंश रखे गए तो उन्हें निकलने नहीं दिया जाए। उन्होंने स्थान को लेकर सवाल उठाया। ऐसे में सवाल यही उठता है कि विवादित जमीन पर गौशाला का निर्माण कर शासन की राशि का दुरूपयोग किसने किया?

#### टीन उड़ी, तारें गायब

ग्रामीणों की माने तो यहां पर गौशाला का अधिकांश सामान चोरी हो चुका है। शेड में लगाई गई टीन का बड़ा भाग गायब है। इसके अलावा बिजली कनेक्शन के लिए लगाई गई वायर भी चोरी हो गई हैं। इतने के बाद भी अब तक किसी अधिकारी ने इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया और न ही कोई कारज़्वाई हो रही। ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव का भी कोई तालमेल आपस में नहीं है।

मेरे कार्यकाल में गौशाला का निर्माण हुआ इसके बाद चुनाव हो गए। मेरी देखरेख में गौशाला सही थी। यह वर्तमान सरपंच का जिम्मा था कि वह उसका संचालन और संधारण करें। देखरेख के अभाव में गौशाला भवन खंडहर हो गया है।

**बीना विश्वकर्मा, पूर्व सरपंच झिंगोदर**

मुझे अभी तक गौशाला का कोई चार्ज नहीं मिला। चार्ज मिलने की बात सरासर गलत है। गौशाला के संचालन के संबंध में कोई जानकारी शासन स्तर से नहीं मिली। जिस जगह पर गौशाला बनी है वहां रास्ता भी नहीं है ऐसे में संचालन कैसे किया जा सकता है?

**रमेश प्रजापति, सरपंच झिंगोदर**

## नवरात्र के प्रथम दिवस से ही रानी तालाब मंदिर में उमडने लगी श्रद्धालुओं की भीड़



**रीवा देशबन्धु।** नवरात्रि पर्व में रीवा शहर का रानी तालाब मंदिर भक्तों की आस्था का केन्द्र बना है। यहां चैत्र नवरात्र की बैठकी के साथ ही हजारों लोग माता के दर्शन व पूजन के लिए पहुंच रहे है। यहां दर्शनार्थियों की भीड़ को लेकर पहले से ही पुलिस और प्रशासन ने व्यवस्थाएं पूरी कर ली थी, बता दें कि रविवार के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा रानी तालाब स्थित कालिका मां के दरबार में भारी संख्या में भक्तों ने हाजरी लगाई है। सबसे पहले श्रद्धालुओं ने सरोबर में स्नान व जल छिड़ककर हवन पूजा की सामग्री ली। इसके बाद मां के दर्शन कर पूजा करते हुए श्रृंगार चढ़ाया। कई भक्तों ने मन्नत मांगी तो कई श्रद्धालुओं ने काम पूरा होने पर मां के चरणों में शीश निभाया है मां के 9 रूपों को प्रसन्न करने के लिए नवरात्र के 9 दिन महिलाएं व युवतियां व्रत रखती है। पूजा अर्चना का सिलसिला सुबह 4 बजे से ही शुरू हो जाता है। मुख्य पुजारी का कहना है कि आज नवरात्रि का पहला दिन है और बैठकी के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिषर में एकत्रित हो गई है जिसके लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा पूरी तरह से व्यवस्थाएं की गई हैं उन्होंने कहा कि हर रोज यहां श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती रहती है आसपास के क्षेत्र के लिए यह बड़ा आस्था का केंद्र है।



### सार-समाचार

#### पंडित रामदास पयासी स्मृति समारोह आज

**रामनगर, देशबन्धु।** पंडित रामदास पयासी स्मृति समारोह 31 मार्च सोमवार को न्यू रामनगर विधि मैरिज गार्डन में आयोजित होगा। समारोहपूर्वक शाम 4बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में डॉ.संतोष अवधिया रीवा व सीताशरण गुप्त व्याख्यान देंगे। स्थानीय संयोजक डॉ. अरुण कुमार पयासी बघेली बांधव ने बताया कि न्यू रामनगर जिला मैहर में इस आयोजन में आठ कवियों की रचना पाठ सुनने का सौभाग्य मिलेगा। हिन्दी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश निदेशक डॉ. विकास दवे के दिव्य मार्गदर्शन व सानिध्य में कवि वीरेन्द्र प्रसाद सोनी अमरपाटन, डॉ. सरिता सिंह सलिल शहडोल, अनुराधा पाण्डेय रीवा, स्नेहा त्रिपाठी रीवा, सत्यनारायण तिवारी सतना, उपेन्द्र द्विवेदी रुक्मेय ताला मैहर, अभिषेक द्विवेदी रीवा, साधना सिंह रामनगर मुख्यरूप से काव्य पाठ करेंगे।

#### प्रधानमंत्री के मन की बात एपिसोड 120 का श्रवण अजगरहा में किया गया



**रीवा देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात एपिसोड 120 का श्रवण बूथ नंबर 21 ग्राम पंचायत अजगरहा 26 में मृगेंद्र सिंह के निवास पर श्रवण किया गया, नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में जहां बताया कि विदेशों में भी फगुआ गीत गया जाता है जिसे उन्होंने विदेश दौरे के समय सुना वहीं शहडोल में बनाए जाने महुआ के कुकीज और लाटा का भी उल्लेख किया । उक्त अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी डॉ.अनिल पटेल, मन की बात जिला रीवा सह प्रभारी सत्य प्रकाश पांडेय, मंडल अध्यक्ष डॉ.भूपेंद्र सिंह, बूथ के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, बूथ महामंत्री शिवेश सिंह, बूथ कमेटी के सदस्य सर्वेश सिंह, लाल मोहन सिंह, मनीष सिंह, अर्नव सिंह एडवोकेट आयुषी सिंह एवं श्रेखा सिंह उपस्थित रहे ।

#### मऊगंज जिले में भी एक अप्रैल से आरंभ होगा नया शिक्षा सत्र

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले में आगामी एक अप्रैल से स्कूल शिक्षा विभाग का वर्ष 2025-26 का नया शिक्षा सत्र आरंभ हो रहा है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने शासकीय स्कूलों में नवीन शिक्षा सत्र के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक शिक्षा मिशन को नवीन शिक्षा सत्र के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में अनिवार्य रूप से प्रवेश कराएं। अब तक कक्षा दो से लेकर कक्षा 11 तक जो विद्यार्थी दर्ज हैं उनका पूरा विवरण समग्र शिक्षा पोर्टल पर 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपडेट कराएं।

## भौतिकी के छात्रों ने किया जेपी सुपर थर्मल पावर प्लांटनिगरी का दौरा

**रीवा देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसस्नातकोत्तर



**रीवा देशबन्धु।** रीवा स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसए शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में अध्ययनरत स्नातकोत्तर भौतिकी के छात्रों और विभागीय कर्मचारियों का एक समूह जेपी सुपर थर्मल पावर प्लांटए निगरीए सिंगरौली ;मध्य प्रदेशद्ध के लिए प्रस्थान किया। इस शैक्षिक यात्रा कोभौतिकशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ जयरामदास प्रजापति के नेतृत्व मे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ डीपी शुक्ला वनस्पति शास्त्र विभाग के प्रो संतोष अग्निहोत्री रीवा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं महाविद्यालय के पुरा. छात्रश्री माथुरा प्रसाद गुप्ताए क्रीडाधिकारी डॉ राजेश भारती और भौतिक शास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ यश कुमार सिंह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस यात्रा में छात्रों ने जेपी सुपर थर्मल पावर प्लांट में विद्युत उत्पादन और ट्रांसमिशन के प्रबंधन और तरीकों पर गहरी जानकारी प्राप्त की।

## होश में आते ही भागीरथी ने सेमरिया विधायक पर लगाया हमले का आरोप



**रीवा देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी छोड़ने के बाद इखढ नेता भागीरथी शुक्ला के ऊपर जानलेवा हमले की सच्चाई निकल कर आई सामने इस हमले में गंभीर रूप से घायल भागीरथी शुक्ला ने कांग्रेस पार्टी के सेमरिया विधायक अभय मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाये है हालांकि अभी तक सेमरिया विधायक अभय मिश्रा पर लगाये गए आरोपों की कोई प्रतिक्रिया नही आई है भागीरथी शुक्ला द्वारा बताया गया कि अभय मिश्रा की बजह से कांग्रेस पार्टी और अपने पद से इस्तीफा दे दिया और हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया था । जिसके बाद से लगातार मुझे सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के द्वारा टारगेट किया गया और मेरी रेकी कराई गई और मौका पाकर मेरे ऊपर प्राण घातक हमला भी करा दिया गया है आपको बता दे की भागीरथी शुक्ला के ऊपर बीते दिवस रेलवे स्टेशन के पास प्राण घातक हमला हुआ था जिसमें तकरीबन दो दर्जन की संख्या में लगभग आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया था उन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपीय ने तो मुझे मरा समझ कर छोड़कर चले गए थे। मगर उन्हें समय पर संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिससे उनकी जान बच पाई है आपको बता दे कि बीते कुछ दिन पहले ही कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए भागीरथी शुक्ला जिसके बाद सेमरिया विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था प्रेस कॉन्फ्रेंस करके गंभीर आरोप लगाए थे। संजय गांधी अस्साल में होश में आते ही उनके द्वारा बताया गया कि जे सेमरिया विधायक के इशारे पर हमारे ऊपर प्राण घातक हमला हुआ क्योंकि मैं पार्टी छोड़कर कांग्रेस नेताओं को बेनकाब कर दिया इसके चलते हमारे ऊपर हत्या के उद्देश्य से हमला करवा दिया गया है। हालांकि हमले का पुलिस ने अब तक किसी भी प्रकार का खुलासा नहीं किया है पुलिस ने हवाला दिया था कि इस मामले की जांच की जारी है जांच के बाद जो भी तथ्य आएंगे उसे हिसाब से कार्रवाई की जाएगी अब देखना यह होगा कि पुलिस उनके बयान दर्ज कर आगे क्या कार्रवाई करती है ।

- पुलिस कर रही है लगाये जा रहे आरोपों की जांच

## छात्रावास पहुंची जांच टीम, निरीक्षण कर छात्रों से की बातचीत

### अनुसूचित जाति बालक छात्रवास में अव्यवस्थाओं का मामला

**सतना, देशबन्धु।** शहर के आदर्श नगर नई बस्ती स्थित अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में अव्यवस्थाओं से परेशान छात्र शुक्रवार की रात कलेक्टर बंगले पहुंच गए थे। मामले की जांच के लिए शनिवार को नायब तहसीलदार राजेश सिंह, राजस्व निरीक्षक बीरेश सिंह और ट्राइबल अधिकारी कमलेश्वर



सिंह की टीम छात्रावास पहुंची। छात्रों ने टीम को बताया कि वे विभिन्न कॉलेजों में पढ़ते हैं। हर कॉलेज की टाइमिंग अलग-अलग है। छात्रावास में गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिलता और साफ -सफाई का भी अभाव है। छात्रावास में 50 से अधिक छात्र रह रहे हैं। अधीक्षक विमल तिवारी को अभी तक ट्राइबल विभाग की ओर से कोई नोटिस नहीं दी गई है। ट्राइबल डीईओ कमलेश्वर सिंह ने बताया कि छात्रावास की व्यवस्थाओं की जांच के लिए तीन छात्रावास अधीक्षकों की एक समिति बनी हुई है। यह समिति समय-समय पर निरीक्षण करती है।

**हॉस्टल के खाने में कीड़े मिलने का आरोप:** शुक्रवार की रात्रि 12 बजे कलेक्टर बंगले पहुंचे छात्रों ने बोला था शिकायत करने पर धमकाते हैं बच्चों ने बताया कि कई बार उन्हें भूखे पेट सोने पर मजबूर होना पड़ता है। सतना के आदर्श नगर नई बस्ती स्थित पोस्ट मैट्रिक एससी छात्रावास में अव्यवस्थाओं से परेशान हैं।

#### 15 दिनों तक मॉनिटरिंग के निर्देश

बताया गया है कि जब छात्र कलेक्टर बंगले पहुंचे थे तो प्रशासन ने 15 दिनों तक छात्रावास की मॉनिटरिंग करने और व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को एक प्रशासनिक टीम छात्रावास का निरीक्षण भी किया और पूरे मामले में अलग-अलग बातचीत कर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को जांच सौंपेगी।

## कॉलेज के अंदर क्लास रूम में भोजपुरी गाने में छात्रा का डांस करने का वीडियो वायरल



**रीवा देशबन्धु।** हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक छात्रा कक्षा में भोजपुरी गाने पर नृत्य करती नजर आ रही है। इस मामले पर जब मऊगंज महाविद्यालय के प्राचार्य एस एल मिश्रा से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई गलत बात नहीं है, बच्चे हैं, उन्हें ऐसा करना चाहिए। प्राचार्य का यह बयान शिक्षा जगत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है और उनकी जिम्मेदारियों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है यह पहली बार नहीं है जब इस महाविद्यालय से इस प्रकार की लापरवाही की खबर सामने आई हो। प्राचार्य के कार्यकाल में पहले भी हनुमना महाविद्यालय का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें छात्र बीयर की बोतलें खोलते दिख रहे थे।

## ई आफिस के लिए ईमेल आईडी आज अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं: कलेक्टर

**रीवा देशबन्धु।** प्रशासनिक कार्यों तथा फाइलों के निराकरण के लिए ई आफिस प्रणाली लागू की जा रही है। इसके माध्यम से फाइलें ऑनलाइन एक विभाग से दूसरे विभाग तथा एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी के पास जाएंगी। डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से इनका निराकरण होगा। इसके लिए फाइलों पर टीप अंकित करने वाले अधिकारियों और कार्यालय सहायकों की ईमेल आइडी तैयार की जा रही है। ईमेल आईडी पर ही फाइलें प्राप्त होंगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को 31 मार्च तक ई आफिस व्यवस्था के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ई मेल आईडी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अधिकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके अपने कार्यालय को ई आफिस में ऑनबोर्ड कराने के लिए एम्पलाई मास्टर डाटा (ईएमडी) फाइल की एक्सल शीट जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को उपलब्ध कराएं। इसे मोबाइल नम्बर 8010903546 अथवा ई मेल एमपी आरईडब्ल्यू एट द रेट एनआईसी डॉट इन पर भी उपलब्ध कराया जा सकता है।

## धूमधाम और श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाई गई झूलेलाल जयंती



**रीवा देशबन्धु।** वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड्र देश विदेश में सिंधी समाज द्वारा बड़े धूमधाम और श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गयी है सिंधी समाज की प्रमुख संस्था पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के मार्गदर्शन में झूलेलाल जयंती के पावन पर्व पर रविवार को शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी कड़ी में सिंधु नव युवक मंडल के तत्वाधान में विशाल दो पहिया वाहन स्कूटर (बाइक) रैली निकाली गईजो किपिछले 31वर्षों से लगातारनिकाली जा रही हैं 30 मार्च रविवार को स्थानीय तोपखाना सिंधी कॉलोनी में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं और पुरुषों ने भगवान से झूलेलाल की पूजा अर्चना कर आरती में शामिल होकर विश्व कल्याण की आराधना की पूज्य सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह, भाई स्वरूप दास उदासी एवं सेंट्रल पंचायत के महासचिव व कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक शंकर सहानी ने पूरे सिंधी समाज को चेट्रीचंड्र की शुभकामनाएं दीं रैली के शुभारंभ कराने में किशनचंद्र खिलवानी, रमेश कुंजवानी, अशोक राजऋषि, कैलाश कोटवानी, नरेश काली, राजा आहूजा, गुलाब सहानी, मुकेश चेलानी, चंद्र कोटवानी, प्रमुख रुप से शामिल रहे। रैली में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने आयो लाल झूलेलाल और जेको चवंदो आदि शामिल रहे।



## मौलिक और परंपरागत अनाज है श्रीअन्न

### होटल भरहुत में हुई श्रीअन्न उत्पादों की प्रदर्शनी

सतना, देशबन्धु। कृषि विभाग ने शनिवार को मोटे अनाज के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने और श्रीअन्न उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए शनिवार को मिलेट्स ब्रांडिंग कम एग्जीबिशन गैलरी का आयोजन किया। सतना सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मिलेट प्रदर्शनी का उद्घाटन कर श्रीअन्न उत्पादों और उनसे बने व्यंजनों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि श्रीअन्न यानि मोटे अनाज हमारे देश का मौलिक और परंपरागत अनाज हैं। इससे बने व्यंजन तथा भोजन की पौष्टिकता और स्वाद लाजबाब होने के साथ ही व्यक्ति को स्वस्थ्य रखने में भी सहायक होते हैं। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में वर्ष 2023 को श्रीअन्न (मिलेट) वर्ष के रूप में मनाया गया। स्वस्थ्य भारत और मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए किसानों को मिलेट्स की ओर जाना होगा। गत वर्षों की तुलना में सतना और मैहर जिले में मोटे अनाजों की खेती निरंतर बढ़ रही है।

विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा कि मोटे अनाज हमारे किसानों के लिए पूर्व के वर्षों में प्राथमिकता की फसल रहा है। लेकिन बाद में बढ़ती हुई देश की आबादी और अन्य फसलों की अपेक्षा कम उत्पादन होने से धीरे-धीरे मिलेटस का अभाव होता गया। उत्पादन अच्छा हो और फसल की कीमत समानुपातिक रूप से अच्छी मिले तो किसान इसकी ओर प्रेरित होगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि राज्य मिलेटस प्रोत्साहन योजना के तहत मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को इस ओर प्रेरित करने मोटे अनाज (मिलेटस) की ब्रांडिग की जा रही है। प्रदर्शनी में ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, सांवा और रागी के बनने वाले उत्पाद और उनसे बनने वाले स्वादिष्ट पोषण युक्त व्यंजन रखे गए।

